आज का मौसम | 33.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.32 | सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्णा पक्ष षष्ठी 11:27 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 9 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 197, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# भारत तीसरी बार विश्व चैंपियन

## मेजबान टीम ने जीता टी-20 का खिताब, न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार

● जसप्रीत बुमराह ने 15 रन देकर चटकाए न्यूजीलैंड के चार विकेट

अहमदाबाद, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को चारों खाने चित कर तीसरी बार खिताब जीत लिया। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मेजबान टीम ने खिताब जीता हो। भारत ने पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड को 256 रन का लक्ष्य दिया। पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर ही आलआउट हो गई और उसे 96 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

आखिरी मैच में फॉर्म में लौटे अभिषेक शर्मा और लगातार भारत के 'मैच विनर' साबित हो रहे संजू सैमसन के अर्धशतकों की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को पांच विकेट पर रिकॉर्ड 255 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे अधिक रन टिम सिफर्ट ने 52 रन बनाए।

इससे पूर्व ईशान किशन ने 25 गेंद में 54 और शिवम दुबे ने आठ गेंद में नाबाद 26 रन बनाये। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझते रहे अभिषेक ने 21 गेंद में 52 रन बनाये जबकि सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा। उन्होंने लांग आन, लांग आफ और स्क्वेयर लेग के ऊपर से कुल आठ छक्के लगाकर खचाखच भरे दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

उन्होंने रचिन रविंद्र, लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की गेंदों की जमकर धुनाई करके मैदान के चारों ओर रन बनाये। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेलने वाले केरल के सैमसन ने एक और जबर्दस्त पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। वहीं कश्मीर से कन्याकुमारी तक आलोचकों के कोपभाजन बने अभिषेक ने आखिरकार अपनी प्रतिभा के दर्शन कराते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। उन्होंने 18 गेंद में 50 रन बनाये और छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर से नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को भांपने में गलती हुई और टीम चयन में वह चूक गए। उन्होंने आफ स्पिनर कोल मैकोंची को नहीं चुना जिन्होंने सेमीफाइनल में क्विंटोन डिकॉक और रियान रिकेलटन को आउट किया था। अभिषेक ने मैकोंची की जगह खेल रहे जैकब डफी की गेंद पर पांच चौके लगाये। डफी ने तीन ओवर में 42 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिली। हेनरी ने चार ओवर में 49 रन दिये और एक विकेट चटकाया। अंतिम ओवर में अभिषेक ने फर्ग्यूसन और हेनरी को छक्के लगाये।




गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

| भारत | न्यूजीलैंड |
|---|---|
| 255/5 | 159/10 |

### कब और किसने, कितनी बार जीता टी20 वर्ल्ड कप

- 2007 – भारत
- 2009 – पाकिस्तान
- 2010 – इंग्लैंड
- 2012 – वेस्टइंडीज
- 2014 – श्रीलंका
- 2016 – वेस्टइंडीज
- 2021 – ऑस्ट्रेलिया
- 2022 – इंग्लैंड
- 2024 – भारत
- 2026– भारत

### ये भारतीय बल्लेबाज रहे टॉप स्कोरर

| | रन | गेंद | छक्के | चौके |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 89 | 46 | 8 | 5 |
| ईशान किशन | 54 | 25 | 4 | 4 |
| अभिषेक | 52 | 21 | 3 | 6 |

### भारतीय पारी में बने खास रिकॉर्ड

- टीम ने 7 .2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी–20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है।
- भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था।
- सैमसन टी–20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

## ब्रीफ न्यूज

### एआई 10 से 18 तक नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें करेंगी संचालित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एअर इंडिया 10 से 18 मार्च तक नौ अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, पेरिस, कोलंबो और माले को जोड़ने वाले नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया ने बताया कि कंपनी अगले कुछ दिनों में यूरोप के पांच प्रमुख हवाई अड्डों के साथ-साथ न्यूयॉर्क के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी, साथ ही मालदीव और श्रीलंका के लिए भी अतिरिक्त सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन उड़ानों से दोनों दिशाओं में नौ मार्गों पर कुल 17,660 यात्री यात्रा करेंगे।

### पुलिस ने विदेश से जुड़े हथियार आपूर्ति गिरोह का किया भंडाफोड़

**कपूरथला।** पंजाब पुलिस ने हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसके फिलीपीन और यूएई के तस्करों से संबंध हैं और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया और उसके पास से पांच देसी पिस्तौल बरामद किया गया। इन हथियारों का इस्तेमाल क्षेत्र में गोलीबारी और जबरन वसूली जैसी गतिविधियों के लिए किया जाना था।

# 5000 महिलाओं को रोजगार प्रस्ताव

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई 38.49 करोड़ रुपये की डीबीटी सहायता
- महिला दिवस समारोह बना सम्मान सशक्तीकरण और रोजगार का संगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण का बड़ा मंच बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस रोजगार मेले के माध्यम से 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले।

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। इसमें साड़ी व वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी और मनोरमा मिश्रा को साड़ी तथा सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) और रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया, जिससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ा जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता और शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया।



लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 में महिला को नियुक्तिपत्र देते सीएम योगी।

### जल्द लांच होगी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लांच होगी, जिसके पहले चरण में स्नातक व परा स्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को लाभान्वित करेंगे। दूसरे चरण में धीरे-धीरे अन्य को भी इसका लाभ मिलेगा।

● पहले चरण में स्नातक व परास्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को मिलेगा लाभ

उन्होंने घोषणा की कि मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्रि से शुरू होगा। योगी ने महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा व संसद में भी 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी। मुख्यमंत्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल— ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है।

# राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त, बंगाल सरकार से मांगा जवाब

- मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति का कारण पूछा
- जिस रूट से वह गुजरी वहां थी गंदगी, वॉशरूम में पानी की कमी थी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रविवार शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित उल्लंघनों पर जवाब देने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है।

'ब्लू बुक' एक गोपनीय दस्तावेज है जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनके परिवारों की सुरक्षा और प्रोटोकॉल के नियमों की सूची है। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाईअड्डे के पास आदिवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में कम लोगों की उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की और बिधाननगर की जगह इस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने के फैसले को लेकर सवाल उठाया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के राज्य में आगमन के समय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी की कमी थी, जिसके लिए राज्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह भी पूछा गया है कि राष्ट्रपति को लाने के लिए चुने गए मार्ग पर गंदगी क्यों थी। पत्र में यह भी पूछा गया है कि दार्जिलिंग के जिलाधिकारी, सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जो इन उल्लंघनों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रतीत होते हैं।

### पश्चिम बंगाल की जनता घोर अपमान के लिए तृणमूल को माफ नहीं करेगी : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का अपमान करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया।

### प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं किया: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को जोर देकर कहा कि सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अगर कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी आयोजकों व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की है, जिसने कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराया था। उन्होंने तस्वीर को सबूत बताते हुए दावा किया, तस्वीर में दिख रहा है कि प्रधानमंत्री बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते। राष्ट्रपति का अपमान करने की संस्कृति भाजपा की है, हमारी नहीं। ममता ने कहा, हम राष्ट्रपति की कुर्सी और भारत के संविधान का पूरा सम्मान करते हैं, जिसे हम अपनी जननी मानते हैं, हमें दोष न दें।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से, हंगामेदार रहने के आसार

- विपक्ष की लोकसभा अध्यक्ष बिरला को हटाने की मांग पर होगी चर्चा
- तेल खरीद पर अमेरिका छूट व अन्य मुद्दों पर हमलावर रहेगा विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू होने वाले दूसरे चरण के हंगामेदार रहने की संभावना है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है, क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई छूट और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है।



इसके अलावा, चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के परिणाम, जिसके कारण लगभग 60 लाख नाम हटा दिए गए, का भी संसदीय कार्यवाही पर असर पड़ने की आशंका है। बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव कई विपक्षी नेताओं द्वारा लाया गया है, जिन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने सदन में स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया। उन्होंने अध्यक्ष पर लोकसभा में कुछ अप्रत्याशित कार्रवाई की बात करते हुए कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ कुछ झूठे दावे कर प्रधानमंत्री मोदी से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए सदन में न आने का अनुरोध करने का भी आरोप लगाया था। बिरला ने नोटिस प्रस्तुत किए जाने की तारीख से सदन की कार्यवाही से खुद को अलग कर लिया था, लोकसभा सचिवालय ने कहा था कि वह एजेंडा के निपटारे के बाद ही लौटेंगे। प्रधानमंत्री ने बिरला का समर्थन करते हुए कहा कि वह सभी सांसदों को साथ लेकर चले हैं।

**बदलाव** | राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया, 165 सीट में से 120 सीट पर जीत हासिल की

# बालेंद्र की आरएसपी ने रचा इतिहास, ऐतिहासिक जीत दर्ज की

काठमांडू, एजेंसी

रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नेपाल के आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है, जिससे राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया हो गया है।



नेपाल के निर्वाचन आयोग के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित इस पार्टी ने उन 165 सीट में से 120 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी आठ अन्य सीट पर आगे है। निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक 165 सीट में से 152 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री के पद से हटाए गए केपी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने केवल सात सीट जीती हैं और तीन सीट पर आगे है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) सात सीट पर विजयी रही और श्रम संस्कृति पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है और एक पर आगे है जबकि राष्ट्रीय प्रजापति पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है।

जीतने वालों में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आरएसपी ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों के सभी 15 निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया है। बालेन के नाम से मशहूर आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार 35 वर्षीय बालेंद्र शाह ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोट के भारी अंतर से हराया।

बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जनता और सरकार को दी बधाई

भारत इस चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की जनता और सरकार को चुनाव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपने नेपाली बहनों और भाइयों को इतने जोश के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते देखकर खुशी महसूस हो रही है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि एक घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत, नेपाल के लोगों तथा उसकी नयी सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

न्यूज ब्रीफ

## राष्ट्रपति, लोस अध्यक्ष पद का राजनीतिकरण ठीक नहीं: मायावती



**अमृत विचार, लखनऊ:** बंगाल में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अपमान और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरोध मामले को बसपा प्रमुख मायावती ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय संविधान की भावना के अनुसार सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और उसके प्रोटोकॉल का भी ध्यान रखना जरूरी है। इस पद का किसी भी तरह से राजनीतिकरण करना सही नहीं है। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर जारी बयान में कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी आती हैं, लेकिन हाल ही में वेस्ट बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो घटनाएं हुईं, वे नहीं होनी चाहिए थीं। आगे कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पद का जिस तरह राजनीतिकरण किया जा रहा है, वह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका सम्मान करना चाहिए। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र देश और जनहित के मुद्दों पर सुचारु रूप से चलेगा। यही जनता की अपेक्षा और समय की मांग भी है।

## 60 से अधिक महिलाओं ने किया 'लखनऊ दर्शन'

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष 'लखनऊ दर्शन' यात्रा का आयोजन किया गया है। उप्र. स्टेट टूरिज्म डवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा आयोजित इस विशेष भ्रमण में डॉक्टर, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर और गृहणियों सहित 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा समाज को जोड़ने और सशक्तिकरण का संदेश देने का माध्यम बन रही है। महिलाओं का योगदान राष्ट्र की शक्ति है और उनका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। रविवार सुबह शुरू हुई इस यात्रा में महिलाओं ने शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा भवन और रेजीडेंसी सहित कई स्थानों का भ्रमण प्रतिभागियों के लिए खास आकर्षण रहा। यात्रा के दौरान गाइड ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना उदादेवी की वीरगाथा भी सुनाई, जिसने प्रतिभागियों को इतिहास से रूबरू कराया।

## जन भवन में हुआ 200 महिलाओं का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई करीब 200 महिलाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस, सेना, प्रशासन, शिक्षा, ग्राम प्रधान, कृषि उत्पादन संगठनों, राजकीय बाल संरक्षण गृह, समाज सेवा और विभिन्न उद्यमों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कई महिला उद्यमियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत शुरू किए गए अपने व्यवसायों और नवाचारों की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच रखना आवश्यक है और चुनौतियों के बीच समाधान का मार्ग तलाशना चाहिए।

## कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में एप्स्टीन फाइल्स के खुलासे में यौन शोषित मासूम बच्चियों की क्रूरता से की गई हत्या मामले में रविवार को कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज कराया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर मृतक बच्चियों को मार्च निकाल कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च का नेतृत्व उप्र. महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने किया। कैंडल मार्च में मध्यजोन की ही उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा सहित सैंकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# प्रकृति की सच्ची संरक्षिका और सृजन का जीवंत रूप नारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अमृत विचार में जुटी नारी शक्ति ने की समाज में अपनी भूमिका पर बात

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ने वाली महिलाओं ने समाज में अपने स्थान और भूमिका पर मजबूती से अपनी बात रखी।

गांव में महिलाओं की स्थिति पर बात की गई तो शहर में बच्चों की पिज्जा, मोमोज और अन्य फास्टफूड की तरफ बढ़ती दिलचस्पी के कारणों पर भी पक्ष रखा गया। महिलाओं ने कहा कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उनके बेहतर खानपान पर ध्यान रखना भी माताओं की जिम्मेदारी है।

प्रकृति के संरक्षण पर उन्होंने कहा कि आरओ से निकलने वाले वेस्ट वाटर का पेड़ पौधों में इस्तेमाल किये जाने, पर्यावरण को बचाने के लिए उनके द्वारा किये जाने वाले उपायों के साथ-साथ महिलाओं ने बताया कि बच्चों के लिए मां ही पहली शिक्षक होती है। मां ही सिखा सकती है कि नल को खुला मत छोड़ो। ब्रश करो तो उतनी ही देर पानी खोलो जितनी देर जरूरत है क्योंकि पानी बहुत बड़ी नेमत है और इसे हर हाल में बचाकर रखना होगा।


एक महिला ने कहा कि कई बार महिलाओं के पहनावे पर सवाल उठते हैं। कहा जाता है कि महिला सही तरह से कपड़े पहने तो हालात बेहतर हो सकते हैं। इसके जवाब में महिलाएं ही सवाल उठाने लगती हैं कि छह साल की बच्ची से रेप की घटना हो जाती है तो उसमें पहनावा कहां बीच में आया लेकिन यह सब बातें अपनी जगह, बेहतर होगा कि अगर किसी महिला का पहनावा सही न हो तो दूसरी महिला ही उसे टोक दे। महिला शिक्षा पर भी बात हुई।

# मुख्यमंत्री ने बढ़ाया महिलाओं-बेटियों का हौसला

## कहा, आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर चुनकर जाएंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लॉन्च होगी साथ ही मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्र से शुरू करने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करने के साथ पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल—ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की। इसके बाद मातृवंदना योजना समेत कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जोड़ा गया, जिससे देश और प्रदेश की बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी और श्रम विभाग की लघु फिल्म का भी अवलोकन किया तथा विभिन्न योजनाओं से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, अनिल राजभर, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी नन्ही शानवी गुप्ता को टेडी बियर भेंट किया। उन्होंने अन्य बच्चियों से बातचीत कर पूछा आगे क्या बनना चाहती हैं।

### बेटी के जन्म से शिक्षा तक सरकार का सहारा

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है और वर्तमान में प्रदेश की लगभग 27 लाख बेटियां इसका लाभ ले रही हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार अब एक विवाह पर लगभग एक लाख रुपये खर्च कर रही है और अब तक चार लाख से अधिक बेटियों के विवाह में सरकार ने सहयोग दिया है।

### बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की धरती पर जगह नहीं

- योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। कर्फ्यू, दंगा, पलायन, दुर्व्यवस्था, अराजकता यूपी की पहचान बन गए थे। यूपी के कई जनपदों में अभिभावक बेटियों को स्कूल नहीं भेजते थे, यदि बेटी को पढ़ाना है तो यूपी के बाहर हॉस्टल या रिश्तेदार के यहां भेज देते थे। लेकिन अब यूपी की हर बेटी खुद को सुरक्षित महसूस करती है। आज बेटियां स्कूल जा रही हैं। कोई डर-संकोच नहीं, सुरक्षा सरकार के जिम्मे है। शोहदों के इलाज के लिए यूपी पुलिस में 20 फीसदी बेटियों की भर्ती की गई। सीएम ने दो-टूक कहा कि बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को इस धरती पर जगह नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां बिना डर के स्कूल-कॉलेज जा रही हैं। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि यदि कोई शोहदा बेटियों की सुरक्षा में बाधा बनेगा तो "अगले चौराहे पर उसका टिकट काटने के लिए यमदूत तैयार बैठे हैं।" इस बयान पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को सम्मानि करने के साथ अन्य महिलाओं-बेटियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया।

### योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया 600 महिला उद्यमियों से संवाद

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी मंडल के वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर जनपदों की 600 से अधिक महिलाएं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद किया। जौनपुर की दुर्गा मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं के तहत एफपीओ बनाकर किसानों की मदद की है। वह 'ड्रोन दीदी' के रूप में भी कार्य कर रही हैं और उद्योग विभाग से ऋण लेकर नमकीन बनाने की फैक्ट्री स्थापित की है, जिससे अन्य महिलाओं को भी रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब जौनपुर की इमरती के साथ आपकी नमकीन भी खानी पड़ेगी। वाराणसी की सीता देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से ई-रिक्शा चलाना शुरू किया। शुरुआत में लोगों के ताने सुनने पड़े, डर भी लगा, लेकिन अब वह आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उन्होंने क्षेत्र की करीब 250 महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया है। मुख्यमंत्री ने उनके साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। दौली की सोनी कुमारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे फूलों की खेती करती हैं और महिला समूहों के माध्यम से अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से धूपबत्ती और अगरबत्ती बनाने जैसे कार्यों के माध्यम से आय बढ़ाने के सुझाव दिए। गाजीपुर की प्रमिला देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्राथमिक विद्यालय में रसोइया हैं और सरकार की कई योजनाओं से लाभान्वित हैं। उन्हें विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ, कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और राशन कार्ड का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में भी जानकारी ली और उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया।

सफलता की कहानी

### बेकरी खोल प्रभनूर खुद बनीं आत्मनिर्भर, दे रहीं रोजगार

- अमृत विचार, लखनऊ: 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनता जा रहा है। इसी योजना के सहारे कानपुर की प्रभनूर कौर ने अपने शौक को व्यवसाय में बदलते हुए सफल बेकरी कारोबार खड़ा किया और अन्य महिलाओं को भी रोजगार देने का अवसर प्रदान किया। प्रभनूर कौर पहले रिश्तेदारों और मित्रों के लिए केक बनाती थीं। इस काम को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने दिल्ली और बेंगलुरु में बेकरी वर्कशॉप भी की। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। जिला उद्योग केंद्र, कानपुर से मार्गदर्शन लेकर उन्होंने योजना के तहत 4.25 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त किया और आधुनिक मशीनों व ओवन की खरीद कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। 13 अप्रैल 2025 को बैसाखी के दिन उन्होंने 'स्वीट स्कल्प बाय कौर्स' नाम से बेकरी स्टूडियो की शुरुआत की। आज उनके यहां कस्टमाइज्ड केक तैयार होते हैं और लखनऊ व गोंडा सहित अन्य जनपदों से भी ऑर्डर मिलने लगे हैं।

### मैकरोनी-पास्ता कारोबार से 10 लोगों को रोजगार दे रहीं रचना

- अमृत विचार, लखनऊ: दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर लखीमपुर-खीरी की रचना अग्रवाल ने स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी लिखी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई। संतोषनगर निवासी रचना अग्रवाल ने वर्ष 2024 में इस योजना के तहत आवेदन किया, जिसके अंतर्गत उन्हें 25 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपने पति के सहयोग से लखीमपुर-खीरी में मैकरोनी और पास्ता निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में चुनौतियां जरूर आईं, लेकिन मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने अपने उद्यम को मजबूत आधार दिया। आज उनका यह कारोबार न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि 10 अन्य लोगों को रोजगार भी दे रहा है। रचना को यह ऋण इंडियन बैंक के माध्यम से प्राप्त हुआ और आवेदन प्रक्रिया में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) तथा बैंक अधिकारियों का भी सहयोग मिला। रचना अग्रवाल बताती हैं कि योजना के तहत उन्हें ऋण राशि पर 35 प्रतिशत सब्सिडी भी मिली, जिससे व्यवसाय स्थापित करने में बड़ी मदद मिली। उनका मानना है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाया जाए तो मध्यम वर्ग के लोग भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### महिलाओं के सशक्तिकरण से ही मजबूत होगा राष्ट्र व समाज : केशव प्रसाद मौर्य

- अमृत विचार, लखनऊ/कौशाम्बी : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नारी शक्ति को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मातृशक्ति सृजन, संवर्धन और उन्नत समाज की आधारशिला है। नारी ही संस्कृति को संजोती है, सभ्यता को आगे बढ़ाती है और राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है। समाज और परिवार के निर्माण में महिलाओं का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को जारी संदेश में कहा कि आज महिलाओं से राष्ट्र को नई सोच, नई दिशा और नई ऊर्जा प्राप्त हो रही है। कौशाम्बी में मौर्या ने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की 'दीदियाँ' आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन रही हैं। कौशाम्बी में आयोजित दो दिवसीय सरस महोत्सव में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के महिला लाभार्थियों को करोड़ों रुपये की सहायता राशि वितरित की। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 137 लाभार्थियों को 1.64 करोड़ रुपये का डमी चेक-स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

### अवसर मिले तो देश के विकास में अहम होगी महिलाओं की भूमिका : डिंपल

- **अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोलई गांव में आयोजित महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सपा सांसद डिंपल यादव ने विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनी वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि यदि महिलाओं को उचित अवसर और सहयोग मिले तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। लागन उद्यमी महिला फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित समारोह में सपा सांसद ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाली महिलाएं समाज की असली ताकत हैं। फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

जनसुनवाई

नोएडा में आज नियामक आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष रखेगा उपभोक्ता परिषद

# यूपी में जनसहभागिता से तय की जाएंगी बिजली की दरें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली दरों के निर्धारण को लेकर सोमवार को ग्रेटर नोएडा में अहम जनसुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे से यह जनसुनवाई आयोजित करेगा, जिसमें बिजली कंपनियों के प्रस्तावों और उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

जनसुनवाई में निजी क्षेत्र की पहली बिजली कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) तथा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। उत्तर



प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस जनसुनवाई के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा नोएडा पहुंचकर आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखेंगे। परिषद का कहना है कि बिजली कंपनियां पिछले दरवाजे से दरों में बढ़ोतरी की कोशिश कर रही हैं, जिसे सातवें वर्ष भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। परिषद का दावा है कि वर्तमान में बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये सरप्लस है। ऐसे में अगले पांच वर्षों तक बिजली दरों में बढ़ोतरी का कोई औचित्य नहीं बनता। परिषद का कहना है कि जब कंपनियों के पास पर्याप्त अधिशेष राशि मौजूद है, तब उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं होगा।

**ये प्रमुख मुद्दे उठेंगे**

- बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों का प्रस्ताव
- बिजली कंपनियों के पास 51 हजार करोड़ रुपये अधिशेष राशि का मुद्दा
- प्रदेश में लागू किए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतें
- स्मार्ट मीटर के साथ लगे चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग
- नोएडा-गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन से जुड़ी समस्याएं
- मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद
- बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य मुद्दे

जनसुनवाई में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर भी उपभोक्ताओं की नाराजगी प्रमुख मुद्दा बनेगी। परिषद का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल नेगेटिव आ रहे हैं। वहीं जो उपभोक्ता समय से बिल जमा करते रहे हैं, वे भी अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद रिचार्ज कराने से बच रहे हैं। परिषद ने आरोप लगाया है कि कई स्थानों पर उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए और कनेक्शन को प्रीपेड में बदल दिया गया, जो उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है। परिषद ने यह भी सवाल उठाया है कि स्मार्ट मीटर के साथ लगाए गए चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है।

जनसुनवाई में नोएडा और गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन, मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद, बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य गंभीर मुद्दों को भी आयोग के समक्ष उठाया जाएगा। परिषद का कहना है कि जनसुनवाई में उपभोक्ताओं की समस्याओं को पूरी मजबूती के साथ रखा जाएगा, ताकि बिजली दरों के निर्धारण में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का यूपी चैप्टर शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नीति आयोग की पहल
- मेंटरशिप, वित्त और बाजार से जुड़ाव के नए अवसर मिलेंगे

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को महिला उद्यमिता को नई दिशा देने के लिए लखनऊ में वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर शुरू किया गया। नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों के लिए एक मजबूत और एकीकृत मंच तैयार करना है, जिससे उन्हें व्यवसाय के विस्तार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन, संसाधन और नेटवर्किंग उपलब्ध हो सके।

प्रसिद्ध महिला उद्यमी और समृद्धि क्रिएशन की संस्थापक सुष्मिता दत्ता ने यूपी स्टेट चैप्टर का उद्घाटन किया। गोमती नगर के विभूति खंड स्थित रोहतास समिट बिल्डिंग में यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड के अंतर्गत इस स्टेट चैप्टर का कार्यालय स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से प्रदेश की महिला उद्यमियों को मेंटरशिप, वित्तीय सहायता, बाजार से जुड़ाव, नियामकीय सहयोग और नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे अपने उद्यम को मजबूत कर सकें।

नीति आयोग की वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म पहल देशभर में महिला उद्यमियों के लिए एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### 14 मार्च को होगा होली मिलन समारोह

**कानपुर देहात।** हर साल की तरह इस बार भी अकबरपुर के सिंह लॉन में होली मिलन समारोह 14 मार्च को होगा। कार्यक्रम की आयोजिक नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली सिंह ने बताया कि सांसद देवेंद्र सिंह भोले समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व विधायक विनोद कटियार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला व राजेश तिवारी विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह गुड्डन समारोह का संचालन करेंगे।

### मेला कमेटी का गठन बबलू बने उपाध्यक्ष

**कानपुर देहात।** आम्बेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को अकबरपुर के शुक्ल तालाब मैदान पर होने वाले मेले की आयोजन समिति का गठन हुआ है। अध्यक्ष शिववीर बने हैं जब कि सपा के जिला सचिव इंद्रजीत संखवार 'बबलू' समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। मनोनयन के बाद समर्थकों ने फूल मालाओं से पदाधिकारियों का स्वागत किया। कमेटी कोषाध्यक्ष रामेश्वर दयाल, मेला संरक्षक डॉक्टर शिव शंकर विद्यार्थी, संगठन महा महामंत्री शिवम कमल, मेला प्रभारी रणविजय सिंह, हनुमंत सिंह आदि मनोनीत हुए हैं।

### गर्म तेल गिरने से युवती झुलसी

**रसूलाबाद।** राना इटाहा निवासी पूजा 19 पुत्री रामआसरे रविवार को घर में मोमोज बना रही थी। इसी दौरान गर्म तेल से भरी कढ़ाई अचानक उसके ऊपर गिर गई जिससे पूजा झुलस गई, परिजन आनन फानन सीएचसी ले गए वहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने इलाज किया।

### महिला की तहरीर पर एफआईआर दर्ज

**रसूलाबाद।** भीमसेन पुरवा निवासी एक महिला ने गांव के ही दो लोगों के विरुद्ध हसिया से मारने पीटने और शोरगुल करने पर गांव वालों के दौड़ने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुनीता देवी पत्नी प्रधान सिंह ने पुलिस को बताया कि गत 4 मार्च को शाम 3 बजे गांव के ही कुलदीप कुमार व उनके भाई दिलीप कुमार उसके दरवाजे जाकर उसे अपशब्द कहने लगे। इस पर उसके पुत्र गौरव कुमार ने मना किया तब उन लोगों ने उसे घर में घुसकर मारा पीटा और हसिया से वार कर दिया शोर गुल करने पर वे लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए।

### हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** रूरा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। 5 मार्च को शुभम शुक्ला पुत्र कृष्णचन्द्र निवासी ग्राम तिगाईं थाना रूरा ने मुकदमा कायम कराया था। बताया कि चार मार्च को शाम को उसके परिवार के पेट्रोलपंप एसडी फिलिंग स्टेशन, तिगाई पर आरोपियों द्वारा एक साथ आकर गाली-गलौज कर पेट्रोलपंप में तोड़फोड़ की। इसके बाद सेल्समैन लालू सिंह गौर को धमकाते हुए पंप पर बिक्री के 1370 रुपये छीनकर धमकाते हुए भाग निकले। एक आरोपी विवेक फौजी द्वारा तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया गया। थाना रूरा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी विवेक कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह यादव निवासी ग्राम अहिरन गढ़ेवा थाना रूरा को गिरफ्तार किया गया।

## 3 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रसूलाबाद।** पिम्मा निवादा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही तीन लोगों के विरुद्धघर में घुसकर मारपीट करने और बचाव को आए दो लोगों को धारदार हथियार से मारकर घायल करने व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रमाकांत ने पुलिस को बताया कि गत 4 मार्च रात 9:30 बजे गांव के ही श्याम सिंह अमित व प्रिंस उसके दरवाजे आकर उसे अपशब्द कहने लगे विरोध करने पर मारने पीटने लगे तब वह घर के अंदर भागा तो वहां भी उसे मारा पीटा। बचाव को आए लकी व उसके पुत्र शिवम को भी मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के दौड़ने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

# अनदेखी से दुर्दशा का शिकार हो गए गांवों के अमृत सरोवर

संवाददाता, रसूलाबाद




भौंरा ग्राम में सूखा पड़ा अमृत सरोवर, टूटी पड़ी बेंच अमृत विचार

**अमृत विचार:** भूमिगत जल स्तर को संतुलित रखने व पशु पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गांव स्तर पर अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया था। ब्लॉक रसूलाबाद में इस योजना के तहत 15 अमृत सरोवरों का निर्माण हुआ था। अनदेखी के चलते तालाब गांव-गांव सूखे पड़े हुए है। इसके साथ है इन सरोवरों के चारों ओर रखी हुई पत्थर की कुर्सियां भी क्षतिग्रस्त पड़ी हुई हैं। जिससे साफ तौर पर इन सरोवरों की देखने की जिम्मेदार लोगों की अनदेखी नजर आ रही है।

रसूलाबाद विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौंरा में लाखों रुपए की लागत से निर्मित अमृत सरोवर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है ।सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए अमृत सरोवर सूखा पड़ा हुआ है। सरोवर के चारों तरफ गंदगी व झाड़ झंखाड़ उग आए है। तालाब की देखभाल न होने से तालाब के किनारे बैठने के लिए पड़ी कुर्सियां भी टूट गई है । निर्माण के दौरान तालाब के चारों तरफ जाली घेरने के साथ ही टहलने के लिए आने जाने वाले लोगों के बैठने एवं झंडा रोहण का भी स्थान बनाया गया था । लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते इन सब की दुर्दशा है।

साफ सफाई न होने से चारों तरफ बड़ी-बड़ी झाड़ियां एवं घास खड़ी हुई है। लाखों की लागत से बना अमृत सरोवर ग्राम प्रधान व अधिकारियों की अनदेखी के चलते निष्प्रयोज्य बनकर रह गया है। तालाब सूखा होने के कारण न तो जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा हो रहा है और न ही ग्रामीणों को सरकार की योजना का लाभ मिल पा रहा है। अनेक ग्रामीणों ने अधिकारियों से अमृत सरोवर की साफ सफाई कराकर उसमें पानी की स्थाई व्यवस्था करने की अपील की है ताकि सरकार की योजना का उद्देश्य पूरा हो सके और गर्मियों में पशु पक्षियों सहित आम जन मानस को राहत मिल सके अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया अमृत सरोवर केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएगा। इस संबंध में ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार पांडेय ने बताया कि लगभग 16 लाख की लागत से अमृत सरोवर का निर्माण हुआ था। गांव के लड़कों ने एक-दो बेंचें तोड़ दी हैं। अब गर्मी मौसम प्रारंभ हो गया है शीघ्र ही तालाब भरवाया जायेगा

# संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटका मिला युवक का शव

## सिकंदरा थाना क्षेत्र के रोहिनी गांव का मामला, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार:** सिकंदरा थाना क्षेत्र के रोहिनी गांव में रविवार सुबह एक युवक का शव खेत में पेड़ से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



कपिल।

थाना क्षेत्र के रोहिनी गांव निवासी लालाराम का 30 वर्षीय पुत्र कपिल रविवार सुबह गांव के बाहर खेतों में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ से अपनी शर्ट के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला। सुबह करीब 9 बजे ग्रामीणों और परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सिकंदरा पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित किए गए।

पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता लालाराम, मां और पत्नी अनुपम का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पुत्र आर्यन और पुत्रियां अंशिका व वंशिका को छोड़ गया है। सिकंदरा थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### घर के भीतर फंदे से लटका मिला बैंड मास्टर का शव

**रसूलाबाद :** रसूलाबाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कपराहट के बड़ा गांव में रविवार को 25 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बड़ा गांव निवासी 25 वर्षीय राजा बाबू पुत्र स्व दयाशंकर घर के अंदर अंगोछे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। वह शादी विवाह के कार्यक्रमों में बैंड बाजा बजाकर अपना जीवन यापन करता था। रविवार दोपहर उसने घर के अंदर गमछे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने तलाश की। घर के अंदर उसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला। जिसे देखकर परिवार में चीख पुकार मच गई। राजा बाबू के माता पिता का निधन पहले ही हो चुका था। घर में उसका भाई शिवमंगल ही उसके साथ रहता था। भाई की मौत से शिवमंगल का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की खबर मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक शिव नारायण सिंह ने बताया कि अभी घटना के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। कहिंजरी चौकी प्रभारी प्रवीण कृष्ण मिश्रा ने बताया कि वह बाहर दबिश में है किंतु यूपी 112 डायल पर आत्महत्या करने की सूचना मिली है। परिजनों ने अभी इस संबंध में कोई लिखित जानकारी नहीं दी है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हिट एंड रन**

- रनियां में हाईवे पर हुआ हादसा, सचेंडी का रहने वाला था अमित
- मोटर साइकिल से आया था बेहटा गांव, लौटते समय टक्कर मार कर भागा वाहन

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार:** रनियां में हाईवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने खोजबीन के बाद मिले मोबाइल नंबर पर परिजनों को सूचना दी। जानकारी पर मृतक के घर में कोहराम मच गया।

कानपुर नगर के सचेंडी गांव निवासी अमित कुमार उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र शनिवार को बाईक से बेहटा कानपुर देहात गया था। वहां से देर रात घर वापस लौटते समय सिकंदरा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रनियां थाने के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे अमित बाईक से उछलकर सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। इस बीच टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर मृतक की मां जय देवी, पत्नी अंजलि का रो रोकर बुरा हाल था। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि शव को पीएम के लिए भिजवाया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## घर में घुसकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव चंदा निवादा निवासी एक महिला ने गांव के ही पांच लोगों के विरुद्ध चार मार्च की रात 9 बजे दरवाजे आकर अपशब्द कहने और उसके घर में अंदर चले जाने पर नशे की हालत में लाठी डंडों से लैस होकर घर में घुसकर मारपीट करने शोरगुल करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चले जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। चंदा निवादा निवासी अनीता पत्नी धीरू ने पुलिस को बताया कि गत गांव के ही दबंग सुभाष दोहरे, विकास , पवन, शिवम व गोलू उसके दरवाजे आकर उसे अपशब्द कहने लगे। तब वह घर में घुस गई । इस पर नशे की हालत में घर में घुसकर लाठी डंडों से उसे व घर वालों को मारा पीटा । शोर गुल सुनकर दौड़े ग्रामीणों के आने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस पर वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आई है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया के मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है।

# किसान के साथ मारपीट, मोबाइल और 40 हजार छीनने का आरोप

संवाददाता, रसूलाबाद

- बहन के यहां पैदल जा रहे थे घाटमपुर निवासी महावीर

**अमृत विचार:** बहन के यहां पैदल जा रहे घाटमपुर निवासी एक किसान को चार अज्ञात लोगों ने घेर कर मारा पीटा। आरोप है कि मारपीट के दौरान किसान की जेब रखे 40 हजार रुपए व मोबाइल छीन लिया गया। घायल का इलाज सीएचसी में किया जा रहा है। किसान ने अभी तक मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी है।

बेहटा घाटमपुर निवासी किसान महावीर शर्मा 60 वर्ष ने बताया कि वह अपनी बहन मनका देवी पत्नी राजाबाबू के घर तारानगर भारामऊ शनिवार शाम को जा रहा था। सवारी वाहन से मिंडा कुआं में उतरने के बाद वह पैदल भवनपुर होते हुए तारानगर जा रहा था। इसी दौरान भवनपुर भारामऊ के बीच हमीरपुर बंबा के पास चार अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया और लाठी डंडों से मारपीट करते हुए जेब में भैंस खरीदने के लिए रखे 40 हजार रुपये ,मोबाइल व एक बैग जिसमें उसके कपड़े आदि थे छीन लिए।



सीएचसी में घटना की जानकारी देते किसान महावीर शर्मा। अमृत विचार

रविवार की सुबह राहगीरों ने मामले की सूचना तारानगर निवासी उसकी बहन को दी। तब रिश्तेदार उसे लेकर सीएचसी पहुंचे वहां ईएमओ डॉक्टर शैलेंद्र कुमार यादव ने इलाज शुरू किया। इस संबंध में अपराध निरीक्षक धीरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है और न ही इस आशय की कोई तहरीर थाने में प्राप्त है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध सभी मिल-जुलकर उठाएं आवाज

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को मुर्रा गांव में जय बाला जी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा दहेज प्रथा एवं लैंगिक भेदभाव के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सूर्या फाउंडेशन के प्रकल्प 'आदर्श गांव योजना' के अंतर्गत आयोजित हुआ।



जागरूकता कार्यक्रम के बीच बालिकाओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति। अमृत विचार

कार्यक्रम में पहुंचे वक्ताओं ने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप है, जिसे समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने बेटा-बेटी में समानता का संदेश देते हुए बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा समाज को जागरूक करने के लिए विभिन्न नारे लगाए। साथ ही उपस्थित लोगों को दहेज न लेने और न देने तथा बच्चों में किसी प्रकार का भेदभाव न करने की शपथ भी दिलाई गई। महिलाओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रीति (अध्यक्ष), पायल देवी, संजू, विमला, नीलम, स्वाति यादव एवं काव्या सहित कई महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अशोक कुमार, गोपाल एवं सावन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए महिलाओं को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक सोच विकसित होती है और महिलाओं को सशक्त बनने की प्रेरणा मिलती है।

# महिला अफसरों ने केक काटकर मनाया जश्न

कार्यलय संवाददाता, कानपुर देहात

- स्पोर्ट्स स्टेडियम माती में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम माती में नीलिमा यादव अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, शालिनी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मुख्यालय, सुरभी शर्मा उप जिलाधिकारी अकबरपुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला क्रीडा अधिकारी एवं समस्त महिला कार्मिकों द्वारा केक काटकर बड़े उल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिले की महिला उपजिलाधिकारी, जिला क्रीडा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला युवा अधिकारी एवं समस्त महिला अधिकारियों व कार्मिकों की पैदल वॉक प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली निकाली गई।

### सौ मीटर दौड़ में अव्वल रहीं हिमांशी, पाया पुरस्कार

**कानपुर देहात।** महिला दिवस के अवसर पर माती में एथलेटिक्स का आयोजन हुआ। 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के अलावा योगा, पैदल चाल आदि प्रतियोगिताएं हुई। इनमें अंडर 13, 13-18 तथा 18 से अधिक आयु की महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया। एसडीएम शालिनी उत्तम, सुरभि शर्मा, नीलिमा यादव तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव द्वारा संयुक्त रूप से विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 100 मीटर हिमांशी शाहू प्रथम, दीक्षा द्वितीय, खुशबू तृतीय रही जब कि 200 मीटर में हिमांशी शाहू प्रथम, दीक्षा द्वितीय, लक्ष्मी तृतीय रही। 400 मीटर दौड़ में लक्ष्मी प्रथम, खुशबू द्वितीय और शिवांगी गौतम तीसरे स्थान पर रहीं। विजय कुमार गुप्ता, पारुल, वैभव त्रिपाठी, सतीश निर्णायक रहे। अध्यापिका मृदुला तिवारी, योग प्रशिक्षिका किरन गुप्ता ने व्यवस्थाएं देखीं।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को भेंट किए उपहार

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सीएचसी रसूलाबाद के डॉक्टर ने उत्कृष्ट काम करने के लिए संगिनी व आशा कार्यकर्ता को उपहार देकर प्रोत्साहित किया।

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दीपक कुमार गुप्ता के निर्देश पर सीएचसी के ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य ने कस्बा रसूलाबाद की संगिनी अर्चना दीक्षित व आशा कार्यकर्ता मनोरमा पांडेय को उपहार देकर प्रोत्साहित किया।

डॉक्टर सौरभ शाक्य ने बताया कि आशा कार्यकर्ता




आशा कार्यकर्ता मनोरमा पांडेय को उपहार भेंट कर किया सम्मानित।

- रसूलाबाद सीएचसी में मनाया गया कार्यक्रम

मनोरमा पांडेय ने शासन द्वारा दिए गए सभी लक्ष्य को समय पूरे किए और उनके कार्य क्षेत्र में सभी गर्भवती व गर्भधात्री का नियमित परीक्षण आशा मनोरमा पांडेय द्वारा समय पर सीएचसी लाकर कराया जाता है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

**कलेक्ट्रेट में हुए कार्यक्रम में मेधावी बालिकाओं और महिलाओं को किया सम्मानित**

# नारी के सम्मान के बिना नहीं संभव सुखद परिवार की कल्पना

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें श्रष्टि के सृजन से लेकर देश व समाज के विकास तक नारी शक्ति के योगदान पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा नारी के सम्मान के बिना सुखद परिवार या समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। देवता भी वहीं बसते हैं, जहां नारी का सम्मान किया जाता है।






मेधावी छात्रा का सम्मान करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष व अधिकारी। दौड़ में अच्छा प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को मिला सम्मान।

कलेक्ट्रेट सभाकार में यूपी का अभिमान-मातृशक्ति उदीयमान कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में मेधावी बालिकाओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी ने दीप प्रज्जवलन कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य व कोविड योजना के अंतर्गत कक्षा-10 एवं कक्षा-12 में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिका लाभार्थियों ,बाल विवाह रोकथाम में अपेक्षित सहयोग हेतु बालिकाओं तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र, पौधे एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महिला 'सशक्तिकरण' से तात्पर्य किसी व्यक्ति की उस क्षमता से है, जिससे उस व्यक्ति में वह योग्यता आ जाती है, जिसमें वो अपने जीवन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले सके, और खुद के बारे में उचित और अनुचित न्याय कर सके।

महिला सशक्तिकरण में भी हम उसी क्षमता की बात कर रहे हैं, जहां महिलाएं परिवार और समाज के सभी बंधनों से मुक्त होकर अपने निर्णयों की निर्माता खुद हों। डीएम कपिल सिंह ने अपने उद्बोधन में समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए महिला सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल महिलाओं के लिए बल्कि पूरे समाज के विकास के लिए भी लाभकारी है। जब महिलाएं शिक्षा प्राप्त करती हैं, रोजगार पाती हैं और निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होती हैं, तो परिवार और समाज दोनों में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कमरे की कुंडी काट कर चोरों ने पार किया लाखों का सामान

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के टिकरा चौकी के अंतर्गत तिवारीपुर गांव में अज्ञात चोरों ने कमरे की कुंडी काटकर लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। गांव निवासी किसान चंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले एल्यूमिनियम गेट बनाने का काम शुरू किया था, लेकिन करीब एक वर्ष से काम बंद पड़ा था और सामान कमरे में रखा था। उन्होंने बताया कि शनिवार रात चोरों ने कमरे की कुंडी काटकर अंदर रखा सोलर पैनल, इनवर्टर, बैटरी, दो ब्लोवर के अलावा रजाई-गद्दे समेत करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। सुबह घटना की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। पीड़ित किसान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भट्ठे से किशोरी हुई लापता, जांच जारी

**मंधना।** मंधना स्थित एक ईंट भट्ठे से 14 वर्षीय किशोरी अचानक लापता हो गई। सुबह घटना की जानकारी हुई तो परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। परिजनों के अनुसार किशोरी मूल रूप से प्रतापगढ़ की रहने वाली है और अपने परिवार के साथ मंधना क्षेत्र के भट्ठे पर ईंट बनाकर मजदूरी करती है। रविवार भोर में वह अचानक कहीं लापता हो गई। किशोरी की मां ने मामले की सूचना बिठूर थाने में दी है। मंधना पुलिस किशोरी की तलाश में भट्ठे के तमाम लोगों से पूछताछ कर रही है।

### भाजपाइयों ने जमकर खेली फूलों की होली खिलाई मिठाई

**घाटमपुर।** घाटमपुर में भाजपा कानपुर ग्रामीण की महिला मोर्चा जिला महामंत्री अंजलि तिवारी के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महादेव मंदिर में सभी महिलाएं एकत्रित हुए और भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर फूलों की होली भी खेली और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान प्रमुख रूप से उमा बहन गायत्री परिवार, रंजना शर्मा, पप्पी सचान, गीता वर्मा, संदीप परिहार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।

### होमगार्ड को टक्कर मारने वाले पर रिपोर्ट

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीते 26 फरवरी को ड्यूटी जाते समय बस स्टॉप में बोलेरो की टक्कर से घायल होमगार्ड की पत्नी ने बोलेरो व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी बसंत नगर की निवासी राजरानी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति होमगार्ड में है और बिवांर थाने में तैनात हैं। बीते 26 फरवरी को सुबह ड्यूटी जाते समय बस स्टॉप में तिपहिया वाहन पर बैठे थे पीछे से आई तेज रफ्तार बोलेरो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटो पलट गया और मेरे पति का पैर दो जगह से टूट गया।

### खामेनेई व उनकी पत्नी को दी श्रद्धांजलि

**कानपुर।** रविवार को ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जूही में महिलाओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर खामेनेई की शहीद पत्नी और मिनाब के स्कूल में अमेरिका-इजरायल की बमबारी में शहीद हुई मासूम बच्चियों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि पेश की गई। इस मौके पर कुलसूम फातिमा, गुलशन फातिमा ने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने कायरों की तरह स्कूलों और अस्पतालों में हमला किया और मासूम लोगों को शहीद कर दिया। इस अवसर पर सबा परवीन, सुहाना बेगम एवं अजमत फातिमा आदि मौजूद रहीं।

### दंपती लापता, पुलिस से लगाई गुहार

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव से एक दंपति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर लापता दंपति की बरामदगी की गुहार लगाई है। औंता गांव निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि उनका पुत्र अनुज कुमार (20) और बहू सोनू (19) बीते 28 फरवरी की रात करीब 11 बजे अचानक घर से बिना बताए कहीं चले गए। दंपति के लापता होने के बाद परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर उनकी खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

# ट्रैक्टर से कुचल कर युवक की मौत, कोहराम

## कस्बे के बस स्टॉप के पास शनिवार रात को हुई दुर्घटना

संवाददाता, बिल्हौर



- ट्रैक्टर पर चढ़ते समय पैर फिसलने से नीचे गिरने से हुआ हादसा
- दिल्ली में कैब चलाता था युवक वापस जाते समय हुई घटना

**अमृत विचार।** कस्बे के बस स्टॉप के पास शनिवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। मामूली टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक को रोकने का प्रयास कर रहे 24 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर के नीचे कुचलकर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है।

बछना गांव निवासी ईशाक का सबसे छोटा बेटा गुलशाद खां (24) दिल्ली में ओला कैब चलाता था। वह दो दिन पहले ही अपने गांव आया था और शनिवार रात वापस दिल्ली जाने के लिए निकला था।

रेलवे स्टेशन के पास जीटी रोड पर जब गुलशाद अपनी कार बैक कर रहा था, तभी वहां से गुजर रहे एक ट्रैक्टर ने उसकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर मामूली थी, लेकिन गुलशाद ने ट्रैक्टर चालक को रोकने की कोशिश की। गुलशाद ने अपनी कार किनारे खड़ी की और ट्रैक्टर के पीछे दौड़ पड़ा। ट्रैक्टर थोड़ा आगे निकल चुका था। गुलशाद दौड़कर ट्रैक्टर पर चढ़ने लगा।

ट्रैक्टर पर चढ़ने के दौरान अचानक गुलशाद का पैर फिसल गया और वह सीधे सड़क पर जा गिरा। इससे पहले कि वह संभल पाता, ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देखकर आसपास के दुकानदारों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल गुलशाद को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। वहां पर वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने गुलशाद को मृत घोषित कर दिया।

गुलशाद की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। वहां पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## पिस्टल और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बिल्हौर।** कानपुर नगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ककवन पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने एक शातिर अभियुक्त को अवैध असलहे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि क्षेत्र मे किसी भी तरह का अपराध नहीं होने दिया जायेगा। जो भी व्यक्ति आपराधिक कार्यों में लिप्त पाया जायेगा उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम महादेवा क्षेत्र से अभियुक्त को उस समय दबोचा जब वह किसी अप्रिय घटना की फिराक में था। पकड़ा गया युवक अभिषेक यादव बिल्हौर थाना क्षेत्र के ग्राम बछना का निवासी है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के पास से एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट पंजीकृत की गई है और आरोपी युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत भी कर दिया गया है।

# पड़री लालपुर में सूने घर से लाखों रुपये जेवरात समेत दस बकरियां हो गईं चोरी

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के पड़री लालपुर गांव में लाखों रुपये के जेवरात सहित दस बकरियां चोर घर से चुरा ले गए।

साढ़ थाना में राम किशन गुप्ता निवासी पड़री हल्का नंबर पांच थाना साढ़ ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरे मोहल्ले में बारात थी, जिस के चलते हम लोग रात नौ बजे घर में ताला लगा कर सभी लोग बारात चले गए थे। मेरे घर में कोई नहीं था रात में चोर मेरे घर में रखे दो लाख रुपये नकद व सोने चांदी के लाखों रुपये के जेवर तथा पांच बकरी व पांच बकरा चुरा ले गए। वह बारात से वापस लौटे तो ताला टूटा देखकर उसके होश उड़ गए। यह देख कर पुलिस को सुचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। ग्रामीणों ने दबी आवाज में बताया कि पुलिस कभी गश्त करती है, जिससे ग्रामीणों आक्रोश और चोरी का भय दिखाई दिया। बताते चले कि बीते दो दिन पहले कुड़नी चौराहे में चाय की दुकान में भी चोरी हो गई थी। साढ़ थाना प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है।



कमरे में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।



राध कृष्ण मंदिर से हुई चोरी।

### राधा कृष्ण मंदिर में हुई चोरी

- **घाटमपुर।** घाटमपुर के जवाहर नगर पूर्वी के राधा कृष्ण मंदिर में चोरों ने रात में मंदिर का ताला तोड़कर दान पत्र में रखे पैसे व भजन कीर्तन करने का सामान चोर ले गए। उक्त जानकारी सभासद जितेंद्र सचान ने देते हुए बताया कि राधा कृष्ण मंदिर में पिछले वर्ष भी मंदिर का ताला तोड़कर कर दान पात्र के पैसे आदि सामान ले गए थे।

**फल खरीदने गए व्यक्ति की बाइक चोरी : घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के साढ़ चौराहे में फल खरीदने गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। देशराज पाल निवासी बहादुरगढ़ थाना साढ़ ने तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात लगभग नौ बजे फल सब्जी खरीदने के लिए देशी शराब ठेका के सामने गाड़ी खड़ी कर सब्जी लेने लगे, जैसे ही सब्जी खरीद कर बाहर निकले तो बाइक गायब थी। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांचकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# पानी निकासी को लेकर हुई मारपीट, दो लोग घायल

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गौरीलक्खा गांव में रविवार सुबह नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद के बाद चचेरे भाई ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां चोटें अधिक होने के कारण घायलों को हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया।



घायल युवक।

गौरीलक्खा गांव निवासी राजाराम की बेटी की शनिवार को शादी थी। समारोह के दौरान दरवाजे के सामने से निकली पानी की नाली बन्द किये जाने को लेकर रविवार सुबह बेटी की विदा होते ही राजाराम के पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई ज्ञान प्रकाश उर्फ पुत्तन त्रिवेदी ने गाली गलौज शुरू कर दी। थोड़ी ही देर में नौबत मारपीट की आ गई। आरोप है कि इस दौरान बचाव के लिए राजाराम के रिश्तेदार मकसूदाबाद, बिठूर निवासी अनिल दुबे व बेदीपुर बिल्हौर निवासी आशीष दुबे पर ज्ञान प्रकाश ने धारदार हथियार से हमला बोल दिया, दोनों को गंभीर चोटें आईं। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां हालत गंभीर देख घायलों को हैलट, कानपुर रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि नाली के पानी की निकासी को लेकर विवाद हुआ है। मामले में तहरीर मिली है, जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभु यीशु मसीह जंग करने वालों को सद्बुद्धि प्रदान करें



द गुड शेफर्ड चर्च कल्याणपुर में विशेष आराधना। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** द गुड शेफर्ड चर्च गूबा गार्डेन कल्याणपुर में ईसाई समाज के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के समक्ष प्रार्थना करते हुए कहा कि जंग करने वालों को सद्बुद्धि प्रदान करें।

रविवार को चर्च में विशेष आराधना की गई जिसमें क्वायर ने यीशु मसीह की शान में कलाम पेश किये। सेनाओं का यहोवा हमारे संग है, परमपिता की हम स्तुति गाएं आदि गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर चर्च के बिशप पंकज राज मलिक ने देश की शांति के लिए प्रार्थना की तथा जो आज लड़ाइयां हो रही है उनके लिए भी मेल एकता भाईचारे की प्रार्थना की। प्रभु यीशु मसीह उनको सद्बुद्धि प्रदान करे ताकि वो सब आपस के बैर भाव भूल कर एकता और भाईचारे के साथ रहें। इस विशेष आराधना में अनुपमा मलिक, पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्तव, पादरी अनुराज मलिक, पादरी सागर, पादरी अभिमन्यु जेम्स, सौरभ मसीह, श्रेयराज, रिक्की, निखिल आदि उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने मारपीट कर चेन और अंगूठी छीनी

संवाददाता, चौबेपुर

- ससुराल से वापस लौटते समय युवकों ने मारपीट कर किया घायल
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** होली पर ससुराल से अपने भाइयों के साथ कार से घर वापस लौट रहे लोगों पर क्षेत्र के हुल्कापुर नहर पुल के पास अज्ञात लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। साथ ही उनकी सोने की चेन व अंगूठी छीन ली। मारपीट से एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

सुजानपुर, पनकी, कानपुर नगर निवासी वेद नारायण शुक्ला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि गत 4 मार्च को उनका बेटा अनिकेत अपने अन्य भाइयों के साथ कार द्वारा ससुराल गया था। बताया कि वापसी के दौरान करीब 3:00 बजे क्षेत्र के हुल्कापुर नहर पुल के पास कुछ अज्ञात लोगों ने उनकी कार के आगे अपनी कार लगाकर उनकी गाड़ी को रोक लिया और बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। इस दौरान अनिकेत को गंभीर चोटें आईं।

वहीं साथ रहे अन्य लोग भी घायल हुए। बताया कि इस दौरान मारपीट करने वाले लोग अनिकेत के गले से सोने की चेन व दो अंगूठियां छीन ले गए। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## मधुमक्खियों के हमले से दो लोग जख्मी

**महोबा।** मधुमक्खी के हमले से एक राजस्व निरीक्षक समेत दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। जहां से उन्हें चिकित्सकों ने जिला अस्पताल महोबा के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार विवेक कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और मधुमक्खी के हमले से बुरी तरह घायल राजस्व निरीक्षक का हाल-चाल जाना।

कस्बा पनवारी निवासी देवकीनंदन अग्निहोत्री तहसील महोबा में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात है अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को राजस्व विभाग की टीम ग्राम चिचारा एक खेत की नाप करने पहुंची। खेत की नाप करते समय पेड़ में लगे मधुमक्खी ने राजस्व विभाग की टीम पर अचानक हमला कर दिया जिससे टीम के सभी सदस्य भाग गए। भागते समय राजस्व निरीक्षक मधुमक्खी के हमले की चपेट में आकर गिर गये।

# सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेनों के आते ही टूट पड़ते यात्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर होली त्योहार मनाने के बाद वापस जा रहे हजारों यात्रियों की भीड़ एकत्र है। दिल्ली, झांसी, मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनों के आते ही यात्री टूट पड़ते हैं। यात्रियों के बीच धक्का मुक्की, मारपीट हो रही है।

रविवार की रात में सेंट्रल स्टेशन पर हजारों की भीड़ पहुंच गयी जिससे जीआरपी और आरपीएफ की सारी व्यवस्था ध्वस्त हो गयी। दरअसल शताब्दी एक्सप्रेस, श्रमशक्ति एक्सप्रेस, वंदेभारत, राजधानी समेत सभी वीआईपी ट्रेनों की प्रतीक्षा सूची में भी टिकट नहीं मिल रहा है जिसके चलते लोग ट्रेनों के साधारण कोच भी परिवार के साथ जाने को मजबू हैं। आगरा इंटरसिटी, श्रमशक्ति एक्सप्रेस, ऊंचाहार एक्सप्रेस समेत 100 से अधिक ट्रेनों के साधारण कोच में फर्श पर बैठने के लिए लोगों में मारपीट की नौबत है। देर रात जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह एवं आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसएस पाटीदार अपनी टीम के साथ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जूझते रहे। सर्वाधिक प्लेटफार्म नंबर 6 व 7 पर भीड़ रही। मुंबई की ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं है बल्कि कई ट्रेनों के प्रसाधन के अंदर तक यात्री भरे रहे। झांसी, आगरा की ओर जाने वाली कई ट्रेनों के आरक्षण कोच में परीक्षार्थियों ने कब्जा कर लिया जिन्हें उतारने में जीआरपी और आरपीएफ की टीम को पसीने आ गये। उधर शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा से होली पर संचालित हो रही 500 से अधिक विशेष बसों में भी भारी भीड़ चल रही है। ये विशेष बसें सोमवार तक के लिए चलाई गई हैं।

# परिजनों ने पिता पुत्र पर लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के कठेठा गांव में शनिवार शाम गांव से पांच सौ मीटर दूर खेत में किशोर की नाड़े से गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। उसका शव खेत के पास माइनर में पड़ा मिला था। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाने के साथ किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। परिजनों ने गांव में रहने वाले दो लोगों के खिलाफ हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस घटना की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के कठेठा गांव निवासी संतोष सिंह ने शनिवार देर रात घाटमपुर पुलिस को दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उनके बेटे प्रतीक उर्फ कृष्णा सिंह का शव गांव से लगभग पांच सौ मीटर दूर पर स्थित माइनर में पड़ा मिला था। उनके बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उन्होंने गांव के रहने वाले बउरा और उसका बेटा प्रभाकर के खिलाफ हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने के साथ लगभग छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर थाने आईं है।

पुलिस सभी से गहनता से पूछताछ कर रही है। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।



परिजनों को समझाते पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- शनिवार को घाटमपुर के माइनर में मिला था किशोर का शव
- मुकदमा दर्ज कर आधा दर्जन संदिग्धों से शुरू हुई पूछताछ

### मां मायके गई थी, वापस लौटी, रो रोकर बुरा हाल

- मृतक किशोर की मां सारिका ने बताया कि वह भाई दूज पर सरसौल थाना क्षेत्र के धरमंगधपुर गई हुई थी, सूचना मिलते वह घर वापस लौटी। घर पर बेटी राधा, सोना सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### डीसीपी बोले, जल्द होगा घटना का खुलासा

- कानपुर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के रहने वाले पिता पुत्र पर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

**पहल** | माता-पिता की तबीयत खराब होने पर सोशल मीडिया ने बदली सोच

# नौकरी छोड़ी, अब मशरूम की खेती से कर रहे कमाई

राहुल राजपूत सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** वर्तमान दौर में युवा परंपरागत खेती छोड़कर नया करने की चाह रखने लगे हैं। इसी क्रम में एक युवा ने पारिवारिक परिस्थितियों के चलते नौकरी छोड़ दी। फिर सोशल मीडिया पर मशरूम की खेती के बारे में जाना और प्रशिक्षण लिया। इसके बाद खेती शुरू कर दी। अब वे एक छोटे से कमरे में मशरूम उगाकर 30-40 हजार रुपये की लागत में करीब 15 हजार रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं।



कमरे में उगाई मशरूम दिखाते सौरिख के आदित्य कुमार। अमृत विचार

कस्बा के मोहल्ला अम्बेडकर नगर निवासी आदित्य कुमार ने बीकॉम की डिग्री हासिल की। उसके बाद प्राइवेट नौकरी करने लगे। माता-पिता की तबीयत खराब रहने के कारण नौकरी छोड़कर घर चले आए और फिर सोशल मीडिया पर मशरूम की खेती करने का तरीका देखा। इसके बाद अगस्त 2025 में कानपुर स्थित चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी और उसके बाद हिमाचल प्रदेश के सोलन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण लिया। इसके बाद बटन मशरूम का बीज व खाद हरदोई जनपद के संडीला से खरीद लिया। 10 गुणा 10 के कमरे में पूरा स्ट्रक्चर बनाने के बाद ठंडा वातावरण तैयार करने के लिए एसी लगवाया। जनवरी 2026 में पहली बार बीज लगाकर फसल तैयार की। धीरे-धीरे मशरूम की दूसरी वैरायटी आफ्टर मशरूम को लगाना शुरू कर दिया। एक बार फसल तैयार करने में लागत लगभग 30 हजार रुपये आ जाती है। एक वर्ष में तीन बार फसल तैयार की जा सकती है। बताया कि वे फसल को नजदीकी बाजार में ले जाकर बेचने लगे। अब नए बाजार की तलाश कर रहे हैं।

आगे चलकर गांव में और भी बड़ा काम करने की इच्छा है। उन्होंने बताया, जानकारी होने पर काफी लोग इस विधि से खेती करने को देखने आ रहे हैं। एक बार में 30 से 40 हजार रुपये लगाने के बाद करीब 15 हजार रुपये की आमदनी हो जाती है। फुटकर बाजार की बात करें तो 40 रुपये में 200 ग्राम मशरूम का पैकेट बिकता है। आगे बड़ा काम करने की तैयारी है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# डिजिटल फ्रॉड से सावधान रहें

कार्यालय संवाददाता कानुपर

**अमृत विचार।** डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित बनाने और लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार यानी 9 से 15 मार्च तक डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देश पर आयोजित इस अभियान के तहत विभिन्न बैंक और वित्तीय संस्थान जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

लीड बैंक मैनेजर आदित्य चंद्रा ने बताया कि रिजर्व बैंक के 'हर पेमेंट डिजिटल अभियान के अंतर्गत आयोजित इस सप्ताह का उद्देश्य आमजन को डिजिटल भुगतान की उपयोगिता के साथ-साथ उसके सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में जागरूक करना है। इस वर्ष जागरूकता सप्ताह का मुख्य संदेश 'थोड़ा ध्यान से - सावधान रहें अलर्ट रहें' के माध्यम से डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दौरान बैंक शाखाओं, बाजारों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियां और जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जनता को बताया जाएगा कि भुगतान प्राप्त करने के लिए किसी को भी क्यूआर कोड स्कैन करने या पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती। इसके साथ ही ओटीपी, पिन या पासवर्ड किसी भी स्थिति में किसी के साथ साझा न करने और आकर्षक ऑफरों के नाम पर होने वाली ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी जाएगी। डिजिटल भुगतान करते समय राशि और प्राप्तकर्ता के नाम की दोबारा जांच करना आवश्यक है। थोड़ी सी सावधानी से ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचा जा सकता है।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि
से आपरेशन
अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999




**इफ्तार**
सोमवार शाम
सुन्नी : 6:18
शिया : 6:26

**सहरी**
मंगलवार सुबह
सुन्नी : 5:02
शिया : 4:54

पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया : जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराए तो उसको रोजादार के बराबर सवाब मिलता है।

## शहर में आज



- **कार्यक्रम :** सर्वपल्ली राधाकृष्णा कॉलेज ऑडिटोरियम में महिला दिवस पर कार्यक्रम सुबह 11 बजे।
- **ज्ञापन :** कांग्रेस द्वारा मंडलायुक्त कानपुर को कार्यालय में ज्ञापन दोपहर 12:30 बजे।
- **निरीक्षण :** विधायक अमिताभ बाजपेई द्वारा हटिया होली मेला स्थल रज्जन बाबू पार्क का निरीक्षण दोपहर 12:30 बजे।
- **जागरूकता :** प्री-प्रमोशनल अवेयरनेस सीजन ऑफ उप्र एनर्जी एस्पो 2026 का आयोजन विकास भवन में दोपहर एक बजे।

### 15 मार्च से खुलेगा सांप घर

**कानपुर।** चिड़ियाघर में पर्यटकों के लिए 15 मार्च से सांप घर खोला जाएगा। सर्दी के मौसम में सांपों के सुषुप्तावस्था में जाने की वजह से सांप घर नवंबर में पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया था। अब तापमान बढ़ने की वजह से सांपो में हलचल देखी जा रही है। इसलिए सांप घर खोलने का फैसला लिया गया है।



गुलाब बाड़ी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। अमृत विचार

# रंग डारूंगी नंद के लालन पर रंग डारूंगी...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संगीतांजलि सांस्कृतिक संस्था की ओर से रविवार को संगीत की पारंपरिक बनारसी परंपरा गुलाब बाड़ी का आयोजन किया। वीरांगना लक्ष्मी बाई प्रेक्षागार में हुए इस आयोजन में गुलाब के फूलों की होली के साथ गीत-संगीत का आकर्षण रहा। बताया गया कि यह बनारस की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जिसकी शुरुआत 17वीं शताब्दी में अवध के नवाब द्वारा की गई थी।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि यति संकल्प संस्थान की सचिव नीतू सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय की कुलप्रतिष्ठा आयुर्वेदाचार्या डॉ वंदना पाठक रहीं। संस्था की अध्यक्ष डॉ. रोचना बिश्नोई ने संस्था की 25 वर्षों की संगीत यात्रा पर प्रकाश डाला। मुख्य कलाकार सुप्रसिद्ध उपशास्त्रीय गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने राग मिश्र काफी में 'रे मैं कैसे केसर रंग घोरू होरी', राग शहाना में 'होली मैं खेलूंगी श्याम से डांट के' सहित दादरा, ठुमरी एवं चैती की पारंपरिक शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। संचालय डा सुनीता द्विवेदी ने किया। आयोजन में डॉ. अरविंद श्रीवास्तव, संजीव कटियार, दिवाकर निगम, एमएलसी सलिल बिश्नोई, प्रो. इंद्र मोहन रोहतगी, डॉ. अंगद सिंह, डॉ. आदर्श त्रिपाठी, राजकुमार सिंह, अवनीश राज सहित अन्य मौजूद रहे।



गीत गातीं मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

### महिलाओं का हुआ सम्मान

- समारोह के दौरान महिला दिवस के मौके पर संगीतांजलि, सांस्कृतिक संस्था एवं इनर व्हील कानपुर मेन द्वारा शहर की प्रमुख एवं समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें सीए नीतू सिंह, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डॉ. वंदना पाठक, शोभा अग्निहोत्री पीडीसी एनरविल डॉ मनीषा अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं मनीषा वाजपेयी को सम्मानित किया गया।

### इंस्टीट्यूट के लिए मकसूदाबाद या सुरार में देखी जा रही है 10 से 15 एकड़ जमीन

# शहर में खुलेगा ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर, शासन ने मांगी भूमि

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ पारदर्शी लाइसेंसिंग व्यवस्था बनाने में जुटी योगी सरकार ने व्यावसायिक चालकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शहर में इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर (आईडीटीआर) बनाने का फैसला लिया है। इस तरह के इंस्टीट्यूट आठ और जिलों में भी खोले जाने हैं। परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह इस परियोजना के लिए 10 से 15 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के लिए सभी नौ जिलों के जिलाधिकारियों को पहले ही पत्र भेज चुके हैं। शहर में आईडीटीआर के लिए मकसूदाबाद या सुरार में जमीन देखी जा रही है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने केंद्र सरकार के वित्तीय सहयोग से कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर, बलिया, आगरा, गौतम बुद्ध नगर, झांसी, शाहजहांपुर और प्रयागराज में आईडीटीआर स्थापित करने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार द्वारा अनुमोदन मिलने के बाद इन जिलों के प्रस्ताव को अंतिम अनुमोदन और वित्तपोषण के लिए संबंधित मंत्रालय में भेजा जाना है।

सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से ड्राइविंग प्रशिक्षण देकर चालकों में सही ड्राइविंग आदतें विकसित करने के बाद कौशल परीक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया के आधार पर ड्राइविंग लाइसेंस जारी करना है। आईडीटीआर के लिए करीब 15 एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी।


इसमें आटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक, लाइट व हैवी वाहनों के लिए सिम्युलेटर, क्लासरूम, वर्कशाप, हास्टल और मेडिकल टेस्टिंग जैसी सुविधाएं जुटाई जाएंगी। इस सेंटर में नए ड्राइवरों के लिए प्रशिक्षण, पहले से बस, ट्रक, स्कूल वाहन चला रहे ड्राइवरों के लिए रिफ्रेशर कोर्स, खतरनाक सामान ढोने वाले ड्राइवरों के लिए विशेष माड्यूल और आटोमेटेड टेस्टिंग की भी सुविधा होगी। वर्तमान में प्रदेश में केवल रायबरेली में आईडीटीआर है।

**20%** व्यावसायिक वाहन चालकों की कमी है

"इन सेंटर के माध्यम से लाइसेंसिंग को निष्पक्ष, प्रशिक्षण को वैज्ञानिक और सड़कों को सुरक्षित बनाने में बड़ी सहायता मिलेगी। इस कदम से प्रदेश सड़क सुरक्षा में नया राष्ट्रीय मानक स्थापित करेगा।"
– जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी

**30.95** लाख प्रदेश में व्यावसायिक वाहन हैं

**27.49** लाख व्यावसायिक वाहन चालक हैं




- कौशल परीक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया के आधार पर जारी किए जाएंगे ड्राइविंग लाइसेंस

### छह माह में 371 दुर्घटनाओं में 197 लोगों की गई जान

- कानपुर में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी तेज रफ्तार, बिना हेलमेट और गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं। इसमें सैकड़ों लोगों की जान जाती है। यह समस्या एक दशक से भी ज्यादा समय से है। बड़ी आबादी वाला शहर, वाहनों की बड़ी संख्या, उद्योग नगरी होने के कारण शहर में यातायात व्यवस्था हमेशा से लचर रही है। ट्रैफिक पुलिस में संसाधनों की कमी के साथ-साथ वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति बेरुखी इसका प्रमुख कारण रहा है। पहले टेंपो और आटो की अराजकता से शहर त्रस्त था और अब ई रिक्शा और ई आटो कोढ़ में खाज बन गए हैं। इन पर नियंत्रण के हर उपाय फेल हो चुके हैं। हल गली-हर चौराहे पर इनकी अराजकता है। शहर में सितंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच 371 दुर्घटनाओं में 197 लोगों की जान गई है और 272 लोग घायल हुए हैं। हालांकि पुलिस ने बीते छह माह में 25 हजार से अधिक वाहनों का चालान भी किया है। माना जा राह है कि आईडीटीआर के निर्माण के बाद से परिवहन के क्षेत्र में न सिर्फ रोजगारों की संख्या बढ़ेगी, अपितु सड़क सुरक्षा की दिशा में भी एक बड़ा सुधार लाना संभव हो सकेगा।

# गंभीरपुर में 60 बीघा में अवैध प्लाटिंग हो रही

**अराजकता**

- केडीए की टीम करेगी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई व लोगों को जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए की टीम ने ग्राम गंभीरपुर में सर्वे कराकर 60 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को चिन्हित कर लिया है। अब जरूरी प्रक्रिया के बाद यहां बुलडोजर चलेगा।

केडीए के अधिकारियों ने अवैध प्लाटिंग के ठिकानों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है। केडीए के प्रवर्तन जोन-1बी के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम गंभीरपुर अंतर्गत लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल की अवैध, अनाधिकृत निर्माण व प्लाटिंग को चिन्हित किया गया है, जिसपर नियमानुसार उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के अंतर्गत सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। जानकारी मिली है कि कुछ लोगों द्वारा बिना अनुमति के जमीन की प्लाटिंग की जा रही है और भोले-भाले लोगों को धोखा देकर प्लाट बेचें जा रहे है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही की जा रही है। नियमानुसार किसी भी प्रकार की प्लाटिंग से पहले कानपुर विकास प्राधिकरण से अनुमति व स्वीकृति लेना अनिवार्य है।

**मूलभूत सुविधाओं का देते हैं झांसा :** डॉ.रवि प्रताप के मुताबित अवैध कालोनियों में न तो सड़क, नाली, बिजली, पानी और सीवर जैसी मूलभूत सुविधाएं या तो नही रहती है या मानकों के अनुसार नहीं रहती है। इसके अलावा अवैध प्लाटिंग से जल भराव की समस्या बढ़ती है, ट्राफिक व्यवस्था बिगड़ती है, पर्यावरण को नुकसान होता है, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण बढ़ता और भविष्य में कानूनी विवाद उत्पन्न होते है। वहीं, लोग जब अपनी जीवन भर की कमाई से प्लाट खरीद लेते है तो बाद में पता चलता है कि वह जमीन अवैध है, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- केवल केडीए से स्वीकृत कालोनियों में प्लाट खरीदें।
- नक्शा व ले-आउट की जांच जरूर करें।
- प्लाट खरीदने से पहले केडीए से जानकारी करें।

# 15 से एक माह के लिए मांगलिक कार्यों पर विराम

संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 15 मार्च को सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करने से एक माह के लिए मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। इसके बाद सूर्य के मेष राशि में प्रवेश 14 अप्रैल (मेष संक्रांति) के साथ ही शुभ कार्य दोबारा प्रारंभ होंगे। यह जानकारी देते हुए ज्योतिषाचार्य पं.मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि जब सूर्यदेव गुरु बृहस्पति की राशि मीन में प्रवेश करते हैं, तब खरमास का आरंभ होता है। 14-15 मार्च की रात्रि 1 बजकर 8 मिनट पर सूर्य का मीन राशि में गोचर होगा और 15 मार्च से मीन संक्रांति के साथ खरमास लग जाएगा। इस अवधि में मांगलिक कार्यों विशेषकर विवाह आदि पर रोक रहती है, जबकि पूजा-पाठ, दान और तप करना अत्यंत शुभ माना जाता है। शास्त्रानुसार सूर्य जब भी गुरु की राशियों (धनु या मीन) में विराजमान होते हैं, तो उनका तेज और प्रभाव गुरु के सात्विक गुणों के साथ मिलकर विवाह जैसे भौतिक सुखों वाले कार्यों के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता है। यही कारण है कि 15 मार्च से लेकर 14 अप्रैल 2026 तक विवाह, यज्ञोपवीत, जैसे मांगलिक संस्कार वर्जित रहेंगे। हालांकि नवरात्रि के समय गृह प्रवेश, नया व्यापार शुरू करने के साथ मुंडन संस्कार अपनी कुल रीति के अनुरूप किए जा सकते हैं।

### अक्षय तृतीया पर विवाह का मुहूर्त, 17 मई से मलमास शुरू होंगे

- विवाह का उत्तम मुहूर्त 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर रहेगा। इसके बाद मई में 13 तारीख तक विवाह के मुहुर्त रहेंगे। आगे 17 मई से पुरुषोत्तम मास (मलमास) प्रारंभ होने से 15 जून तक मांगलिक कार्यों पर प्रतिबंध रहेगा। इसके बाद 19 जून से 11 जुलाई तक मांगलिक कार्यों के मुहूर्त रहेंगे।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर युवक से 5.28 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा में टेलीग्राम पर क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर साइबर शातिरों ने युवक से 5.28 लाख रुपये की ठग लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। दामोदर नगर निवासी आयुष गौतम ने बताया कि 26 फरवरी को उसे टेलीग्राम के एक ट्रेडिंग ग्रुप से जुड़ा था। तभी एक व्यक्ति ने उससे संपर्क कर क्रिप्टो करेंसी यूएसडीटी में निवेश का झांसा दिया। आरोपी ने एक लिंक भेजकर उसे लॉगिन कराया और ओटीपी साझा कराने के बाद निवेश के नाम पर पैसे मंगाने शुरू कर दिए। भरोसा कर उसने कई बार में कुल 5.28 लाख रुपये भेज दिए, लेकिन आरोपी ने क्रिप्टोकरेंसी नहीं दी। फिर और रुपये मांगने लगा। शक होने पर उन्होंने जब रकम वापस मांगी तो आरोपी ने उसे टेलीग्राम पर ब्लॉक कर दिया। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की।

### दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

- **कानपुर।** हनुमंत विहार में कार खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी की। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। खाड़ेपुर के योगेंद्र विहार निवासी पुष्पा चौहान उर्फ पुष्पा भदौरिया ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी कार का सौदा 3.80 लाख रुपये में रानी सिंह और उनके पति शिव प्रताप सिंह से किया था, जो वर्तमान में नौबस्ता के राजा होटल के पास रहते हैं। जबकि उनका मूल निवास बिधनू के कसिगवां लालपुर में है। आरोप है कि रानी सिंह ने 50 हजार रुपये का चेक देकर कार ले ली और शेष रकम तीन माह में देने का वादा किया, लेकिन चेक बाउंस हो गई। इसके बाद पीड़िता ने पैसा या कार मांगी तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कार्रवाई न होने पर न्यायालय में अर्जी दी। हनुमंत विहार थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रानी सिंह और शिव प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बोगस फर्म पर दो करोड़ टैक्स चोरी की रिपोर्ट

कार्यालय सवाददाता, कानपुर

- बजरिया में फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी चोरी करने का मामला पकड़ा गया

**अमृत विचार।** बजरिया में फर्जी फर्म बनाकर दो करोड़ की जीएसटी चोरी का मामला पकड़ा गया है। जांच में कोई फर्म नहीं मिली। राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त ने रिपोर्ट कराई है। बीमा बिहार कालोनी निवासी प्रभात कुमार चौधरी सहायक आयुक्त है। उनकी जांच पता चला कि बीते साल 18 जून को गुप्ता ट्रेडर्स को जीएसटी नंबर जारी किया गया था।

फर्म स्वामी निखिल गुप्ता का नाम दर्ज है। जिसमें लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र का पता और बैंक विवरण देकर जीएसटी पंजीकरण लिया था। वित्तीय वर्ष 2025-2026 में फर्म ने लगभग 5.58 करोड़ रुपये सप्लाई दिखाते हुए करीब एक करोड़ रुपये से अधिक का आईटीसी का दावा किया। बाद में बोगस आईटीसी का उपयोग करते हुए लगभग 5.58 करोड़ रुपये की सप्लाई दर्शाई। विभागीय जांच के अनुसार इस प्रक्रिया से करीब दो करोड़ से अधिक की कर हानि हुई है। बीती 12 फरवरी को फर्म के घोषित व्यापारिक पते पर निरीक्षण किया तो वहां गुप्ता ट्रेडर्स नाम की कोई फर्म संचालित नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।


www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


**सिटी प्राइड**

### मेधावियों ने पढ़ाई में निरंतरता को बताया सफलता पाने की वजह

# सीए इंटरमीडिएट में मानस सिटी टॉपर, लड़कियों में वृंदा अव्वल

कार्यालय सवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीए इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम रविवार को जारी हुआ। मानस अग्रहरि ने शहर में पहला व एआईआर 19 स्थान हासिल किया है। वृंदा गुप्ता ने संयुक्त रूप से शहर में दूसरा व लड़कियों मे पहला स्थान पाया है। सुमित शिवकुमार गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से सीए इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। परीक्षा परिणाम आते ही मेधावियों में उत्साह छा गया। कोचिंग संस्थानों में रविवार के दिन भी युवाओं ने आकर खुशियां मनाई। सफल मेधावियों ने सीए जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के लिए पढ़ाई में निरंतरता को जरूरी बताया। कहा कि इसका कोर्स काफी बड़ा होता है और यदि निरंतर पढ़ाई न की जाए तो परीक्षा में पिछड़ने की संभावना होती है। इसलिए रोजाना कम से कम पांच से छह घंटे पढ़ाई जरूरी है।



परिजनों के साथ मानस। अमृत विचार

### सेल्फ स्टडी से मिली सफलता

- सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में शहर में पहला स्थान हासिल करने वाले मानस अग्रहरि ने दूसरे प्रयास में यह मुकाम हासिल किया है। फतेहपुर निवासी मानस ने बताया कि उनके पिता महेंद्र कुमार गुप्ता रेलवे में सीएमआई हैं। मां गुंजन गुप्ता शिक्षिका हैं। मानस ने बताया कि उन्होंने सीए इंटरमीडिएट की पढ़ाई खुद ही की है। गाइडेंस के लिए ऑनलाइन क्लास ली हैं। सीए फाइनल की उनकी योजना ट्रेनिंग के बीच अपनी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखना है। उन्होंने सीए की तैयारी कर रहे युवाओं को सलाह दी कि इसका कोर्स काफी अधिक होता है।



मां और भाई के साथ वृंदा। अमृत विचार

### पहले प्रयास में मारी बाजी

- वृंदा गुप्ता ने पहले ही प्रयास में इस परीक्षा में बाजी मारी है। हालसी रोड निवासी वृंदा गुप्ता ने संयुक्त रूप से शहर में दूसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि जब वे छोटी थीं तो उनके पिता कशिश गुप्ता का निधन हो गया था। उसके बाद वे अपनी मां सुमति गुप्ता को कुछ बड़ा करके दिखाना चाहती थी। इसलिए वे ऐसी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होना चाहती थीं जहां वे खुद को साबित कर सकें। उन्होंने बताया कि परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए उन्होंने कोचिंग की है। अब वे फाइनल परीक्षा की तैयारी में जुट गई हैं।

### लक्ष्य बनाकर की पढ़ाई

- शहर में तीसरा स्थान हासिल करने वाले सुमित शिवकुमार गुप्ता मुल रूप से जौनपुर निवासी हैं। उनके पिता शिवकुमार गुप्ता एक प्राइवेट कंपनी मे सेल्समैन हैं। उन्होंने अपनी मां प्रेमशील गुप्ता को आदर्श बताया है। कहा कि उन्होने शुरुआत से ही योजना बनाकर पढ़ाई की। पढ़ाई करने में निरंतरता को मूलमंत्र बनाया। पूरे दिन में 6 से 8 घंटे तक पढ़ाई करने का नतीजा है कि उन्होंने यह परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में यदि लगातार पढ़ाई न की जाए तो कोर्स अधूरा रह जाता है जिसका खामियाजा परीक्षा में चुकाना पड़ता है।



सुमित।

## सिटी ब्रीफ

### बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

**कानपुर।** बर्रा के विश्व बैंक जे-ब्लॉक कालोनी में बंद मकान का ताला तोड़कर चोर माल पार कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है। विश्व बैंक निवासी वैशाली श्रीवास्तव के अनुसार वह 10 जनवरी को पिता हर्ष सक्सेना के इलाज के लिए परिवार के साथ नोएडा गई थीं। इस दौरान घर में ताला बंद था। दो मार्च को पड़ोसी सुमित ने फोन कर बताया कि एक संदिग्ध व्यक्ति घर में घुसा था, जो शोर मचाने पर भाग गया। सूचना पर जब वह परिवार के साथ लौटीं तो देखा कि घर के दरवाजे और खिड़कियां टूटी थीं। कमरे से सामान गायब था। बर्रा थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### युवक को पीटकर रुपये व चेन लूटी

**कानपुर।** अफीमकोठी पर शराब के लिए रुपये न देने पर दबंगों ने युवक से मारपीट कर जातिसूचक शब्द कहे। आरोप है कि आरोपियों न 22 सौ रुपये, सोने की चेन लूट ली। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। अफीमकोठी निवासी आशीष कुमार सरोज के अनुसार बीते साल 20 जुलाई को वह घर से घरेलू सामान खरीदने के लिए निकला था। तभी लक्ष्मीपुरवा निवासी जगतपाल, राकेश तिवारी, आनंद समेत चार अन्य लोगों ने जबरन रोक लिया और शराब पीने के लिए पांच सौ रुपये मांगे। विरोध पर गाली-गलौज कर मारपीट की। आरोप है कि जातिसूचक शब्द कहने के साथ 22 सौ रुपये, सोने की चेन समेत अन्य दस्तावेज छीन लिए। धमकी देकर भाग निकले। रायपुरवा थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की रही है।

### नशेबाजों ने पीटकर सिर पर मारी ईंट

**कानपुर।** शराब न पिलाने पर नशेबाजों ने दो दोस्तों को पीटकर सिर पर ईंट मारकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने हरबंश मोहाल थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मीरपुर कैंट निवासी यश शुक्ला ने दी तहरीर में बताया कि वह एक मार्च की देर रात अपने दोस्त राजा सिंह के साथ एक्सप्रेस रोड स्थित भोजनालय में खाना खाने जा रहा था। तभी आकाश पाल, अभिषेक तिवारी, लकी ठाकुर व रवि चौहान ने शराब पिलाने की बात कही। मनार करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। बचाने आए दोस्त राजा के सिर पर ईंट मार दी। जिससे वह लहूलुहान हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### पारिवारिक चाचा ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**कानपुर।** बाबूपुरवा में रिश्ता शर्मसार हुआ। पारिवारिक चाचा ने 15 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म किया। पुलिस ने मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। महिला के अनुसार वह व उसके पति मजदूरी करके परिवार का खर्च उठाते हैं। शनिवार को वह व पति काम पर गए थे। घर पर उनकी नाबालिग बेटी थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला आरोपी रिश्ते में पारिवारिक चाचा घर पहुंचा और बेटी के साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच वह घर पहुंची तो आपत्तिजनक स्थिति में देख विरोध किया।

# खुदी सड़कें दे रहीं पीड़ा, लोग हो रहे घायल

## सीएम ग्रिड योजना के तहत खुदाई के बाद मरम्मत नहीं, धूल व गड्ढे कर रहे बेहाल, कमाई का एक बड़ा हिस्सा दवा में खर्च हो रहा है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के कई इलाकों में सड़कों की खुदाई के बाद मरम्मत न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वरूप नगर, काकादेव, गीता नगर, दादानगर और पनकी समेत कई क्षेत्रों में सड़कें उखड़ी पड़ी हैं, जिससे आए दिन जाम और हादसे की स्थिति बन रही है। सीएम ग्रिड योजना के तहत की गई खुदाई के बाद कई जगह सड़कें समतल नहीं कराई गईं, जिससे लोगों में रोष है। की जगह तो दो साल बीतने के बाद भी सड़क नहीं सुधारी गई।

काकादेव से छपेड़ा पुलिया जाने वाले मुख्य मार्ग पर नगर निगम और जलकर विभाग ने दो माह पहले सीवर लाइन डालने के नाम पर सड़क खोदी थी। जिसके बाद से सड़क पर अब धूल का गुबार उड़ रहा है।

जगह-जगह नालियां चोक हैं लोगों को खुद अपने दुकान व मकान के सामने से नालियां और जमा सिल्ट साफ करनी पड़ी है। सड़कों पर मिट्टी के ढेर से क्षेत्र के लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और बीमारियां भी बढ़ रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद कोई अधिकारी हाल जानने तक नहीं आता। कमाई का एक बड़ा हिस्सा दवाइयों में खर्च हो रहा है। लेकिन इन तकलीफों से शहर के जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ता।



काकादेव में बीच सड़क खुला नाला। अमृत विचार

- लोगों को खुद अपने दुकान व मकान के सामने से नालियां और जमा सिल्ट साफ करनी पड़ी है
- दादानगर समेत कई जगह सीवर लाइन डालने के बाद सड़क बदहाल छोड़ दी गई

### रोड को ठीक करना तो दूर मिट्टी के ढेर भी बराबर नहीं

लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि भी हमारा दर्द पूछने नहीं आते। रोड को ठीक करना तो दूर मिट्टी के ढेर भी बराबर नहीं किए जा रहे। सड़कों पर पानी का छिड़काव नहीं होता, यहीं नहीं सफाई तक नहीं होती। अब तो घर के आसपास निकलने से भी डर लगने लगा है कि कब कौन सी सड़क धंस जाए। आस-पास के लोग पानी का छिड़काव करके किसी तरह रह रहे हैं। यही नहीं दुकानदारों और कर्मचारियों को धूल से बचने के लिए रुमाल बांधकर बैठना पड़ रहा है। इस समस्या से जल्द से जल्द निजात मिलनी चाहिए। सड़कों को जल्द बनाने के प्रयास और तेज करने चाहिए, जिससे जनता को राहत मिल सके।



घर के सामने से सिल्ट हटाता क्षेत्रीय नागरिक। अमृत विचार

### जिम्मेदारों का नहीं ध्यान

शहर के कालपी रोड, पनकी थाना रोड, शताब्दीनगर-एलिम्को रोड, न्यू शिवली रोड, श्यामनगर डी-ब्लॉक रोड और लालबंगला से गल्ला मंडी मार्ग समेत कई सड़कों की स्थिति भी खराब है। मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में भी समुचित बेरिकेडिंग नहीं होने से हादसों की आशंका बनी हुई है। पनकी में भाटिया तिराहे से भौंती की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर आए दिन सड़क सही न होने से एक्सीडेंट होता रहता है। जिससे लोगों को गंभीर हालत में इलाज करवाना पड़ रहा है।

### जनता बोली



खुदाई की वजह से पूरा कारोबार चौपट हो गया है। अपनी पूंजी को ही खा रहे हैं। धूल से खाने पीने की जिन दुकानों में कभी रौनक होती थी वहां अभी मक्खियां भी नहीं आ रही हैं। इस धीमी गति से काम चलता रहा तो हमारा रहना मुश्किल हो जाएगा। -एसके चौरसिया, दुकानदार



सीवर लाइन डालकर मिट्टी भर दी गई। इसलिए सड़क पूरी तरह से उबड़-खाबड़ हो गई है। कुछ दिन पहले एक बाइक से युवक फिसलकर गिर गया था, इससे हाथ टूट चुका है। फिर भी अफसरों ने कोई सुध नहीं ली। -प्रशांत यादव, काकादेव



नालियां साफ न होने से सिल्ट जमी पड़ी है, कभी-कभी मेरी दुकान में सीवर का पानी अंदर जाता है कई बार सफाई नायक से कहा पर आज तक कोई देखने तक नहीं आया। हालत यह है कि कारोबार बर्बाद हो गया है और अब बहुत समस्या हो रही है। -गौरी शंकर पाल, दुकानदार



कमाई का एक बड़ा हिस्सा दवाइयों में खर्च हो रहा है। जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ता। रोड को ठीक करना तो दूर मिट्टी के ढेर भी बराबर नहीं किए जा रहे। सड़कों पर पानी का छिड़काव नहीं होता, यही नहीं सफाई तक नहीं होती। - मेराज अहमद, काकादेव

## देवकी चौराहा से छपेड़ा तक सड़क की होगी मरम्मत

**कानपुर।** देवकी चौराहा से छपेड़ा पुलिया तक क्षतिग्रस्त मार्ग का संज्ञान नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने लेकर मरम्मत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कहा कि रोड को मोटरेबल बनाया जाए।

देवकी चौराहा से छपेड़ा पुलिया तक सीवर लाइन डालने के बाद सड़क को ऐसे ही छोड़ दिया गया है, जिसकी वजह से पक्का मार्ग मिट्टी युक्त रास्ते में तब्दील हो चुका है। नगर निगम में जब कुछ लोगों ने शिकायत की तो नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने जलकल महाप्रबंधक व मुख्य अभियंता से पूछताछ की। महाप्रबंधक ने बताया कि सीवर लाइन डाले जाने के कारण जो सड़क क्षतिग्रस्त हुई है, उसे कार्य में रोड के मरम्मत का कार्य नहीं लिया गया था। रोड मरम्मत का आकलन इसलिए नहीं तैयार किया गया था, क्योंकि पूर्व में ही ये रोड मरम्मत होने का टेंडर हो चुका था। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि रोड को मोटरेबल बनाया जाए। क्षेत्र में जो नालियां भरी हुई है और कवर्ड है, उनको तत्काल खोलकर उनकी समुचित तरीके से सफाई कराई जाए। उन्होंने अतिक्रमण अभियान चलाए जाने के लिए जोनल अधिकारी व जोनल अभियंता का संयुक्त रूप से उत्तरदायित्व निर्धारित किया है।

# सिलेंडर के दाम बढ़ने से बिगड़ा रसोई का स्वाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये की बढ़ोत्तरी पर आम जनता विशेषकर गृहणियों ने काफी नाराजगी जताई है क्योंकि घरेलू बजट पर बुरा असर पड़ रहा है। कई महिलाओं का कहना है कि ये बढ़ोत्तरी उनके लिए परेशानी का सबब है। इतनी महंगाई है कि घर चलाना पहले ही मुश्किल हो रहा था और रसोई गैस का दाम बढ़ने से बजट और बिगड़ गया है।




- घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़े

### क्या बोलीं महिलाएं



महिला दिवस पर सरकार ने महिलाओं को अच्छा तोहफा दिया है। इस महंगाई के दौर पर घर चलाना मुश्किल हो रहा है। आम आदमी के लिए इसे वहन करना मुश्किल है। क्या महिलाओं को गैस की आस छोड़ लकड़ी के चूल्हे पर आना होगा। -शिल्पी सिंह



महिलाएं गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग कर रही थीं और सरकार ने कम करने के बजाय दाम बढ़ा दिये। जंग का इतनी जल्दी असर देश पर थोड़ी पड़ेगा। ये जनता के साथ छल है। महंगाई से कमर टूटी जा रही है। -मंजू



एक तो सब्जी से लेकर राशन तक दिन प्रतिदिन महंगा होता रहा है, अभी तो सरकार के पास स्टाक में तेल, गैस होना चाहिए क्योंकि अमेरिका ईरान जंग एक सप्ताह पहले शुरू हुई है। ऐसे में रसोई गैस के दाम बढ़ाने की बात समझ में नहीं आई। -प्रतिभा अटल पाल



सरकार को एक बार फिर गैस सिलेंडर के दामों पर विचार करना चाहिए। सुना है कि अब 21 दिन के बाद ही दूसरे सिलेंडर की बुकिंग होगी, हमारे घर में महीने में 2 सिलेंडर लगते हैं। गरीबों का क्या होगा, बड़ी मुश्किल से घर चलता है। -अकीला

## दानपात्र चोरी करने वाले अपराधी दबोचे

**कानपुर।** गोविंदनगर स्थित दुर्गा मंदिर में दानपात्र चोरी करने वाले आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के दबोच लिया है। शातिरों ने दानपात्र से 5-5 हजार रुपये आपस में बांटे, मोबाइल खरीदा और शराब पी।

13 ब्लॉक स्थित दुर्गा मंदिर की खिड़की की ग्रिल काटकर छह मार्च को चोरों ने मंदिर का दानपात्र चोरी किया था। दानपात्र गायब देख अगले दिन पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। गोविंदनगर पुलिस ने जांच के बाद सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरों की तलाश शुरू की थी। कैमरे में तीन आरोपी कैद मिले थे। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने खुलासा करते हुए बताया कि पता चला दानपात्र में करीब 20 हजार रुपये थे। जिसमें से शातिरों ने 5-5 हजार रुपये आपस में बांटे। करीब 110 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस चोरों के करीब पहुंची। रामआसरेनगर कच्ची बस्ती निवासी छोटू कुमार, सुमित बाल्मीकि व गुजैनी एफ ब्लॉक निवासी कृष्णा उर्फ उत्कर्ष शुक्ला को गिरफ्तार किया गया। चोरी की रकम से कृष्णा ने ढाई हजार से एक मोबाइल खरीदा था, जिसे बरामद किया गया है। बंटवारे के बाद बची रकम से आरोपियों ने शराब पी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने दानपात्र को निरालानगर स्थित रेलवे ग्राउंड में फेंका था। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने दानपात्र बरामद कर लिया है।

# डंडे-राड-पत्थर चले, 12 जगह मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रंजिशन, पैसे के विवाद व होली के रंग को लेकर लोगों ने किया हमला
- साउथ जोन के कई थानाक्षेत्र में हुई घटनाएं, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** साउथ में अलग-अलग थानाक्षेत्रों में मारपीट की 12 घटनाएं हुईं। जिसमें छह से अधिक लोग घायल, बाकी चुटहिल हुए। मारपीट में लाठी-डंडे, लोहे की राड चली और जमकर पथराव हुआ। पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

बर्रा में संजय गांधीनगर निवासी अनमोल तिवारी ने बताया कि दो मार्च की रात वह दोस्त हिमांशु के साथ घर लौट रहे थे। शिवधाम मंदिर के पास साहिल, रोशन, कुक्कू, बंगुर, कल्लू व आदित्य समेत अन्य लोगों ने बाइक रोककर गाली-गलौज की। विरोध पर डंडों से पीटकर घायल कर दिया। वहीं जरौली निवासी शिवम चतुर्वेदी ने बताया कि ईशान पैलेस में अपने पैसे मांगने पर होटल मालिक राहुल सक्सेना, उसका भाई व साला अंशु, होटल स्टाफ ने बुलेट से टक्कर मार दी। लोहे की रॉड से पीटा। उसके साथी हार्दिक व पंकज को भी चोटें आईं हैं।

विश्व बैंक कॉलोनी निवासी अभिलाष पालीवाल ने पड़ोसी पंकज मिश्रा, उसकी पत्नी पर गाली-गलौज कर पथराव का आरोप लगाया। जिसमें उसकी 65 वर्षीय मां घायल हो गई। संजयनगर निवासी अश्वनी यादव ने आरोप लगाया कि तीन मार्च की रात सोम, उसका भाई बाबू और उनके साथी कुनाल, विशाल, सनी व बांबी ने घर में घुसकर डंडों से पीटा है। गुजैनी में तात्या टोपे नगर निवासी अंजू वर्मा ने दीपक तिवारी पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है। फतेहपुर निवासी दीपा साहू ने बर्रा आठ निवासी मां रानी के साथ परिजनों के मारपीट करने का आरोप लगाया है। इलाके की ही वंदना गुप्ता ने मोहित सिंह चौहान, संदीप अग्निहोत्री, बालकृष्ण व जय कृष्णा पर पथराव करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। हनुमंत विहार में गल्लामंडी निवासी हर्षित विश्वकर्मा ने बताया कि छह मार्च को जानू, सत्यम, शिवम, मोदी ने रास्ते में रोककर डंडों से मारापीटा। खाड़ेपुर निवासी सतीश कुमार तिवारी ने पड़ोसी शिवम ठाकुर, कल्लू गुप्ता पर शादी समारोह में सर पर कुर्सी मारने का आरोप लगाया है।

किदवई नगर के जूही लाल कॉलोनी निवासी शिवम ने पड़ोसी नारायण सिंह पर शराब के नशे में पीटने का आरोप लगाया है। जूही के मिलिट्री कैंप इलाके में जीतू से जमकर मारपीट का आरोप लगा है। उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं है। परिजनों ने उसे हैलट में भर्ती कराया है। सोशल मीडिया पर मारपीट की घटनाए वायरल होने पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

## बड़े भाई को गोली मारी

**कानपुर।** बाबूपुरवा में मामूली बात पर नशे में धुत छोटा भाई हमलावर हो गया। पिता की लाइसेंसी बंदूक से बड़े भाई पर फायर झोंक दिया। बड़े भाई के कंधे में गोली के छर्रे लगने से वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बगाही निवासी पिंकी ने बताया कि उनके पति विजय अग्निहोत्री ऑटो चालक हैं। पिंकी के अनुसार मकान के निचले हिस्से में देवर अजय अपने परिवार समेत रहता है। शनिवार रात करीब 12 बजे अजय नशे में धुत होकर घर की पहली मंजिल पर बने शौचालय का दरवाजा खोलकर शौच कर रहा था। इसका विरोध करने पर वह गाली-गलौज और मारपीट पर उतारु हो गया। शोर सुनकर उसके पति बीच बचाव करने पहुंचे तो देवर ने उनसे मारपीट कर दी। विरोध पर अजय भाग कर नीचे गया और पिता की लाइसेंसी बंदूक लेकर आया। जीने से चढ़ते समय ही उसने विजय पर फायर झोंक दिया। गोली के छर्रे उसके कंधे में घुस गए।

# ट्रक की टक्कर से जीजा की मौत, साला आईसीयू में

**कानपुर।** यशोदानगर फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार ट्रक ने जीजा-साले को जबरदस्त टक्कर मार दी। दोनों बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। सिर व शरीर पर गंभीर चोट आने से जीजा की मौत हो गई, जबकि साला आईसीयू में भर्ती है। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम भिजवाया। युवक साले के साथ ससुराल जा रहा था।

गुजैनी के मर्दनपुर पिपौरी निवासी 44 वर्षीय अनिल दादानगर फैक्ट्री में नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी किरन दो बच्चे शोभित व सोनिया हैं। भाई मनोज ने बताया कि शनिवार शाम को करबिगवां निवासी अनिल का साला संजय उसके घर आया था। इसके बाद देर शाम दोनों बाइक से करबिगवां के लिए निकले थे। मनोज के अनुसार दोनों यशोदानगर फ्लाईओवर पर पहुंचे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। ठोकर से उछलकर सड़क पर गिरे जीजा-साले गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। संजय का निजी अस्पताल की आईसीयू में इलाज चला रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी है। पुलिस के अनुसार आसपास के सीसीटीवी फुटेज से वाहन के बाहर में पता किया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# घर में चोरी करते दबोचा छत से कूद एक घायल

कार्यालय संचाददाता, कानपुर

- सनिगवां के गणेशपुर में निर्माणाधीन मकान में चोरी के इरादे से घुसे थे
- जनता ने दोनों चोरों को दबोच कर पुलिस के हवाले किया, इलाज कराने के बाद भेजा गया जेल

**अमृत विचार।** चकेरी में निर्माणाधीन मकान में चोरी करने घुसे दो चोरों को मकान मालिक व इलाके के लोगों ने घेर लिया। भीड़ ने एक आरोपी को घेरकर पकड़ लिया। जबकि दूसरा छत से कूद गया। जिससे उसे चोटे आईं। लोगों ने दोनों चोरों को पुलिस के हवाले किया है। पुलिस ने घायल का इलाज कराने के बाद जेल भेजा है।

श्यामनगर के रक्षा विहार कालोनी निवासी बाबू सिंह ने बताया कि उनका एक मकान सनिगवां के गणेशपुर में है। जहां निर्माण का काम चल रहा है। बाबू सिंह के अनुसार बीती छह मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे पड़ोसी ने सूचना दी कि निर्माणाधीन मकान में चोरी के इरादे से चोर घुसे हैं। इसपर वह मौके पर पहुंचे।

शोर मचाकर इलाके के लोगों को एकत्र किया और मकान घेरकर अंदर घुसे। तभी दोनों चोर भागकर छत पर पहुंच गए और फांदकर भागने का प्रयास किया। इसी लोगों ने घेरकर दोनों को पकड़ लिया।

इलाके के लोगों के पूछने पर आरोपियों ने अपना नाम लऊआपुरवा सनिगवां निवासी निखिल उर्फ भोला व गणेशपुर निवासी दीपक राजपूत बताया। दोनों को पकड़ने के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसी बीच धक्का देकर छत से निखिल कूद गया। छत से गिरने के कारण निखिल घायल हो गया। चकेरी पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा गया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

मंथन

केसीएएस सीपीई स्टडी सर्कल की ओर से हुआ सेमिनार

# ट्रांजिशनल प्रोविजन में बदलाव पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केसीएएस सीपीई स्टडी सर्कल की ओर से आयोजित संगोष्ठी में ट्रांजिशनल प्रोविजन में बदलाव पर चर्चा हुई। महिला सशक्तिकरण पर भी विचार व्यक्त किए गए। विशेषज्ञों ने आईटीसी से जीएसटी रिफंड अनलॉक पर भी विचार व्यक्त किए।

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) और अन्य प्रोफेशनल्स के लिए सीए अंजनी खेत्रपाल ने इनकम टैक्स एक्ट 2025 के ट्रांजिशनल प्रोविजन में बदलाव और सीए मुक्ता रस्तोगी ने आईटीसी से जीएसटी रिफंड अनलॉक पर चर्चा की। पहले सत्र में सीए शालिनी पांडेय ने कहा कि जब भी किसी नए टैक्स कानून को लागू किया जाता है, तो सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि पुराने कानून से नए कानून में परिवर्तन कैसे सुचारु रूप से किया जाए। इसी उद्देश्य से ट्रांजिशनल प्रोविज़न बनाए जाते हैं। इनकम टैक्स एक्ट 2025 में भी ऐसे प्रावधान शामिल किए गए हैं ताकि पुराने इनकम टैक्स एक्ट के तहत चल रहे मामलों, पेंडिंग असेसमेंट, अपील, और अन्य कार्यवाहियों को सही तरीके से नए कानून के साथ जोड़ा जा सके। दूसरे सत्र में सीए पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था में कई बार व्यापारियों के पास आईटीसी बड़ी मात्रा में जमा हो जाता है। जिसे वे तुरंत उपयोग नहीं कर पाते। जब इनपुट पर चुकाया गया टैक्स आउटपुट टैक्स से अधिक होता है तो यह क्रेडिट इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में फंस जाता है, जिससे कारोबारियों की वर्किंग कैपिटल प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में जीएसटी कानून आईटीसी के रिफंड के माध्यम से इस क्रेडिट को नकद में बदलने की सुविधा देता है। इस दौरान सीए प्रशांत रस्तोगी, सीए नितिन सिंह, सीए राजीव गुप्ता, सीए पूनम प्रजापति, साक्षी गर्ग, सीए दीप्ति जैन, सीए कीर्ति अग्रवाल, झरना केसवानी सहित अन्य मौजूद रहे।




सेमिनार का उद्घाटन करतीं अतिथि। अमृत विचार

# बोतल में ऊपर घी व नीचे चरस, दो तस्कर दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** क्राइम ब्रांच व फीलखाना पुलिस ने दो चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से 1.58 किलो चरस बरामद हुई। पुलिस से बचने के लिए शातिर घी की बोतल में चरस छिपाकर लाए थे। एडीसीपी एसओजी सुमित सुधाकर रामटेके ने बताया कि शातिर अलग-अलग तरीकों से चरस की तस्करी करते हैं। जिससे पकड़ में न आएं।

एडीसीपी एसओजी व कलक्टरगंज एसीपी आनंद ओझा ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने गोरखपुर कोतवाली निवासी नौशाद कुरैशी व फीलखाना के इटावा बाजार में रहने वाला आशु निगम को चरस तस्करी में दबोचा है। उनके पास 1.58 किलो चरस बरामद हुई है। एडीसीपी ने बताया कि नौशाद नेपाल से बिहार फिर गोरखपुर के रास्ते रोडवेज बस से चरस लाता था। उन्होंने बताया कि इस बार वह पानी की बोतल के ऊपर घी और नीचे हिस्से में चरस के चार पैकेट भरकर लाया था। चरस वह आशु निगम को बेचने जा रहा था। तभी गिरफ्तार किया गया। आशु पहले भी कोतवाली से चरस तस्करी में जेल जा चुका है। एडीसीपी ने बताया कि तस्कर नौशाद कुरैशी पुष्पा मूवी से प्रभावित होने के कारण तस्करी के अलग-अलग हथकंडे अपनाता है। इस बार घी की बोलत का इस्तेमाल किया है। यह कारण है कि रोडवेज बस में सफर के दौरान उस पर किसी का संदेह नहीं गया। बचते हुए शहर पहुंच गया।



पकड़े गए तस्कर।

- क्राइम ब्रांच ने चरस की डिलीवरी देते जाते समय पकड़ा



भारत के टी-20 विश्व कप का फाइनल जीतते ही आर्यनगर चौराहे पर हजारों का हुजूम उमड़ पड़ा और भारत माता की जय के नारे गूंजे। अमृत विचार



तिरंगा लहराते युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। अमृत विचार

# भारत की भव्य जीत पर होली-दिवाली मनी एक साथ

## फाइनल मैच जीतते ही सड़कों पर आई भीड़, तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए, खूब चले पटाखे और कई जगह की गई आतिशबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**40** से ज्यादा स्थानों पर की गई आतिशबाजी | **30** से अधिक स्थानों पर एलईडी पर देखा मैच | **10** मंदिरों में किया गया हवन-पूजन

**अमृत विचार।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को भारत व न्यूजीलैंड के बीच खेले गए टी-20 क्रिकेट मैच फाइनल में भारत की ऐतिहासिक जीत पर शहर में एक साथ होली और दीवाली मनाई गई। शहर के प्रमुख चौराहों पर क्रिकेट प्रेमियों ने तिरंगा झंडा लहराया और जमकर पटाखे छुड़ाए। कई जगहों पर जीत पर ढोल व नगाड़े बजे। आसमान पटाखों की आवाज से गूंज उठा। अबीर-गुलाल के साथ क्रिकेट प्रेमियों ने जश्न मनाया और भारत माता जय के नारे लगाए। इस जीत को ऐतिहासिक क्षण बताया। प्रशंसकों ने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा व ईशान किशन की जमकर तारीफ की। शिवम दूबे के अंतिम ओवर में चौके-छक्के को याद किया। वहीं, शहर में भारत की जीत के लिए जिन लोगों ने हवन-पूजन किया, उनकी भी मुराद पुरी हुई।



चौराहों पर तिरंगा लहराती भीड़। अमृत विचार

## बड़ी स्क्रीन पर लोगों ने देखा भारत का मैच, कई जगह थीम पार्टियां भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में टी-20 फाइनल मैच का उत्साह चरम पर रहा। पूरे दिन शहरवासी मैच देखने के लिए उतावले रहे। शहर में कई स्थानों पर थीम पार्टियां भी हुईं। बड़ी स्क्रीन पर क्रिकेट प्रेमियों ने उत्साह के साथ मैच देखा।

शाम होते ही शहरी क्रिकेट मैच देखने के लिए जुट गए। स्वरूप नगर व तिलक नगर की कई सोसाइटी में लोगों में अकेले घरों में मैच देखने के बजाय सामूहिक रूप से मैच देखा। कई होटल व रेस्टोरेंट में भी मैच की थीम हावी रही। स्वरूप नगर स्थित रेस्टोरेंट में आने वाले लोगों को भारतीय क्रिकेट की जर्सी पहने लोगों ने स्वागत किया। इन रेस्टोरेंट में बड़ी स्क्रीन में मैच देखते हुए लोगों ने फूड इंज्वॉय किया। फूलबाग और सिविल लाइंस में भी बड़ी स्क्रीन में चौके और छक्कों का आनंद लिया गया। उधर व्यापारियों ने राधामाधव मंदिर के ब्लॉक किदवई नगर में वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की जीत के लिए हवन पूजन किया। इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के साथ केके गुप्ता, सुनील मिश्रा, पवन गौड़, प्रखर श्रीवास्तव, शरद मिश्रा,विनोद शुक्ला उमेश मिश्रा रविशंकर मिश्रा, मनोज मिश्रा पप्पू अवस्थी ने हवन पूजन किया।

### आनंदेश्वर मंदिर में जीत के लिए पूजन

- कानपुर। आनंदेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं ने मैच शुरू होने से पहले भगवान शिव का अभिषेक कर जीत के लिए कामना की। भक्तों ने प्रभु का अभिषेक किया और भारत की जीत के लिए मनौती मांगी। भक्तों ने शिव चालीसा, रुद्राष्टकम और शिव तांडव का गायन किया। इसके साथ ही जागेश्वर महादेव मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर में भी अभिषेक पूजन के साथ भक्तों ने प्रभु से भारतीय टीम की जीत के लिए कामना की।

## सिटी ब्रीफ

### हजरते रुकइया की याद में जलसा

**कानपुर।** रमजान-उल-मुबारक की 17 तारीख को पैगंबर मोहम्मद साहब की शहजादी (बेटी) के यौमे विसाल (जन्मदिन) की याद में तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत की ओर से चमनगंज में जलसा आयोजित किया गया जिसमें तंजीम के सदर कारी हाफिज मोहम्मद फैसल जाफरी ने विचार रखे।

### सैकड़ों मरीजों की निशुल्क हुई जांच

**कानपुर।** आवास विकास लखनपुर स्थित ज्योति धाम में रविवार को वरिष्ठ होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ.मेनका और डॉ.राहुल ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमे सैकड़ों की संख्या में मरीज परामर्श के लिए पहुंचे। यहां पर बीपी, शुगर समेत आदि जांचें निशुल्क की गई। बता दें कि डॉक्टर दंपती एस्ट्रोहोम्योपैथिक से लोगों का इलाज आसानी से जटिल बीमारियों से मरीजों को निजात दिलाने का काम कर रहे हैं।

### आज यहां नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** शहर के तिवारी घाट, रानीघाट, विष्णुपुरी व तिलक नगर में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक नहीं रहेगी। जबकि आरबीआई, उर्सला हॉस्पिटल व आरबीआई कॉलोनी में बिजली सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक और आजाद नगर, नवाबगंज व विष्णुपुरी में बिजली दोपहर एक बजे से दो बजे तक नहीं रहेगी।

### सेंट थामस चर्च में मनाया महिला दिवस

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित सेंट थामस चर्च में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें फादर थॉमस कुमार ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए समाज में भेदभाव और रूढ़िवादिता को चुनौती देने का संदेश दिया। फादर राजेश साइमन ने भी प्रार्थना की। इस अवसर पर कई महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# स्वर्ण रथ पर निकाली गई प्रभु आदिनाथ की शोभा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर आनंदपुरी का मनाया गया पंचकल्याणक महोत्सव
- प्रभु का अभिषेक और शांतिधारा का भी आयोजन हुआ, बाहर से भी प्रवचन करने आए संत

**अमृत विचार।** शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर आनंदपुरी का पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित हुआ। महोत्सव के दौरान मंदिर का वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। महोत्सव में स्वर्णमई रथ पर प्रभु आदिनाथ की शोभा यात्रा भी निकाली गई। प्रभु का अभिषेक व शांतिधारा भी हुई।

धार्मिक आयोजन में राजस्थान से आया स्वर्णमई रथ पर श्री 1008 आदिनाथ भगवान को भ्रमण कराया गया। बाल ब्रह्मचारी जय कुमार जैन टीकमगढ़ के सानिध्य में यह आयोजन हुआ। अनूप जैन ने बताया कि सबसे पहले रथ पर भगवान को लेकर बैठने का सौभाग्य प्रदुम्भ जैन को मिला। रथ के सारथी के रूप में विवेक प्रखर जैन शामिल रहे। कुबेर के रूप में प्रवीण रजत जैन को स्थान मिला। चवर ढुलाने के लिए पदमचंद जैन और राहुल जैन को सौभाग्य मिला। शांति धारा के बाद शोभा यात्रा शुरू हुई। ज्योति महिला मंडल, जैन आनंद यात्रा, नवजोत्सना ग्रुप ,प्रभावना मंडल के सभी सदस्यों ने सहयोग किया। कार्यक्रम में डॉ अनूप जैन, प्रदीप तिजारा, संजीव जैन, शीलचंद जैन, अनिल जैन मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

# चकेरी में युवती ने फंदे से लटक दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अस्पताल ले जाते रास्ते में लोडर हुआ पंचर, गई जान

**अमृत विचार।** चकेरी में मानसिक अस्वस्थ युवती कमरे का दरवाजा बंद कर फंदे से लटक गई। पता चलने पर दरवाजा तोड़कर परिजनों ने उसे फंदे से उतारा और लोडर से अस्पताल लेकर भागे। लेकिन रास्ते में लोडर पंचर हो गया। किसी तरह साधन करके परिजन अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत बता दिया। सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम भेजा।

अहिरवां के संजीवनगर निवासी रूप देवी सब्जी की दुकान लगाती हैं। हादसे में उनके पति मुन्ना के दिव्यांग होने से वह काम करने में अस्मर्थ हैं। रूपादेवी ही सब्जी बेचकर परिवार का खर्च चलाती हैं। परिजनों ने बताया कि उनकी 19 वर्षीय बेटी आकांक्षा गौतम ने बीते साल हाईस्कूल पास किया था। उसके बाद मानसिक अस्वस्थ होने के कारण वह उसका इलाज चल रहा था। लेकिन दवाओं से लाभ नहीं हुआ। परिजनों के अनुसार शनिवार को मौका देखकर आकांक्षा ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और कुंडे से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद उसकी मां सब्जी बेचकर घर पहुंची तो खिड़की से झांककर देखा बेटी फंदे पर लटका पाया। इस पर शोर मचाया। आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे और कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से नीचे उतारा। आकांक्षा को लोडर में डालकर अस्पताल के लिए भागे, लेकिन रास्ते में लोडर पंचर हो गया। इस पर ई-रिक्शे से लेकर उसे अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों के अनुसार अगर समय से पहुंच जाते तो बेटी को बचा लेते। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा।



मुख्यमंत्री से मिलते शहर के भाजपा नेता। अमृत विचार

# सुधारी जाएगी सरसैया घाट रोड और गुरुद्वारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर के भाजपा नेता मुख्यमंत्री से मिले

**अमृत विचार।** भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर सरसैयाघाट मार्ग और गुरुद्वारा का कायाकल्प करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में गुरुद्वारा सरसैया घाट के मुख्य सेवादार सरदार रमेंद्र सिंह भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को गुरुद्वारा सरसैया घाट का महत्व और वहां होने वाली आध्यात्मिक गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 14 अप्रैल को गुरुद्वारा सरसैया घाट में आयोजित होने वाले ''विशेष लंगर'' में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# हजरत अली की याद में मजलिस और मातम

**कानपुर।** हजरत अली की याद में नवाब दूल्हा साहब पटकापुर में मजलिस पढ़ी गई। अंजुमनों ने नौहाख्वानी की और मातम किया गया।

रविवार को अंजुमन रिजविया की जानिब से शहादत-ए-अमीरुल मोमिनीन इमाम अली के सिलसिले में मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ से आए मौलाना सैयद सईदुल हसन ने कहा कि हजरत अली की जिंदगी इंसाफ, इल्म और मजलूमों की हिमायत का बेहतरीन नमूना है। इस मौके पर अंजुमन नय्यरुल इस्लाम और अंजुमन गुन्चे मेहदिया ने नौहाख्वानी पेश की।

मजलिस में नवाब मुमताज, परवेज जैदी, राशिद अली जैदी, इब्ने हसन जैदी, डॉ. जुल्फिकार अली रिजवी, हैदर रजा, नकी हैदर, जफरूल हसन, नवाब हुसैन, नवाब फरहत समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जल्द शुरू होगा 100 बेड का अस्पताल : पाठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विधायक महेश त्रिवेदी के आवास पहुंचे डिप्टी सीएम

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रविवार को विधायक महेश त्रिवेदी के आवास पहुंचे। यहां उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात की और हाल ही में विवाह बंधन में बंधे नवदम्पति शुभम और सोनम को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद व मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नौबस्ता स्थित 100 बेड के अस्पताल के लिए संसाधन और कर्मचारियों की स्वीकृति दे दी गई है। अस्पताल के लिए जरूरी संसाधन भी उपलब्ध हो चुके हैं और जल्द ही कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद अस्पताल को चालू कर दिया जाएगा। इस दौरान विधायक महेश त्रिवेदी ने उप मुख्यमंत्री को एक पत्र सौंपकर जागेश्वर अस्पताल के जीर्णोद्धार तथा टीबी अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों की तैनाती और आधुनिक जांच उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर उप मुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी से रिपोर्ट तलब की है। कार्यक्रम में कानपुर दक्षिण उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अभिषेक पांडेय और नीरज गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री का 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री की पत्नी नम्रता पाठक, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह सहित आशा त्रिवेदी, प्रभा त्रिवेदी, अनूप त्रिवेदी, निधि त्रिवेदी, शिवम त्रिवेदी, उदित त्रिवेदी, सागर त्रिवेदी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शुभ घड़ी | बाल भवन फूलबाग में आयोजन, नवदम्पत्तियों को अतिथियों ने दिया आशीर्वाद

# राठौर समाज के 12 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री सर्व साहू राठौर चेतना सेवा समिति (उप्र) की ओर से रविवार को बाल भवन, फूलबाग में राठौर समाज का 16वां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 12 जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान नवयुगलों ने एक-दूसरे को जयमाला पहनाई और अग्नि के सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में कर्नलगंज निवासी गगन साहू और आर्या साहू का विवाह भी समारोह में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर 'गुरू' तथा समाज के गौरव अशोक कुमार साहू, सीमा गुप्ता और ओंकार नाथ गुप्ता ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार साहू ने बताया कि संस्था अब तक 193 जोड़ों का विवाह सफलतापूर्वक संपन्न करा चुकी है।

उन्होंने कहा कि समाज आज शिक्षा, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के पदाधिकारी प्राण साहू, सतीश, संजय, सोमराज, कैलाश, राजाराम साहू, रामनारायण साहू और रमेश साहू सहित महिला मंडल प्रमुख संध्या साहू, पुष्पा साहू, आरती साहू, अनीता साहू और प्रीति साहू का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर के.के. साहू, डॉ. वी.के. साहू, डॉ. हिमांशु साहू, राजू, सुरेश साहू, बिंदा कुमार साहू और विकास साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



समारोह में मौजूद वर-वधू और अतिथि। अमृत विचार

# स्वस्थ जीवन के लिए वजन घटाना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शरीर में अत्यधिक वसा जमा होने से मोटापा बढ़ने लगता है, जिसके बाद शरीर डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, स्ट्रोक, कैंसर, जोड़ों के दर्द और स्लीप एपनिया जैसी 20 से अधिक जानलेवा बीमारियों की गिरफ्त में आ जाता है। ऐसे में बैरिएट्रिक सर्जरी न सिर्फ मोटापा कम करने में काफी लाभदायक साबित हो रही है, बल्कि शुगर व बीपी की बीमारी में ली जाने वाली दवाओं से भी छुटकारा दिला रही है। यह जानकारी बैरिएट्रिक सर्जन डॉ.अभिमन्यू कपूर ने दी।

इंदिरा नगर, पत्रकारपुरम स्थित ओनिक्स सुपरस्पेशियलिटी क्लिनिक में रविवार को बेरियाट्रिक सक्सेस मीट का आयोजन हुआ, जिसमे बीते 10 वर्षों में बेरिएट्रिक सर्जरी करा चुके मरीज शामिल हुए। रीजेंसी हॉस्पिटल के डॉ.अभिमन्यु कपूर ने बताया कि कई बार डाइटिंग, व्यायाम या दवाओं से भी वजन कम नहीं होता। ऐसे में तब बैरिएट्रिक सर्जरी की सलाह दी जाती है। यह सर्जरी उनके लिए जीवन बदलने वाला विकल्प साबित हो रही है, जिनका वजन बहुत ज्यादा बढ़ चुका होता है।

### ऐसे करें बचाव

- नियमित शारीरिक व्यायाम करें।
- संतुलित और कम कैलोरी वाला आहार का सेवन करें।
- व्यवहार में बदलाव लाना जरूरी है, तनाव से दूर रहें।
- जंक फूड व फास्ट फूड के सेवन से काफी परहेज करें।
- 40 मिनट तक कम से कम पैदल जरूर करें।
- तेल व मसाले युक्त भोजन से परहेज जरूर करें।

## सिटी ब्रीफ

### पति ने मारपीट कर तेजाब डालने की धमकी दी

**कानपुर।** बेकनगंज में अवैध संबंध का विरोध करने पर पति ने मारपीट कर तेजाब डालने की धमकी दी। दूसरी औरत बनकर रहने का दबाव बनाया। पीड़िता ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट कराई है। पेंचबाग निवासी पीड़िता के अनुसार दिसंबर 2024 में उनका निकाह अरहम से हुआ था। उनके एक सात साल का बेटा है। ट्यूशन पढ़ाने के दौरान पति का मेस्टन रोड की महिला से अवैध संबंध हो गए। जानकारी पर विरोध जताया तो पति ने मारपीट की। कहने लगा कि शादी कर ली है, दूसरी औरत बनकर रहना है तो रहो। ससुरालियों ने भी साथ नहीं दिया। पति ने तेजाब डालने की धमकी भी दी। बीती 28 फरवरी को धमकी देकर तलाक मांगा। बेकनगंज थाना प्रभारी मो. मतीन खान ने बताया कि तहरीर पर पति, चाचा और दूसरी और समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की रही है।

### 1131 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया

**कानपुर।** अटल आवासीय विद्यालय में कुल 226 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। कक्षा 6 की 160 और कक्षा 9 की 66 सीटें हैं। इन सीटों के लिए कुल 1199 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 1131 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया जबकि 68 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अपर श्रम आयुक्त, कानपुर मंडल ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, रामपुर नरुवा (बिल्हौर) में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए बीएनएसडी इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि कानपुर नगर केंद्र पर पंजीकृत 492 परीक्षार्थियों में से 459 ने परीक्षा दी

### राधा कृष्ण संग खेली फूलों की होली

**कानपुर।** श्री ओमर वैश्य जगदीश मण्डल कानपुर की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन भी हुए। इनमें राधाकृष्ण की फूलों की होली सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। लोगो ने भी फूलों की होली खेली। फाल्गुन की मस्ती भरे गीतों पर नृत्य एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर होली की बधाई दी। समारोह में संस्था की ओर से टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का लाइव प्रसारण भी किया गया। सभी ने फाइनल का रोमांचक मैच का आनन्द लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मण्डल अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्त, महामंत्री रसिक गुप्ता, रमेश चन्द्र, अनूप, मयंक, गनेश प्रसाद, अमित, सुनील, सर्वेश, अनुपम मौजूद रहे।

# 25 महिलाओं को दिया 'वीमेन आइकॉन ऑफ कानपुर सम्मान



कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शास्त्री भवन, खलासी लाइन में वीमेन एम्पावरमेंट फाउंडेशन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कानपुर की 25 महिलाओं को वीमेन आइकॉन ऑफ कानपुर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएसआईटी कानपुर की को-चेयरपर्सन निर्मला सिंह रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निर्मला सिंह ने दीप प्रज्वलित कर और भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद डॉ. पंकजा ने संस्कृत में गणेश वंदना के श्लोकों का पाठ किया। मंच पर फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस रतन कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विनीता श्रीवास्तव (पूर्व प्रोफेसर, डीएवी), डॉ. सिधांशु राय और प्रदीप शिवहरे मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बनारस से आए कथक नर्तक मनीष शर्मा और ऋचा पांडेय ने मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं ग्रेस ग्रुप के परविंदर सिंह और सुजाता अरोड़ा ने बॉलीवुड के गोल्डन हिट गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का संचालन चंडीगढ़ से आईं सुश्री नवनीत कौर ने किया। इस अवसर पर डॉ. नीलम त्रिवेदी, डॉ. पारुल गोयल, डॉ. अमिता शुक्ला, डॉ. सुचरिता खन्ना, अनीता श्रीवास्तव, डॉ. प्रत्यूष वत्सला, कनिका मिश्रा, चेतना चतुर्वेदी, दर्पण दीप श्रीवास्तव, डॉ. आरती द्विवेदी, सुजाता अरोड़ा, डॉ. बनदेव सिंह और पूजा झा सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया गया।



समारोह का उद्घाटन करतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

- वीमेन एम्पावरमेंट फाउंडेशन का आयोजन, विधिक जागरूकता के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर



वितरक समाज ने महिलाओं का सम्मान किया। अमृत विचार

### महिलाओं का किया सम्मानित

**कानपुर।** महिला दिवस पर समाचार पत्र वितरक समाज की ओर से महिलाओं को सम्मानित किया गया। बारादेवी के दिवंगत पत्र वितरक बाल गोविंद तिवारी की धर्मपत्नी, दिवंगत पत्र वितरक रिंकू तिवारी की मां शांति देवी, नयापुरवा सेंटर के युवा पत्र वितरक धीरज की मां फूलमती को वरिष्ठ पत्र वितरक सुभाष द्विवेदी ने शाल अर्पित कर सम्मानित किया। युवा चिंतक नेता मोनू पंडित ने मिष्ठान प्रदान किया। इस मौके पर दिलीप दुबे, राज कपूर, राम पाल चुन्नी भैया व सभी प्रेस सर्कुलेशन ऑफिसर मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक समाचार पत्र वितरक समाज के संरक्षक मोनू पंडित, संजय मिश्रा ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह वितरक हितों के कार्यक्रम संगठन करता रहेगा।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला डॉक्टरों का सम्मान

## आईएमए में होली मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन



समारोह में रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परेड स्थित आईएमए सभागार में रविवार को होली मिलन समारोह व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टरों व परिजनों ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में सभी सदस्यों ने राधा-कृष्ण की टोली के साथ फूलों की होली खेली।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज व चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला डॉक्टरों के समर्पण, सेवा भावना और चिकित्सा क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। कल्यानपुर विधायक नीलिमा कटियार ने डॉ. मीरा अग्निहोत्री, डॉ. अलका शर्मा, डॉ. आरती लालचंदानी, डॉ. किरण पांडे, डॉ. अर्चना भदौरिया, डॉ. रीता मित्तल व डॉ. किरण सिन्हा को शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उपस्थित सदस्यों ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से देखा। इस दौरान अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, सचिव डॉ.शालिनी मोहन, उपाध्यक्ष डॉ.देबज्योति देबरॉय, सांस्कृतिक सब कमेटी की चेयरमैन डॉ.नीलम मिश्रा, वित्त सचिव डॉ.विशाल सिंह, डॉ.रेनू सिंह गहलौत, डॉ. स्मिता सिंह, डॉ.विकास मिश्रा, डॉ. रोली मोहन, डॉ.राशि मिश्रा, डॉ. हेमलता शुक्ला, डॉ. सपना मेहरोत्रा समेत आदि डॉक्टर रहे।

- आईएमए सभागार में महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम

### ये मेरी मां की दुआओं का असर...

**कानपुर।** बड़ा चौराहा मेट्रो स्टेशन पर रविवार को कानपुर मेट्रो ने इंकटेल्स संस्था के सहयोग से एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। शो योर टैलेंट के तहत कार्यक्रम में महिलाओं के साथ पुरुष प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया और अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। कविता के साथ ओपन माइक के अंतर्गत किस्से, गीत और नृत्य की भी प्रस्तुति हुई। कवि अंकित ने कहा कि ये मेरी मां की दुआओं का असर है, जो डूबता हूं तो दरिया उछाल देता है। कवि नवीन ने मां के सारे गहने बिक गए बच्चों को बड़ा बनाने में पंक्तियों से खूब वाहवाही लूटी। कवि विनय कुमार माधव ने कहा कि नारी तुम नारायणी हो, कवयित्री अंकिता श्रीवास्तव ने कहा मैं अपनी जिंदगी की स्वयं चित्रकार हूं और कवयित्री तृप्ति ठाकुर ने कहा वो स्त्री है, उसे समझाना बहुत आसान है कविता प्रस्तुत कीं। पापा ऐसा वर ढूंढो, जिसको औरत समझ में आए और कभी बेटी बनकर घर की रोशनी बनी जैसी रचनाओं ने श्रोताओं का मन मोह लिया। मेट्रो ट्रेन के अंदर महिला उपलब्धियों को समर्पित एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। अंतरा शर्मा, चांदनी, ऐश्वर्या सिंह, राज, रजत शुक्ला, शादाब आदि कवियों ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से काव्य गोष्ठी में विशेष रंग प्रदान किया।



राजकीय बाल गृह में समारोह हुआ। अमृत विचार

# बालिकाओं का सम्मान किया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन धनराशि दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं बाल सेवा योजना के तहत चयनित बालिकाओं तथा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र सौंपते हुए सम्मानित किया गया।

रविवार को राजकीय बाल गृह (बालिका), स्वरूप नगर परिसर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विधायक कल्याणपुर नीलिमा कटियार, सदस्य राज्य महिला आयोग पूनम द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, उप निदेशक पुनीत कुमार मिश्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह तथा निदेशक अचिन्त्य फाउंडेशन दिशा अरोड़ा आदि मौजूद रहे। वक्ताओं ने महिलाओं और बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निदेशक अचिन्त्य फाउंडेशन दिशा अरोड़ा ने राजकीय बाल गृह (बालिका) की बालिकाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए अपनी संस्था की ओर से सहयोग देने की पहल की। इस दौरान जुपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महिला सशक्तीकरण का आयोजन किया गया जिसका सजीव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से राजकीय बाल गृह (बालिका) में देखा गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

- बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई

# गंगा मेला पर कल बदला रहेगा यातायात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को गंगा मेला एवं हटिया मेला जुलूस को देखते हुए यातायात विभाग ने प्रातः 8 बजे से जुलूस समाप्त होने तक कई रूटों पर डायवर्जन किया है। परेशानी से बचने के लिए घर से निकलने के पहले ये पता कर लें कि कौन कौन से रूटों पर डायवर्जन रहेगा।

- प्रात: 8 बजे से हटिया जुलूस समाप्ति तक डायवर्जन रहेगा



### ऐसे रहेगा यातायात में बदलाव

- माल रोड स्थित मेघदूत चौराहे से कोई भी वाहन वीआईपी रोड होते हुए सरसैय्याघाट चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा। ये वाहन मेघदूत चौराहे से बड़ा चौराहा होते हुए जाएंगे।
- मर्चेंट्स चेंबर हाल के तिराहे की ओर से आने वाले वाहन जिनको ग्रीनपार्क चौराहा होकर सरसैय्याघाट चौराहे की तरफ जाना है, ऐसे वाहन ग्रीनपार्क चौराहे से आगे नहीं जा सकेंगे बल्कि ग्रीनपार्क चौराहे से दाहिने मुड़कर एमजी कालेज चौराहा होकर चलेंगे।
- डीएवी तिराहा से कोई भी वाहन सरसैय्याघाट चौराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। इन्हें डीएवी तिराहे से दाहिने मुड़कर मधुबन तिराहा होकर जाना होगा।
- कोई भी वाहन सरसैय्याघाट की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि ऐसे वाहनों को चेतना चौराहे की ओर से जाना होगा।
- किला तिराहे की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हें गुप्तार घाट होकर सरसैय्याघाट चौराहा जाना है। ऐसे वाहन गुप्तार घाट तिराहे से आगे नहीं जा सकेंगे बल्कि गुप्तार घाट तिराहे से बाएं मुड़कर व्यायामशाला तिराहे से मेघदूत तिराहा होकर जाना होगा।
- कोई भी वाहन चेतना चौराहा से सरसैय्याघाट चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि ऐसे वाहन पुलिस आफिस तिराहे या व्यायामशाला तिराहे से होकर चलेंगे।

### यहां वाहन पार्क करें

- महिला थाना से जेल तक सड़क के दोनो तरफ नवीन सभागार कैंपस (वीआइपी पार्किंग)
- पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता कार्यालय के सामने सरसैय्याघाट मीडिया पार्किंग)
- क्राइस्ट चर्च कालेज मैदान (निकट किला तिराहा) पार्किंग
- फूलबाग अंडर ग्राउंड पार्किंग
- चेतना चौराहा पर जेएनके इंटर कालेज मैदान के अंदर पार्किंग
- ग्रीनपार्क स्टेडियम के तीनों ओर सड़क पर वीआइपी रोड को छोड़कर पार्किंग



होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

# गले मिले, फूल बरसाए और होली के गीत गाए

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आज़ाद नगर स्थित सनातन धर्म विद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में संतों, नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ समाजसेवियों की भीड़ उमड़ी। फूलों की होली खेली गई और एक-दूसरे से गले मिल शुभकामनाएं दी गईं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी डलिया में फूल लिए फूलों की बारिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि होली एकता का संदेश देने के साथ उल्लास लाती है। पाठक की पत्नी नम्रता भी आई थीं। लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने होली गीतों से ऐसा समा बांधा कि लोग झूमते नज़र आए। संघ के रामजी और भावनी भीख ने आगंतुकों का स्वागत किया। मंच पर लिखा था, विराट सागर समाज अपना, हम सब इसके बिंदु हैं..। संघ के शताब्दी वर्ष में इस आयोजन के जरिये हिंदू एकता और कुटुंब एकता का संदेश देने की कोशिश की गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, शिवराम सिंह, महापौर प्रमिला पांडे, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधायक सुरेंद्र मैथानी, अभिजीत सिंह सांगा, महेश त्रिवेदी, सलिल विश्नोई, अविनाश सिंह, मानवेन्द्र सिंह, अजय कपूर, रघुनन्दन भदौरिया आदि थे।



समारोह को संबोधित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**होली है** — रंगों का वो ठेला, जिसने झुका दिया था अंग्रेजों को, कल एक बार फिर बरसेगा रंग, सराबोर होगा शहर

# गंगा मेला के रंगों में जीवंत है आजादी के रणबांकुरों की कहानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हर शहर कुछ कहता है, उसके पास इतिहास, परंपरा या संस्कृति से जुड़ी कोई न कोई ऐसी कहानी होती है, जो समय के साथ खास पहचान बन जाती है। गंगा मेला भी कानपुर की कुछ ऐसी ही ऐतिहासिक धरोहर है। इस दिन शहर में होली से ज्यादा रंग खेला जाता है। हर साल अनुराधा नक्षत्र में मनाए जाने वाले इस अनूठे उत्सव के साथ होली पर्व का समापन होता है। दिन में रंगबाजी के बाद शाम को गंगा किनारे सरसैयाघाट पर मेला सजता है, जिसमें सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों के साथ पुलिस, प्रशासन और नगर निगम के कैंप लगते हैं। इन कैंपों में पहुंचकर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी और प्रबुद्धजन आम लोगों से गले मिलते हैं। 10 मार्च को होने वाला रंगों का त्योहार गंगा मेला का इतिहास देश की आजादी के दीवानों से जुड़ा है। बात साल 1942 की है, जब देश में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन चल रहा था। शहर का हटिया मोहल्ला प्रमुख बाजार होने के साथ क्रांतिकारियों की शरणस्थली था। होलिका दहन के दिन हटिया के रज्जन बाबू पार्क में युवाओं ने लोहे की एक ऊंची रॉड पर तिरंगा झंडा फहरा दिया। इसकी जानकारी जब तत्कालीन जिला कलेक्टर लुईस को हुई तो उन्होंने फोर्स के साथ कुछ अधिकारियों को मौके पर भेजा। अंग्रेज अधिकारियों ने युवाओं की टोली को तिरंगा झंडा नीचे उतारने का आदेश दिया। इसी बात पर अंग्रेज सिपाहियों और युवाओं के बीच तनातनी हो गई। शहर की कई नामी-गिरामी हस्तियां बीच-बचाव करने पहुंची। लेकिन इसी बीच किसी युवक ने एक अंग्रेज अधिकारी की तरफ अबीर-गुलाल की बौछार कर दी, फिर क्या था बात बिगड़ गई। अंग्रेज फोर्स ने एक दर्जन से अधिक युवाओं और प्रमुख लोगों को साजिश रचने के आरोप में पकड़कर सरसैया घाट स्थित कारागार में डाल दिया। इस घटना से शहर में गुस्सा फैल गया और लोगों ने अंग्रेज अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया। होली का त्योहार नहीं मनाया गया। बाजार बंद कर दिए गए। लगातार पांच दिन आंदोलन जारी रहने से अंग्रेज अधिकारी घबरा गए और गिरफ्तार लोगों को छोड़ने का फैसला किया। जिस दिन गिरफ्तार किए गए युवाओं की जेल से रिहाई हुई, उस दिन अनुराधा नक्षत्र की तिथि थी। पूरे शहर से लोग जेल के बाहर पहुंच गए। रिहाई की खुशी में शहर में उसी दिन होली मनाने का फैसला हुआ। हटिया से रंग भरा भैंसा ठेला निकाला गया और जमकर रंग खेला गया।



होली मेला में हटिया से निकलता ठेला जुलूस। (फाइल फोटो)

### ... और इस तरह पड़ी थी हफ्ते भर की कनपुरिया होली की नींव

- गंगा मेला से पहले भी शहर में हफ्ते भर की होली मनाए जाने की परंपरा थी। दरगारी लाल द्वारा 1870 में लिखी गई किताब 'तवारीख-ए-कानपुर' में सात दिन की होली का उल्लेख मिलता है। बताते हैं, प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक शहर होने के कारण शहर में दूर-दूर से व्यापारी आते थे, इसके चलते बाजार बंद नहीं हो पाता था, जबकि होली के दौरान फसल पककर तैयार होने से बाजार में काम करने वाले कर्मचारियों और मजदूरों को घर जाना होता था। इसी समस्या को देखते हुए व्यापारियों ने होली से अनुराधा नक्षत्र तक दुकान-प्रतिष्ठान बंद करना तय किया। फिर क्या था, होली से अनुराधा नक्षत्र तक शहर में रंग खेलने की परंपरा पड़ गई और देश भर में कानपुर ऐसा इकलौता शहर बन गया, जहां होली का त्योहार सात दिन मनाया जाने लगा। हालांकि अब शहर में होली और गंगा मेला पर ही रंग चलता है।

न्यूज ब्रीफ

### ट्रांसफार्मर से उपकरण और तेल चोरी

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गौरा-कठेरवा गांव के बाहर लगे ट्रांसफार्मर से गांव व उसके मजरों में विद्युत आपूर्ति होती है। शनिवार देररात चोरों ने ट्रांसफार्मर पलट दिया और उसमें भरा तेल निकालने के साथ अंदर लगे तांबा, पीतल व जस्ता के कीमती उपकरण खोल ले गए। रविवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर पड़ी तो ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरा मिला। यह देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर विभागीय अधिकारी पहुंचे। फीडर प्रभारी अभिषेक गौड़ ने अजगैन कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि फीडर प्रभारी की ओर से प्रार्थनापत्र मिला है। रिपोर्ट दर्ज कर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं चोरी के बाद गांव में रात से विद्युत आपूर्ति ठप है। विभागीय अधिकारी आपूर्ति शुरू कराने के प्रयास में लगे हैं।

### खेलकूद प्रतियोगिता के लिए छात्र रवाना

**उन्नाव, अमृत विचार :** अयोध्या में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियों की बस रविवार को बीएसए कार्यालय के सामने से जिला व्यायाम शिक्षिका अनीता वर्मा ने रा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस में मंडल स्तर पर विभिन्न खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 68 खिलाड़ी थे। बस दोपहर बाद 2 बजे निकली। जो डा. भीमराव आंबेडकर इंटरनेशनल डाबा सेमर आमौना अयोध्या पहुंचेगी। इस दौरान विवेक तिवारी, मयंक, सूर्यम, पुरुषोत्तम, विनय त्रिपाठी, निखिल बाजपेई, अनुदीप श्रीवास्तव, आदित्य दीक्षित, उमेश मिश्रा आदि रहे।

# अफसरों, माननीयों व संस्थाओं ने किया महिलाओं का सम्मान

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली महिलाओं का बढ़ाया उत्साह



महिला को सम्मानित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व सदर विधायक पंकज गुप्ता। सीओ सफीपुर सोनम सिंह को सम्मानित करते एसएसपी जय प्रकाश सिंह।

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को जिले भर में महिलाओं को सम्मानित करने के लिये विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें अफसर, जन प्रतिनिधि व संस्थाएं शामिल रहीं। सभी ने विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया गया।

### महिलाओं का सम्मान पूरे देश का सम्मान: पंकज गुप्ता

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को निराला प्रेक्षागृह में जिला प्रशासन द्वारा महिला सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। शुभारंभ जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना दीक्षित व एडीएम सुशील कुमार गोंड ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिकंदरपुर सरोसी की छात्राओं ने गीत पेश कर अतिथियों का अभिनंदन किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय व जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार के संयोजन में आयोजित इस समारोह में कुल 24 महिलाओं को शाल, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा, एसडीएम हसनगंज प्रज्ञा पांडे, उन्नति विश्वकर्मा, शिक्षिका सारिका चतुर्वेदी, सुजाता गुप्ता, सोनू सिंह, रचना सिंह, मुसर्रत फातिमा व वार्डन नीलिमा अवस्थी रहीं। इसमें समाजसेवी मृदुला अस्थाना व ट्रांसजेंडर बोर्ड की अध्यक्ष लकी किन्नर व पूर्णिमा किन्नर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्मला देवी, उमा मिश्रा, विद्या देवी, निरंजनी देवी, ऋतु श्रीवास्तव व उषा देवी भी रहीं। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि सरकार की योजनाओं से महिलाएं न केवल लाभान्वित हो रही हैं बल्कि वे देश के आर्थिक विकास में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म में महिला शक्ति का स्रोत रही है। विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की मांग पर मुख्यमंत्री से उनके मानदेय बढ़ाने पर वार्ता करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान शिक्षक विश्वनाथ तिवारी विधि एवं परिवीक्षा अधिकारी अवधेश कुमार, राणा रिशेंद्र सिंह, चंद्रकांता जोशी और रामलाली आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं को किया सम्मानित

**उन्नाव :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को पुलिस लाइन में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस कर्मियों व समाजसेवी महिलाओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, पुष्पगुच्छ व मां दुर्गा का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। समाज व पुलिस व्यवस्था में उनकी भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद ने महिला सशक्तिकरण पर स्वयं रचित गीत प्रस्तुत किया। वहीं एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने सम्मानित महिलाओं को बधाई देकर उनके कार्यों की सराहना की। सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा, सीओ सफीपुर सोनम सिंह व सीओ लाइन विनी सिंह ने भी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। समारोह में प्रभारी निरीक्षक डब्ल्यूसीएसओ संतोष कुमारी, परिवार परामर्शदाता शिल्पी श्रीवास्तव, प्रभा यादव, तबस्सुम नफीस, डॉ. शशि रंजना अग्निहोत्री सहित कई महिला पुलिस कर्मियों, परामर्शदाताओं व विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। संचालन आरआई सचिन राय व परिवार परामर्श समिति के प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने किया।

### शुक्लागंज की आशाबहुओं को किया गया सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएमओ कार्यालय में महिला गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें शुक्लागंज की दो आशा बहुओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कंचन नगर निवासी सुनीता कुशवाहा व आदर्श नगर निवासी रंजीता को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। दोनों ने शुक्लागंज क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को योजना के प्रति जागरूक किया और पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीएमओ ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके प्रयासों से अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है।

### दहेजमुक्त गांव में महिलाओं को किया गया सम्मानित

उन्नाव, अमृत विचार। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विकासखंड बिछिया के दहेजमुक्त गांव सेवाखेड़ा पोस्ट नेवरना में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान गौरी शंकरपुर ग्रांट व महिला मंडल अध्यक्ष भाजपा बिछिया सीमा राजपूत रहीं। इसमें महिलाओं के अधिकार व कर्तव्य के बारे में जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षिका केंद्रीय विद्यालय प्रीती गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुशीला, नशामुक्ति अभियान में सहयोगी स्वाती वर्मा, दीपांशी, पर्यावरण व स्वच्छता के लिए रानी राजपूत, भगतिन, कमला पाल, सर्वेश कुमारी, मां बहार देवी महिला समूह अध्यक्ष रिंकी वर्मा, सन्नो रसोईया, निशा, सुनीता, फूलमती, मुन्नी बेन, सरोजनी, रजोली, अनीता, राजकुमारी, रामदेवी, सुमित्रा लोधी सहित 30 महिलाओं को अंगवस्त्र, मेडल व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी ने फूलों की होली खेली खेली और होली गीत व फाग आदि भी हुआ। कार्यक्रम प्रभारी भरत कुमार ने सबका आभार जताया। बीएसएनएल से रिटायर्ड समाजसेवी हरीराम पाल, भीखा पाल, प्रेम शंकर, अमरेश लोधी, धीरज राजपूत, पंकज, देशराज, अंकुल आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### आयुष्मान कार्ड बनाने में अव्वल महिला कर्मी हुईं सम्मानित

**उन्नाव :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश ने आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयुष्मान भारत योजना की सफलता में महिला कर्मियों का समर्पण अहम है। इसमें आयुष्मान कार्ड बनाने व मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में योगदान देने वाली महिलाओं के कार्यों की समीक्षा भी की गई। इस दौरान आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डॉ. जयराम सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आशुतोष पाण्डेय, जिला शिकायत निवारण प्रबंधक आलोक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


सीएमओ से सम्मानित हुईं स्वास्थ्यकर्मी।

### विद्यालय की प्रगति में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण

**उन्नाव :** विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्ष व सम्मान के साथ मना। प्रबंधक नवीन भारतीय ने विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षिकाओं को धन्यवाद व सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय की प्रगति में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानाचार्य माणिक भारतीय ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विचार व्यक्त किए। इसमें विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं व महिला कर्मियों ने मनोरंजक खेलों में भाग लिया। इस अवसर पर केक काटकर उत्सव मनाया गया।



केक काटकर महिला दिवस मनातीं विद्यालय की शिक्षिकाएं।

# चोरी के माल संग तीन शातिर चोर गिरफ्तार

● हथौड़ा, लोहे की रॉड और 10,900 रुपये बरामद

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से चोरी में इस्तेमाल किया गया हथौड़ा, लोहे की रॉड व 10,900 रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार 6 मार्च को बिंदा नगर निवासी किशन राठौर ने गंगाघाट कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि चोरों ने उनके घर से जेवरात व नकदी चोरी कर ली है। इसमें पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। रविवार को बिंदा नगर चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने फोर्स के साथ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में मो. फैसल निवासी मकइया ताल रहमत नगर गंगाघाट, मो. रेहान निवासी बेगमपुरवा टीपी नगर थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर व फैसल निवासी भूडपुर मछरिया थाना नौबस्ता कानपुर नगर शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से एक हथौड़ा, एक लोहे की रॉड व 10,900 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पारिवारिक विवाद में दो महिलाओं और युवक ने फंदे से लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली व आसीवन थानाक्षेत्र में दो विवाहिताओं ने पति से हुए विवाद के बाद फंदे से लटककर जान दे दी। वहीं अजगैन कोतवाली अंतर्गत ननिहाल में रह रहे युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से परिजनों में चीखपुकार मची है। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

केस -1

### पति से विवाद के बाद फंदे से लटक दी जान

सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र के खटई गांव निवासी अनीता (35) पत्नी गुड्डू को अपनी छोटी बहन व देवरानी गायत्री पत्नी बबलू के साथ रविवार दोपहर अपने मायके माखी थानाक्षेत्र के पूरा निस्फ पंसारी गांव जाना था। तभी पति गुड्डू से उसका दोनों बेटों आर्यन व अहम को नहलाने को लेकर विवाद हो गया। पति ने बताया कि इससे नाराज होकर अनीता ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। थोड़ी देर बाद जब बहन गायत्री ने उसे मायके चलने के लिए आवाज दी तो उसने जाने से मना कर उसे अकेले जाने को कहा। थोड़ी देर बाद शंका होने पर झांककर देखा गया तो अनीता दुपट्टे के फंदे से लटक रही थी। किसी तरह दरवाजा खोलकर पति उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी लाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है।


मोर्चरी में बिलखते अनीता के परिजन। ● अमृत विचार

● घटनाओं के बाद से परिजनों में मचा कोहराम

केस-2

### पति के अवैध संबंधों के शक पर महिला ने की खुदकुशी

आसीवन थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कस्बा के अटिया मोहल्ला निवासी विमल अवस्थी प्राइवेट क्लिनिक चलाता है। रविवार को वह रहीमाबाद गांव स्थित क्लीनिक पर बैठा था। उसका इकलौता बेटा आयुष उर्फ शानू कानपुर में पढ़ाई करता है। रविवार को विमल की पत्नी रश्मि (40) ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बेटी की मौत की खबर पर पहुंचे बिहार थानाक्षेत्र के दिलीप नगर कुकरी गांव निवासी पिता श्रीराम शुक्ला ने आरोप लगाया कि दामाद विमल का एक महिला से अवैध संबंध है। इसकी जानकारी रश्मि को हो गई थी। होली की भैयादूज पर बेटी ने इसकी जानकारी मायके में दी थी। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। यदि तहरीर मिलेगी तो जांच की जाएगी।

### ननिहाल में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**नवाबगंज :** असोहा थानाक्षेत्र के महीपत खेड़ा गांव निवासी अनुराग (18) पुत्र दयाराम लोधी बचपन से अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर कुसुंभी गांव स्थित अपने ननिहाल में नाना राम कुमार व नानी रामकुमारी के साथ रहता था। मामा अनूप ने बताया कि इस समय अनुराग लखनऊ में कृषि संबंधी पढ़ाई कर रहा था। होली की छुट्टी पर वह घर लौटा था। रविवार सुबह ननिहाल में मामी रोशनी उसे किसी काम से बुलाने गई तो अनुराग का शव फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुन परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। मामा अनूप ने शक जताया कि लखनऊ में किसी विवाद के चलते भांजे ने जान दी है। चर्चा रही कि पुलिस को वहां सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने अनुराग का मोबाइल फोन कब्जे में लिया है।

# दीप महायज्ञ से जगमगाया मंदिर परिसर

नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** राधाकृष्ण मंदिर परिसर में गायत्री परिवार महिला मंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व अमृत महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को वैदिक मंत्रों की गूंज व यज्ञ की आहुतियों के बीच श्रद्धालुओं ने लोक कल्याण की मंगल कामना की।

रविवार सुबह से वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्य कार्यक्रम के तहत विद्वान आचार्यों के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवपूजन व पंच कुंडीय यज्ञ हुआ। विशेष बात यह रही कि यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार पीले वस्त्रों में शामिल हुए। जिससे पूरा परिसर सात्विक आभा से भर उठा। श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंड में आहुतियां देकर समाज में सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजकों ने बताया कि रविवार शाम विशेष संगीत व प्रवचन का आयोजन हुआ। इसका मुख्य आकर्षण भव्य दीप महायज्ञ रहा। जहां सैकड़ों दीपों की रोशनी से मंदिर परिसर जगमगा उठा। दीपों की लौ के बीच गायत्री मंत्र के जप ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। सोमवार को कार्यक्रम का समापन होगा।


गायत्री दीपयज्ञ में शामिल होतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

● गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन वैदिक मंत्रों से गूंजा मंदिर परिसर

# इंडिया की जीत को विधायक ने किया हवन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले टी-20 फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया की प्रचंड विजय और ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने रविवार को बड़ा चौराहा स्थित झण्डेश्वर महादेव मंदिर में विजय हवन किया।

मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में जीत के विश्वास के साथ-साथ आस्था और खिलाड़ियों के प्रति सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। हवन के पश्चात मंदिर प्रांगण में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां सदर विधायक ने स्थानीय खिलाड़ियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इसी अवसर पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। क्षेत्रवासियों और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए विधायक पंकज गुप्ता ने मंदिर परिसर के बाहर बड़ी स्क्रीन लगवाई। मैच के दौरान हर चौके और छक्के पर समर्थकों का जोश देखने लायक था। इस मौके पर विधायक ने कहा हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा और उनका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भारतीय टीम विश्व पटल पर एक बार फिर अपना परचम लहराएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विमल द्विवेदी, प्रवीण सिंह 'नूतन', साधना दीक्षित, प्रियंका शुक्ला, गुड्डू तनेजा, निखिल, विकास बाजपेई, शंकर श्रीवास्तव व ब्रजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।


मैच के दौरान जश्न मनाते सदर विधायक पंकज गुप्ता।

● सामूहिक रूप से मैच देखने के लिए लगवाई बड़ी स्क्रीन

### फूलों की होली व झांकी के साथ मना समारोह

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गोपीनाथ जन कल्याण समिति गोपीनाथपुरम द्वारा रविवार को एक अतिथि लॉन में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसमें राधा–कृष्ण की आकर्षक झांकी व फूलों की होली मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इसमें पहुंचे लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर व फूलों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने ठंडाई व चाट का आनंद भी लिया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता व आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। आयोजकों ने बताया कि समिति हर वर्ष ऐसे समारोह कर लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास करती है। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, केदारनाथ तिवारी, शशि प्रभा तिवारी, अंजनी अग्निहोत्री, सूर्यकुमार बाजपेई, श्रीप्रकाश मिश्रा, अनुज तिवारी, विजय सिंह, सुभाष शुक्ला, डीसी शुक्ला, कमलाकांत त्रिपाठी, विष्णु प्रसाद पांडे, रामकृष्ण यादव, श्रवण कुमार सिंह, रामप्रकाश यादव, अवनीश शुक्ला, धीरज सिंह, नीरज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### रीयूनियन 2026 में पूर्व छात्र-छात्राओं का हुआ मिलन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** विद्या मंदिर परिवार का बहुप्रतीक्षित रीयूनियन 2026 कार्यक्रम शनिवार को हर्षोल्लास से आयोजित हुआ। इसमें विद्यालय के शुरुआती बैच से हाल के बैच तक के सैकड़ों पूर्व छात्र–छात्राएं शामिल हुए। वर्षों बाद एक–दूसरे से मिलकर सभी ने पुरानी यादें ताजा कीं और स्कूल के दिनों को याद कर भावुक हो उठे। कार्यक्रम में कॉमेडियन ऋषि पंडित की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रही। उनके हास्य और मनोरंजक अंदाज ने लोगों को खूब हंसाकर माहौल खुशनुमा बना दिया। इसमें विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य रमेश सिंह, रमेश अवस्थी, प्रवीण पांडे व अवध किशोर आदि शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों व पूर्व छात्रों की आत्मीय मुलाकात ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। पूर्व छात्र–छात्राओं में राहुल तिवारी, दुर्गा मिश्रा, कृष्ण कुमार पांडेय, गौरव शर्मा, विवेक मिश्रा, अमित पांडेय आदि शामिल हुए। आयोजन समिति के शिवेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व में अखिलेंद्र प्रताप सिंह, अनंत द्विवेदी, विशाल श्रीवास्तव, अमर सविता, हिमांशु चौरसिया, देवी प्रसाद मौर्या व दीपंकर गौतम आदि ने कार्यक्रम सफल बनाया।


रीयूनियन कार्यक्रम में मौजूद पूर्व छात्र–छात्राएं।

### स्वास्थ्य मेले में 64 मरीजों का हुआ परीक्षण

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** राजमार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवाएं बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ दवाइयां दीं। वहीं अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 64 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां बांटी गईं। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इसमें अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अभिषेक अवस्थी, आलोक मिश्रा, विपिन पांडेय मौजूद रहे।

उठाई आवाज

ज्योतिषपीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने योगी सरकार पर बोला बड़ा हमला

# हिंदुत्व का चोला पहनने वाले कालनेमि की जांच हो : शंकराचार्य

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** ज्योतिषपीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सीएम योगी आदित्य नाथ के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए उनके आचरण को हिंदुत्व के विपरीत बताया। शहर के एक गेस्ट हाउस में पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला के नेतृत्व में हुए स्वागत समारोह के दौरान शंकराचार्य ने न केवल सीएम की सार्वजनिक जवाबदेही पर सवाल उठाए बल्कि गौरक्षा मुद्दे पर 11 मार्च को लखनऊ में 'धर्म युद्ध' का शंखनाद करने का भी ऐलान किया।

शंकराचार्य ने माघ मेले के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए कालनेमि वाले बयान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जब मुख्यमंत्री स्वयं साधु-संतों से प्रमाण मांग रहे हैं तो सबसे पहले उनकी ही कसौटी पर जांच होनी चाहिए। एक संन्यासी का आचरण व जीवनशैली विशिष्ट होती है। चूंकि वह हमारा वोट लेकर मुख्यमंत्री बने हैं इसलिए वे जनता के प्रति जवाबदेह हैं। क्या एक हिंदू को हिंदुत्व पर सवाल पूछने का हक नहीं है। शंकराचार्य ने गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा न मिलने पर गहरा रोष जताया। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि वर्ष-2012 के बाद से उत्तर प्रदेश में करीब 18-19 लाख देशी गायों की संख्या कम हुई है। आरोप लगाया कि एक ओर सरकार गो-भक्ति का ढिंढोरा पीटती है और दूसरी ओर देश से बीफ का निर्यात बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदेश सरकार को दिया गया 40 दिन का समय लगभग समाप्त हो चुका है और अब 11 मार्च को लखनऊ के कांशीराम स्मृति उपवन में धर्मयुद्ध का शंखनाद होगा। यौन शोषण का आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर हाल ही में हुए हमले पर शंकराचार्य ने संदेह जताया। उन्होंने इसे शातिर अपराधी की चाल बता कहा कि खुद पर हमला कराकर प्रदर्शन करना पुरानी कला है। उन्होंने सरकार से मांग की कि आशुतोष को सुरक्षा दी जाए ताकि वह कोर्ट में उनके विरुद्ध जो भी फर्जी प्रमाण देना चाहते हैं वह पेश कर सकें। इससे पूर्व शहर पहुंचने पर शंकराचार्य का जोरदार स्वागत हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उन्हें आसन ग्रहण कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक व प्रबुद्ध वर्ग के लोग उपस्थित रहे।


आयोजन के बाद गेस्ट हाउस से निकलते स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती।

### रूट क्लियर न होने से स्टेशन पर कुछ देर रुकी शताब्दी व एलटीटी

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** रूट क्लियर न होने से शताब्दी व लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को रविवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार दोनों ट्रेनों के आने से पहले एक मालगाड़ी को उन्नाव की ओर रवाना किया गया था जिससे ट्रैक खाली होने में देरी हो गई। गंगाघाट स्टेशन पर शताब्दी एक्सप्रेस सुबह 11:45 बजे पहुंची और 4 मिनट रुककर 11:49 बजे सिग्नल मिलने पर रवाना की गई। इसके बाद लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस 11:57 बजे स्टेशन पहुंची और एक मिनट रुककर 11:58 बजे रवाना हुई। रेलवे अफसरों के अनुसार कानपुर से लखनऊ की ओर मालगाड़ी गुजरने से रूट कुछ देर तक व्यस्त रहा। इसके चलते दोनों ट्रेनों को गंगाघाट स्टेशन पर थोड़ी देर रोकना पड़ा।



तुम इस दुनिया में रहते नहीं हो, बल्कि यहां से गुजर रहे हो।

–रूमी, सूफी

## बदलाव का बवंडर

बालेन शाह नेपाल के प्रधानमंत्री बनेंगे अब तकरीबन तय है। पर उन पर या उनकी सरकार पर कोई टिप्पणी उनके पदासीन होने, सरकार गठन के बाद ही उचित है। फिलहाल उनके दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रभावशाली प्रदर्शन ने यह बताया है कि नेपाली जनता अब राजनीतिक बदलाव की आकांक्षी है। भ्रष्टाचार, सुस्त विकास, अस्थिर सरकारों से निराश मतदाताओं ने एक अपेक्षाकृत नई राजनीतिक शक्ति को मौका देकर संदेश दिया है कि पारंपरिक राजनीति के विकल्प की तलाश अब केवल बौद्धिक चर्चा नहीं, जनभावना बन चुकी है। पार्टी ने चुनाव प्रचार में पारदर्शिता, सुशासन और विकासोन्मुख प्रशासन को अपना मुख्य एजेंडा बनाया। यह वही मुद्दे हैं, जिन पर दशकों से नेपाली जनता पारंपरिक दलों से असंतुष्ट रही है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार-विरोधी और सत्ता-विरोधी नारों ने मतदाताओं के बीच पैठ बनाई।

शुरुआती विश्लेषणों बताते थे कि पहले से बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरएसपी तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाएगी, क्योंकि नेपाल की राजनीति में संगठनात्मक जड़ें, स्थानीय नेटवर्क और जातीय-क्षेत्रीय समीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। परिणामों ने इन धारणाओं को गलत साबित कर दिया। आरएसपी ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और सुदूर इलाकों में भी बेहतर प्रदर्शन किया। इससे संकेत मिला कि पारंपरिक दलों के प्रति असंतोष केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह देशव्यापी भावना बन चुका है। बार-बार की राजनीतिक अस्थिरता, गठबंधन सरकारों की विफलता, रोजगार के अवसरों की कमी और व्यापक भ्रष्टाचार ने आम नेपाली नागरिक को निराश किया है। यही कारण है कि पारंपरिक दलों के दशकों पुराने शासन के प्रति असंतोष धीरे-धीरे राजनीतिक विकल्प की तलाश में बदल गया। इस सफलता के पीछे युवा मतदाताओं की भूमिका अहम रही, जो वैश्विक राजनीति और प्रशासनिक मॉडल से परिचित होने के साथ पारंपरिक राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने के लिए अधिक मुखर है। पारंपरिक दलों के प्रति उनका अविश्वास इस चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। युवाओं ने आरएसपी को केवल एक पार्टी के रूप में नहीं, बल्कि राजनीतिक परिवर्तन के प्रतीक के रूप में देखा। केवल युवा ही नहीं बड़ी उम्र के मतदाताओं और ग्रामीण समाज ने भी परिवर्तन की आवश्यकता को महसूस किया। इसके अतिरिक्त वैश्विक नेपाली प्रवासी समुदाय और डिजिटल डायस्पोरा की सक्रियता भी इस चुनाव में महत्वपूर्ण कारक रही। विदेशों में रहने वाले लाखों नेपाली सोशल मीडिया के माध्यम से राजनीतिक बहस में सक्रिय रहे और उन्होंने परिवर्तन के विचार को व्यापक समर्थन दिया। फिर भी इस अप्रत्याशित सफलता के साथ कई चुनौतियां भी सामने हैं। किसी भी नई पार्टी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा सत्ता में आने के बाद शुरू होती है।

आरएसपी के पास वास्तव में मजबूत जनादेश है, उसे पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और विकास के ठोस परिणाम दिखाने होंगे। साथ ही उसे संगठनात्मक मजबूती, नीति-निर्माण की क्षमता और अनुभवी नेतृत्व की कमी जैसी चुनौतियों से भी जूझना होगा, बहरहाल नेपाल की जनता ने परिवर्तन की इच्छा व्यक्त कर दी है।

### प्रसंगवश

## खाली होते गांव और बड़े होते शहर

भारत की अधिकांश जनता आज भी गांवों में रहती है और उसकी आजीविका का मुख्य स्रोत खेती ही है। इसीलिए भारत को गांवों का देश भी कहा जाता है। पिछले कुछ दशकों से गांवों से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। 2001 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का लगभग 72.22 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती थी, वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 68.84 रह गया। नवीनतम आंकड़े के अनुसार अब प्रतिशत गिरकर 63.13 रह गया है। ग्रामीण जनसंख्या के पलायन के मूल कारणों में रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रमुख रूप से हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन प्रमुख आर्थिक स्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पारिवारिक विघटन के कारण खेतों का आकार लगातार छोटा होता जा रहा है, जिससे खेती की लागत अधिक एवं लाभ कम हो रहा है। उपज का महंगाई के हिसाब से उचित मूल्य न मिल पाना भी एक कारण है। महंगाई के कारण किसानों की जुताई, बुवाई, कटाई, मड़ाई सभी महंगी होती जा रही है। बेमौसमी बरसात एवं आंधी तूफान के कारण भी किसानों की फसल नष्ट हो जाती है। छुट्टा जानवर भी किसानों के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं यदि ग्रामीण क्षेत्रों का परिभ्रमण किया जाए तो यह मालूम होगा कि सभी खेतों की कटीले तारों से किलेबंदी है। जिन खेतों में कटीले तार नहीं हैं, वहां पर फसल बिल्कुल बर्बाद मिलेगी। इस कारण भी लोगों का खेती से मोह भंग हो रहा है और वह आजीविका के लिए शहर की ओर पलायन कर रहे हैं ।



रवींद्र त्रिपाठी
शिक्षक

शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। शहरों में उच्च स्तरीय अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा का पूर्णतया अभाव है। शिक्षा से लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है, इसीलिए शिक्षित होने के लिए भी ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन हो रहा है, क्योंकि धीरे-धीरे गांवों में भी लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं और शिक्षा को विकास का जरूरी अंग भी समझ रहे हैं। फलस्वरुप पलायन बढ़ रहा है।

पलायन का तीसरा प्रमुख कारण चिकित्सीय सुविधा है। वर्तमान समय में भोजन की गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से खाद्य अनाज काफी प्रदूषित हो गया है। प्रदूषित भोजन वायु एवं जल के सेवन से स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिससे अब बीमारियां आम बात हो गई हैं। मधुमेह और रक्तचाप के रोगी आपको हर घर में मिल जाएंगे। इन रोगों का इलाज गांव में आसानी से उपलब्ध नहीं है, जबकि शहर में चिकित्सा की उन्नत सुविधा है। काफी लोग इन्हीं रोगों की बेहतर देखभाल के लिए शहर में घर बना रहे हैं, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से हो रहा है।

अन्य बुनियादी सुविधाएं भी ग्रामीणों को शहर की ओर आकर्षित कर रही हैं। अच्छी सड़क, शुद्ध पेयजल एवं बिजली की सुविधा भी ग्रामीणों को शहर की ओर खींच रही हैं। गांवों में भी बिजली की सुविधा है, लेकिन उपलब्धता बहुत कम है। प्रायः ग्रामीण क्षेत्रों में शहर के मुकाबले विद्युत आपूर्ति कम मिलती है। बढ़ते तकनीकी युग में अब बिजली आवश्यक जरूरत बन गई है, इसिलिए भी पलायन हो रहा है। पलायन को रोकने में ग्रामीण रोजगार सृजन प्रमुख हो सकता है। इसके अतिरिक्त चिकित्सीय सुविधा एवं शिक्षा व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करके हम गांवों से शहर की ओर हो रहे पलायन को रोक सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# पड़ोसी नेपाल के जनादेश पर भारत की नजर





नवीन गुप्ता
बरेली

भारत और नेपाल के बीच रोटी और बेटी का संबंध है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहे। वहां की जनता तो भारत को बेहद प्यार करती है, लेकिन राजनीतिज्ञों के चीन के प्रति झुकाव से इन रिश्तों में कड़वाहट आई है। नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने बड़ा राजनीतिक बदलाव किया है। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की सरकार नेपाल में बनेगी। बालेन इस सरकार के मुखिया होंगे, यह तय है, क्योंकि पार्टी ने उनके चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था।

अब सवाल यह है कि भारत विरोधी पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली को 50 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराने वाले बालेन का रुख भारत के प्रति कैसा रहता है। पूर्व में कुछ ऐसे कदम उन्होंने उठाए थे, जिससे यह कहा जा सकता है कि उनका नजरिया भारत के प्रति बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री पद पर आने के बाद वे भारत को किस चश्मे से देखते हैं, यह देखना अहेम होगा।

नेपाल में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के पलायन से नाराज जेन जी ने पिछले साल बड़ा आंदोलन किया था। कहा जाता है कि अंदरखाने इस आंदोलन का नेतृत्व बालेन शाह ने किया था। युवाओं ने न सिर्फ संसद में तोड़फोड़ की थी, बल्कि प्रधानमंत्री आवास समेत तमाम मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के आवास को भी आग के हवाले कर दिया था। मौके की नजाकत को भांपते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने पद से त्यागपत्र दे दिया था और वहां पर आंतरिक सरकार का गठन किया गया था। केपी ओली का झुकाव चीन के प्रति सदैव रहा। उनके कार्यकाल में न सिर्फ सरकार में चीन का दखल बढ़ा, बल्कि चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया। चीन के राजनयिक वहां की सरकार में पूरा हस्तेक्षप करते थे, यह सरकार के फैसलों में दिखता भी था।

> बालेन के नेपाल का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। उन्होंने कर्नाटक से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है। उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

यहां तक कि उनकी सरकार ने 100 रुपये के नोट में जो मानचित्र प्रकाशित किया था, उसमें भारत के उत्तराखंड राज्य के लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपना क्षेत्र बता दिया था। ओली सरकार के इस फैसले का भारत सरकार ने कड़ा विरोध भी किया था। नेपाल में परंपरा रही है कि शपथ के बाद प्रधानमंत्री सबसे पहले भारत का दौरा करते थे, लेकिन केपी ओली ने तो इस परंपरा को तोड़ते हुए पहली विदेश यात्रा में चीन गए थे और भारत के विरोध वाले प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को नेपाल से जोड़ने की पैरवी तक कर आए थे।

जब उनकी सरकार गिरी, तो उन्होंने भारत का नाम लिए बिना यही कहा था कि उनकी सरकार को गिराने में विदेशी ताकतों का हाथ है, हालांकि चुनाव के समय जनता का मूड वे भांप गए थे और भारत के साथ रिश्ते सुधारने की बात करने लगे थे, पर मतदाताओं ने उनकी नहीं सुनीं और बालेन शाह की पार्टी को सत्ता सौंपने का फैसला किया, हालांकि बालेन शाह ही प्रधानमंत्री होंगे अभी यह तय नहीं है, लेकिन उनके चेहरे पर ही आरएसपी ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में उनकी ताजपोशी की प्रबल संभावना है।

बालेंद्र शाह उर्फ बालेन 2022 में काठमांडू के निर्दलीय मेयर चुने गए थे। जेन जी आंदोलन के दौरान युवाओं ने उनके समक्ष अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ की तरह इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि वे चुनाव जीतकर सरकार चलाना चाहते हैं। जनवरी 2026 में वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए थे। यह पार्टी रवि लामिछाने द्वारा संचालित है।

काठमांडू से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बालेन शाह ने भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है, इसलिए कभी उनका भारत से काफी गहरा जुड़ाव रहा है, लेकिन उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो कि यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भी भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने अपने कार्यालय में 'ग्रेटर नेपाल' का मानचित्र लगाया था। इस मानचित्र में भारत के कुछ हिस्से को नेपाल का बताया गया था। इसका विरोध भी हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष के एक डॉयलाग को लेकर नेपाल में हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने की चेतावनी भी दे दी थी। बालेन को अमेरिका का कट्टर समर्थक और चीन का विरोधी माना जाता है। ऐसे में उनके सत्ता में आने से चीन की चिंताएं भी बढ़ेंगी, क्योंकि चीन के निवेश का उन्होंने सदैव विरोध किया।

सत्ता संभालने के बाद भारत के प्रति उनका रुख क्या होगा, अभी इस संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। वैसे आरएसपी का नजरिया भारत के प्रति सकारात्मक रहा है। पार्टी नेतृत्व भारत के साथ संतुलित और समानता-आधारित संबंधों की वकालत करता है, जिससे नेपाल के अपने आर्थिक विकास और संप्रभुता को बल मिले। अब इस पार्टी से जुड़कर सत्ता में आने के बाद बालेन क्या कदम उठाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

भारत सरकार ने नेपाल की मदद हर मौके पर की है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा से जुड़ी रही हो या फिर किसी अन्य किसी घटना से। ऐसे में माना जा रहा है कि बालेन भी भारत के प्रति सकारात्मक रुख रखेंगे। वहां भारत के निवेश को बढ़ाने के साथ ही चीन के दखल को भी कम करेंगे। वैसे तो केपी ओली की सरकार में वहां पाकिस्तान की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी थी। इससे भारत सरकार की चिंताएं बढ़ गईं थीं, लेकिन अब चीन के साथ ही पाकिस्तान की सक्रियता भी कम होगी। ऐसी उम्मीद है।

### आमने सामने



एक आदिवासी राष्ट्रपति का इस तरह अपमान करना लोकतंत्र और आदिवासी समुदाय के सशक्तीकरण में विश्वास रखने वालों को दुखी करता है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का सम्मान होना चाहिए।

–नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

पश्चिम बंगाल के खिलाफ कई केंद्रीय संस्थाएं और सत्ता प्रतिष्ठान एक साथ खड़े हो गए हैं। बंगाल के लोग मजबूती से डटे हुए हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। जब पूरा सिस्टम बंगाल के खिलाफ खड़ा हो जाता है, तो बंगाल और मजबूत हो जाता है। आगे बढ़ो।

–अभिषेक बनर्जी
टीएमसी नेता



# ईरान पर हमला व गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों की भूमिका



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका, इजराइल, ईरान और मिडिल ईस्ट में गरजती मिसाइलों की चीखों के बीच चंद शांति की अपीलें महज औपचारिकता तक सीमित हैं। गुटनिरपेक्ष राष्ट्र एकजुट होकर नियमों के विरुद्ध युद्ध को रुकवाने की सख्ती बरतें तो शायद दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की विध्वंसकारी खतरों की आशंकाओं से बच जाए। यूनाइटेड नेशन और शांति की पैरोकारी की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र संघ, जिनेवा समझौता कहां है? आसमान से बरसता बेलगाम बारूद का कहर रोकने वाला कोई शांति पसंद महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर या यासिर अराफात नजर नहीं आ रहा। शांति के नोबेल पुरस्कार पाने वाले भी खामोश हैं।

युद्ध के इस महा सीजन में दुनिया के देशों की गिरोहबंदी अभी पूरी तरफ से तय नहीं है। कौन कितना ताकतवर है? कौन किसके साथ है? कौन किसका साथ देने वाला है? सैन्य शक्ति में किसमें कितना दम है? किस देश का क्या सरकारी फरमान है? किसकी क्या विदेश नीति है? बहुत सारी बातें अभी खुल कर तय नहीं हो पाई हैं। ज्यादातर बयान गोल-मोल और अस्पष्ट हैं। विदेश नीतियों के पत्ते खुलकर सामने नहीं आ रहे। मानवता के आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों को ताख पर रखकर ज्यादातर देशों की कूटनीति सी एंड वॉच पर अटकी है, लेकिन एक बात तय है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर दुनियाभर की आवाम में गुस्सा बढ़ रहा है। ट्रंप ज़माने भर के चौधरी क्यों बन जाते हैं, युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के विरुद्ध दुनिया में अशांति फैलाने पर क्यों आमादा हैं?

> यूएन और शांति के पैरोकारों की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है।

ऐसे तमाम तर्कसंगत सवालों के साथ दुनियाभर की अवाम का क्रोध धीरे-धीरे मुखर होने लगा है। अमेरिका की दादागिरी को सातवें आसमान तक पहुंचाने वाले डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिकन्स भी खासे नाराज दिखे रहे हैं। युद्ध से परहेज़ का वादा करके दूसरी बार सत्ता पाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति की तानाशाही नीतियों से अमेरिका पर बार-बार युद्ध थोपने से उनके देश के ही नागरिकों की बड़ी आबादी नाखुश है।

भारतीय अवाम पहले ही ट्रंप के ऊल-जलूल बयानों और फैसलों से क्रोधित है। आपरेशन सिंदूर में सीज फायर करवाने के दावे करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ने टैरिफ के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने की साज़िश की हो, या रूस से तेल न लेने का दबाव बनाया हो, पहलगाम हमले में भारतीय नागरिकों को आतंकी साजिशों से बेदर्दी से मारने वाले पाकिस्तान को महान और अपना दोस्त बताने वाले ट्रंप की हर हरकत नाकाबिले बर्दाश्त है। भारतीय नागरिकों को हथकड़ी-बेड़ी डालकर भारत वापस करने का अपमान हो, भारतीय जनता अमेरिका के राष्ट्रपति को लेकर आग बगूला है। महाशक्ति और वर्ल्ड पॉवर समझकर विश्व के अधिकांश देश भले ही अमेरिका के खिलाफ खुल कर सामने नहीं आ पा रहे हों, पर भारत सहित दुनिया की अवाम का रुख बता रहा है कि यदि शक्ति का दुरुपयोग ऐसे ही होता रहा, तो जनता जनार्दन की शक्ति महाशक्ति की शक्तियों को जीर्ण-शीर्ण कर देगी।

जनता के दबाव में दुनिया के राष्ट्रप्रमुखों को ट्रंप के खिलाफ एकजुट होना ही पड़ेगा। न सिर्फ दुनिया में बल्कि अमेरिका की जनता में भी अपने राष्ट्रपति के विरुद्ध आक्रोश दिखाई पड़ने लगा है। किसी राष्ट्र के राष्ट्रपति को घर में घुसकर उठा लाने से लेकर, किसी देश के सुप्रीम लीडर को घर में घुस कर मार देना, बच्चों के स्कूलों पर मिसाइलें और रिहायशी इलाकों में बम बरसाने की शुरुआत किसने की? युद्ध और मानवाधिकारों के विरुद्ध नरसंहार को नहीं रोका जा सका, तो ये बात स्वीकार लेना चाहिए कि दुनिया जंगल राज पर चल निकली है? यानी कोई किसी को भी चीरफाड़ कर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सबको डरा सकता है। अपनी ताकत का विस्तार कर दुनिया को अपना गुलाम बनकार जंगल राज को वैधानिक बता सकता है।

युद्ध के भी कानून हैं। दुनिया नियमों-कानूनों से चलती है। बच्चियों के स्कूल पर मिसाइल दाग देना या बम बरसा देना युद्ध तो नहीं, ये अमानवीयता की पराकाष्ठा है, नरसंहार है। लोग कह रहे हैं कि एपस्टीन फाइल की चर्चाओं को इस युद्ध ने रोक दिया और एपस्टीन फाइल ने कई राष्ट्राध्यक्षों को अमेरिका के खिलाफ बोलने से रोक दिया, लेकिन एपस्टीन फाइल से युद्ध तक छोटी-छोटी बच्चियों के साथ जो हुआ, उसे व्यक्त करने के लिए अमानवीय, हृदयविदारक, महापाप... जैसे शब्द भी बौने हैं।

दुनिया की बड़ी संस्थाएं अमेरिका के विरुद्ध कोई सख्त कदम नहीं उठा रही हैं। इजरायल और अमेरिका का ईरान में रिजीम बदलने का प्रण तबाही का दायरा बढ़ाता जा रहा है। मिडिल ईस्ट के संपन्न खाड़ी देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। इजराइल की चर्चित खुफिया एजेंसी मोसाद यहां से भी ईरान की टोह लेती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## वो अभिनय नहीं, सच था

मीना कुमारी हिंदी सिनेमा की 'ट्रेजेडी क्वीन' कही जाती हैं। लोग कहते हैं कि वह पर्दे पर दुख बहुत अच्छी तरह निभाती थीं, लेकिन सच यह है कि वह दुख निभाती नहीं थीं, वह दुख जीती थीं। उनकी आंखों में जो नमी दिखती थी, वह अभिनय नहीं थी, वह उनकी जिंदगी का सच था।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

पचास के दशक का समय था। कमाल अमरोही उस समय एक स्थापित लेखक और निर्देशक थे। उसी दौर में उनकी मुलाकात एक बेहद कम उम्र की अभिनेत्री से हुई, जिसका नाम था मीना कुमारी। मीना उम्र में उनसे बहुत छोटी थीं, लेकिन प्रेम उम्र नहीं देखता। मुलाकातें बढ़ीं, भरोसा बना और दोनों ने निकाह कर लिया। शुरुआत में सब कुछ किसी फिल्मी कहानी की तरह लगता था, लेकिन जिंदगी फिल्मों की तरह नहीं होती। एक दिन किसी बात पर विवाद हुआ। कहा जाता है कि किसी फिल्म के मुहूर्त के दौरान मीना कुमारी के मेकअप रूम में किसी को आने देने को लेकर कुछ हुआ। इतना हुआ कि कमाल अमरोही ने अपने एक सहायक के हाथों अपनी ही पत्नी को पिटवा दिया। जिस स्त्री ने प्रेम में अपना सब कुछ सौंप दिया हो, उसके लिए इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता था। मीना कुमारी ने घर छोड़ दिया। रिश्ता टूट गया। तलाक हो गया।

कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।

मीना कुमारी उस समय तेजी से उभरती हुई अभिनेत्री थीं। उनका नाम, उनकी शोहरत, उनकी पहचान सब बढ़ रही थी। कमाल अमरोही ने उन्हें फिर मनाने की कोशिश की। माफी मांगी, लेकिन बीच में एक धार्मिक दीवार खड़ी थी। तलाक के बाद दोबारा निकाह के लिए 'हलाला' की शर्त थी। कहा जाता है कि दुबारा पाने के लिए मीना कुमारी की शादी किसी और व्यक्ति से करवाई गई। फिर उस व्यक्ति से तलाक दिलवाया गया, ताकि बाद में कमाल अमरोही उनसे दोबारा निकाह कर सकें।

किसी के साथ इससे बड़ा अन्याय क्या हो सकता है? जिस आदमी पर उसने भरोसा किया, उसी ने उसे दूसरे के हवाले कर दिया। दुर्भाग्य अगर किसी के पीछे लग जाए, तो वह आसानी से पीछा नहीं छोड़ता। मीना कुमारी की जिंदगी में भी यही हुआ। कमाल अमरोही के साथ उनका रिश्ता हलाला और दुबारा निकाह के बाद भी स्थिर नहीं हो पाया। वह अकेली पड़ती गईं। अवसाद ने उन्हें घेर लिया। शराब उनकी साथी बन गई।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## पश्चिम एशिया के तनाव के बीच-ऊर्जा संकट की दस्तक

ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक तेल बाज़ार में गहरी चिंता पैदा कर दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे कुल तेल आयात का लगभग 50–52 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से आता है। यदि यह समुद्री मार्ग अवरुद्ध होता है, तो भारत पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार का कहना है कि देश के पास लगभग 6–7 सप्ताह का रणनीतिक तेल भंडार उपलब्ध है, जिससे कुछ समय तक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। आज ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है और वर्तमान में बड़ी मात्रा में तेल मध्य-पूर्व से खरीदा जाता है। ऐसे में क्षेत्रीय संकट का सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों और आम नागरिकों की जेब पर पड़ना स्वाभाविक है। तेल की कीमतें पहले ही 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं। यदि यह वृद्धि जारी रहती है, तो महंगाई, चालू खाता घाटा और सरकारी व्यय पर दबाव बढ़ेगा। परिवहन, उर्वरक, हवाई यात्रा तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।



सुनील कुमार महला
लेखक

अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति और जटिल हो गई है तथा टकराव के नए मोर्चे खुल रहे हैं। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान के तेहरान सहित कई शहरी क्षेत्रों पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि ईरान ने अमेरिकी सहयोगी खाड़ी देशों के ठिकानों को निशाना बनाना शुरू किया है। इज़रायली हमलों के कारण चार मार्च को तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को स्थगित करना पड़ा। वास्तव में, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य को अवरुद्ध करने की कार्रवाई ने न केवल एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है, बल्कि विश्व व्यापार की धुरी को प्रभावित किया है।

भारत भी इससे अछूता नहीं है। बुधवार तक फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में भारतीय ध्वज वाले 37 जहाज फंसे हुए बताए गए हैं। इन पर 1100 से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। कुछ जहाज भारत के लिए कच्चा तेल और एलएनजी लेकर आ रहे थे, जबकि कुछ खाड़ी देशों में पेट्रोलियम उत्पाद लेने जा रहे थे। शेयर बाजार में 1123 अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के पार चला गया। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो तेल की कीमतों में 13-15 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है और साथ ही साथ ब्रेंट क्रूड के दाम और ऊपर जा सकते हैं।

होर्मुज मार्ग बाधित होने के कारण जहाजों को अब केप ऑफ गुड होप के रास्ते से लाया जा रहा है, जिससे परिवहन में लगभग दो सप्ताह का अतिरिक्त समय और लगभग 40 प्रतिशत अधिक लागत लग सकती है। इसके परिणामस्वरूप भारत के निर्यात में 15 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है। जानकारों का यह मानना है कि तेल कीमतों में संभावित तेजी से परिवहन एवं खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा और महंगाई दर 1-2 प्रतिशत तक ऊपर जा सकती है तथा इससे किराना और यात्रा खर्च में भी वृद्धि होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# गर्मियों में कपड़ों का सही चुनाव

## आराम और स्टाइल का कॉम्बिनेशन


गर्मियों की तपती धूप और उमस में कपड़ों का सही चुनाव केवल स्टाइल नहीं, बल्कि सेहत और आराम के लिए भी जरूरी है। इस मौसम में कॉटन और लिनन जैसे प्राकृतिक रेशों वाले कपड़े सबसे उपयुक्त होते हैं, क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। रंगों का चयन भी महत्वपूर्ण है, सफेद और हल्के रंग सूरज की किरणों को परावर्तित करते हैं, जिससे गर्मी कम लगती है। तंग कपड़ों के बजाय ढीले-ढाले डिजाइन चुनें ताकि हवा का संचार बना रहे। सही पहनावा चुनकर हम न केवल पसीने और घमौरियों से बच सकते हैं, बल्कि गर्मी के सफर को सुखद और सहज भी बना सकते हैं।



नूर हिना खान
लेखिका







### सही फैब्रिक का चयन करें

गर्मियों में सबसे महत्वपूर्ण है कपड़े का फैब्रिक। सूती (कॉटन) कपड़ा इस मौसम के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि यह पसीना सोखता है और शरीर को ठंडा रखता है। मलमल, लिनन और खादी भी अच्छे विकल्प हैं, क्योंकि ये हल्के और हवा पार होने वाले होते हैं। इसके विपरीत, पॉलिएस्टर या अन्य सिंथेटिक कपड़े गर्मी में असुविधा बढ़ा सकते हैं। ये पसीना रोकते हैं और त्वचा पर चिपकने लगते हैं। इसलिए दैनिक पहनावे में प्राकृतिक रेशों से बने कपड़ों को प्राथमिकता देना चाहिए।

### आरामदेह डिजाइन और फिटिंग

गर्मी के मौसम में ढीले और आरामदायक कपड़े पहनना चाहिए। बहुत टाइट कपड़े शरीर से चिपकते हैं और पसीना बढ़ाते हैं। ढीले कुर्ते, कॉटन शर्ट, प्लाजो, स्कर्ट या ढीली पैंट शरीर को हवा लगने देते हैं और आराम प्रदान करते हैं। महिलाओं के लिए सूती सलवार-सूट या कॉटन साड़ी उपयुक्त रहती है, जबकि पुरुषों के लिए हल्की शर्ट और कॉटन ट्राउजर या कुर्ता-पायजामा अच्छा विकल्प हो सकता है।

### सिंथेटिक और मोटे कपड़ों से बचें

गर्मियों में कॉटन, लिनन, मलमल और रेयॉन जैसे कपड़े सबसे अच्छे रहते हैं। ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। सिंथेटिक और बहुत मोटे कपड़ों से बचें, क्योंकि उनमें गर्मी ज्यादा लगती है।

### हल्के रंग पहनें

सफेद, क्रीम, हल्का गुलाबी, आसमानी, मिंट ग्रीन, लैवेंडर और पीले जैसे हल्के रंग गर्मियों में बहुत सुंदर लगते हैं। ये रंग धूप को कम आकर्षित करते हैं और आपको फ्रेश लुक देते हैं।



### ढीला और फ्लोई स्टाइल

बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें। ढीले कुर्ते, ए-लाइन ड्रेस, कॉटन की फ्रॉक, प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ कुर्ती पहन सकती हैं। इससे आप आरामदायक और एलिगेंट दोनों दिखेंगी।

### सॉफ्ट और छोटे प्रिंट्स चुनें

छोटे फूलों वाले प्रिंट, हल्के ब्लॉक प्रिंट या मिनिमल डिजाइन गर्मियों में बहुत अच्छे लगते हैं। ज्यादा भारी और गहरे प्रिंट से बचें।

### मेकअप और एक्सेसरीज

गर्मियों में हल्का मेकअप रखें। छोटे ईयररिंग्स, हल्का दुपट्टा और आरामदायक सैंडल आपके लुक को और निखार देते हैं।

### घर के लिए कंफर्ट और फ्रेश लुक

- कॉटन का सिंपल सूट या कुर्ती + प्लाजो
- हल्के रंग जैसे सफेद, पीच, आसमानी या मिंट ग्रीन
- छोटे फ्लोरल या सॉफ्ट प्रिंट
- बिना भारी मेकअप, सिर्फ काजल और लिप बाम
- बालों की सिंपल चोटी या क्लच
- इससे आप आरामदायक भी रहेंगी और हमेशा फ्रेश दिखेंगी।

### ऑफिस और पढ़ाई के लिए स्मार्ट एलिगेंट लुक



- स्ट्रेट कट कॉटन कुर्ती + पैंट
- सॉलिड रंग जैसे हल्का ब्लू, लैवेंडर, बेज
- बहुत भारी प्रिंट से बचें
- हल्की घड़ी और छोटे ईयररिंग्स
- साफ-सुथरा जूड़ा या पोनीटेल

इससे पर्सनैलिटी प्रोफेशनल और क्लासी लगेगी।

### फंक्शन के लिए ग्रेसफुल आउटफिट

- शिफॉन या जॉर्जेट का हल्का सूट
- फ्लोई अनारकली स्टाइल
- पेस्टल शेड्स पर हल्का गोटा या थ्रेड वर्क
- हल्का हाईलाइटर + न्यूड लिपस्टिक
- स्टेटमेंट ईयररिंग्स

इसमें गर्मी में भी आप एलिगेंट और स्टाइलिश दिखेंगी।


## ओटीटी

# सूबेदार 2026

सेना का एक सूबेदार (अनिल कपूर) जो सेना में देश रक्षा के कर्तव्यवश अपने परिवार की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाता है और यह अपराध बोध उसके मन पर छाया रहता है, जिसे वह किसी से भी बांट नहीं पाता, जब अपने गांव लौटता है, तो व्यवस्था के प्रति उसका क्रोध किस तरह फूटता है यह कहानी है सूबेदार की।

सूबेदार का अपराधबोध जन्य क्रोध उसे अपनी बेटी (राधिका मदान) से भी खुलने नहीं देता, जो दोनों के बीच एक अविश्वास को पैदा कर देता है। यह एक सब प्लॉट है सूबेदार का। एक दोस्त है सूबेदार का (सौरभ शुक्ला) जो हर हाल में साथ है, जो एक से हालात में रहने से पैदा हुई सहानुभूति को दर्शाता है और दूसरी तरफ व्यवस्था में भ्रष्टाचार (कोऑपरेटिव बैंक का माहौल) और गुंडागर्दी ( मोना सिंह, आदित्य रावल और फैसल मलिक) है, जिससे सूबेदार को निपटना है।

कुल मिलाकर सारे के सारे चरित्र अधकचरे हैं सिवाय सूबेदार के और वह भी फिल्म में खुद को जस्टिफाई करने में असफल है। लगता है कि निर्देशक और लेखक का एक मात्र उद्देश्य अनिल कपूर को एक्शन हीरो दिखाकर ओटीटी की दुनिया में जमाना और शायद वह उसमें सफल हुए हैं और इस चक्कर में सौरभ शुक्ला और मोना सिंह जैसे दो बहुत अच्छे एक्टर्स कुर्बान हो गए। दोनों को कुछ डायलॉग्स और सींस मिले हैं, पर दोनों करीब-करीब बेअसर। मोना सिंह कई बार सुरेखा सीकरी की याद दिलाती है, मुझे लगता है वह धीरे-धीरे लुक्स और डायलॉग डिलीवरी में उसके जैसी होती जा रही है, इसे प्रशंसा समझें पर सूबेदार में तो व्यर्थ हो गई हैं। राधिका मदान ने अच्छा रोल किया है, परंतु कमजोर लेखन और निर्देशन की गलतियों के कारण उसका चरित्र स्थापित ही नहीं हो पाता। खुशबू और नाना को दिखाने की आवश्यकता ही क्या थी? बाकी लोगों ने बेकार में खूब फुटेज खाया है।




निर्देशक बहुत समय तक फिल्म में अपने उद्देश्य को ही नहीं बता पाता। कुछ भी क्यों हो रहा है बस आप सोचते रहिए, बल्कि अंत तक कहानी के टुकड़े जोड़ना ही कठिन है। अंत ने तो उद्देश्य रहित लेखन की पोल ही खोल दी है।

सिर्फ अनिल कपूर हैं फिल्म में। ओढ़िये या बिछाइए। पार्श्व संगीत कहीं-कही प्रभावित करता है पर लाउड है। संवाद एकदम बेकार हैं। दृश्यंकन में कल्पना का अभाव है , आसमान में ऊंचे हवाई जहाज की परछाईं जमीन पर आपने देखी है? अगर अनिल और राधिका से आपका मन भरे, एक्शन आपको भाता हो, तो देखिए सूबेदार, कहानी तो बेदम है। सोचिए, क्या हमें फिल्मों में कबीर सिंह, एनिमल, गर्लफ्रेंड के नायकों के अतिचारी चरित्रों से बचना इतना कठिन होता जा रहा है कि कहानी के और कोमल अंगों पर ध्यान ही न दिया जा सके? क्या-क्या और बर्बाद कर के दम लेंगे हम?

*समीक्षक- ब्रज राज नारायण सक्सेना*

# भारतीय सिनेमा के 'ऑर्सन वेल्स' गुरु दत्त

सिनेमा निर्माण के विभिन्न कलात्मक पक्षों में अपने प्रयोगधर्मी प्रयासों के लिए 'भारत के ऑर्सन वेल्स' कहे जाने वाले महान फिल्मकार गुरु दत्त का यह जन्मशती वर्ष है। यह केवल एक कैलेंडर का आंकड़ा नहीं है, बल्कि उस कालजयी सृजन का उत्सव है, जिसने भारतीय सिनेमा को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी। आज पूरी दुनिया एक फिल्मकार के रूप में उनके योगदान के विभिन्न पक्षों की विवेचना कर रही है। उनकी दूरदृष्टि से अचंभित होकर लोग, उन्हें अपने समय से बहुत आगे का रचनाकार मान रहे हैं।



अभिषेक मिश्र
लेखक



**स्मृति के विविध रंग:** इस वर्ष उनकी स्मृति में उनके प्रशंसकों द्वारा वैश्विक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनकी फिल्मों का पुनर्प्रदर्शन, उनकी कृतियों पर आधारित फिल्म फेस्टिवल और कला दीर्घाओं में उनके कार्यों पर परिचर्चाएं यह सब उनके प्रति आज भी कायम दीवानगी का प्रमाण है। विशेष रूप से 'सारेगामा कारवां' के नए संस्करण में गुरु दत्त की फिल्मों के गानों पर एक पृथक खंड का शामिल किया जाना यह बताता है कि उनका संगीतबोध आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दास्तानगोई जैसी पारंपरिक विधाओं के माध्यम से उनकी जीवन यात्रा को नए श्रोताओं तक पहुंचाया जा रहा है। शायद गुरु दत्त की आत्मा आज उस संतुष्टि का अनुभव कर पा रही हो, जो उन्हें जीते जी न मिल सकी।

**प्रारंभिक जीवन :** गुरु दत्त का जन्म 3 जुलाई 1925 को बेंगलुरु में एक मध्यमवर्गीय चितरपुर सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोणे था। उनके व्यक्तित्व के निर्माण में उनके माता-पिता की शैक्षणिक और साहित्यिक पृष्ठभूमि का गहरा प्रभाव था। उनके पिता श्री शिवशंकर राव पादुकोणे एक साहित्य प्रेमी प्रधानाध्यापक थे, जो अंग्रेजी में कविताएं लिखते थे। उनकी मां वसंती पादुकोणे भी लघुकथाएं लिखती थीं और बांग्ला उपन्यासों का कन्नड़ में अनुवाद करती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति और पिता के अंतर्मुखी स्वभाव ने गुरु दत्त को भी एकांतप्रिय बना दिया। जब उनका परिवार कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) स्थानांतरित हुआ, तो वहां के सांस्कृतिक परिवेश ने उनके भीतर के कलाकार को अंकुरित होने का अवसर दिया। यहीं से वसंत कुमार 'गुरु दत्त' बनने की दिशा में अग्रसर हुए।

**कला का प्रवेश:** गुरु दत्त की फिल्मों की सिनेमैटोग्राफी में प्रकाश और छाया (Chiaroscuro) का जो जादुई मेल दिखता है, उसके बीज उनके बचपन में ही पड़ गए थे। उनकी दादी शाम की आरती के लिए जो दिया जलाती थीं, उसकी रोशनी में वे अपनी उंगलियों से दीवार पर छाया आकृतियां बनाया करते थे। दीये का यह खेल उनके जीवन का रूपक बन गया, जैसे एक दिया खुद को जलाकर रोशनी फैलाता है, गुरु दत्त ने भी अपने भीतर के संघर्ष की आग से सिनेमा को रोशन किया।

नृत्य के प्रति उनके लगाव ने उन्हें सुप्रसिद्ध नर्तक उदयशंकर के अल्मोड़ा स्थित 'इंडियन कल्चरल सेंटर' तक पहुंचाया। पांच साल की नृत्य शिक्षा ने उन्हें दृश्य की लय और फ्रेमिंग की अद्भुत समझ दी। यहीं से उनका सफर प्रभात स्टूडियो पहुंचा, जहां उनकी मुलाकात दो अनमोल मित्रों रहमान और देव आनंद से हुई।

### निर्देशन और अभिनय का द्वंद्व

- **फिल्मकार :** गुरु दत्त मूलत: एक ऐसे फिल्मकार थे, जिनके दिमाग में पूरा दृश्य पहले से ही तैयार रहता था, लेकिन वे उसे शब्दों में व्यक्त करने में अक्सर असहज रहते थे। उनकी यह खामोशी अक्सर सेट पर उनके साथियों के लिए पहेली बन जाती थी। यह दिलचस्प है कि अपनी उत्कृष्ट फिल्म 'प्यासा' के लिए वे पहले दिलीप कुमार के पास गए थे, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उन्होंने स्वयं 'विजय' का किरदार निभाया और अभिनय की ऐसी मिसाल पेश की जिसे आज भी मील का पत्थर माना जाता है। कैमरे के प्रति उनकी शुरुआती हिचकिचाहट उनकी फिल्मों 'बाजी' और 'जाल' में छोटी उपस्थिति के रूप में देखी जा सकती है।
- **सिनेमा :** गुरु दत्त की फिल्में उनके निजी जीवन और सामाजिक सरोकारों का प्रतिबिंब थीं। 'प्यासा' के माध्यम से उन्होंने एक ऐसे कलाकार की व्यथा दिखाई, जिसे समाज उसकी मृत्यु के बाद पूजता है। वहीं 'कागज के फूल' भारतीय सिनेमा की पहली 'सिनेमास्कोप' फिल्म थी, जो एक निर्देशक के पतन और अकेलेपन की मार्मिक गाथा थी। यह फिल्म उनके लिए इतनी व्यक्तिगत थी कि जब यह बॉक्स ऑफिस पर असफल हुई, तो उन्होंने इसे अपनी व्यक्तिगत हार मान लिया। उनकी अंतिम निर्देशित फिल्म की असफलता ने उनके आत्मविश्वास को इस कदर झकझोरा कि उन्होंने फिर कभी किसी फिल्म को आधिकारिक रूप से निर्देशित नहीं किया। 'साहब, बीवी और गुलाम' और 'चौदहवीं का चांद' में वे पर्दे पर तो दिखे, लेकिन निर्देशन की कमान दूसरों के हाथों में रही।
- **मानसिक स्वास्थ्य :** गुरु दत्त का जीवन केवल कला की गाथा नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और अवसाद के साथ एक लंबी जद्दोजहद की कहानी भी है। आज जब हम मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते हैं, तब गुरु दत्त का अस्तित्व इस विषय पर चर्चा के एक प्रतीक के रूप में उभरता है। वे अक्सर अपने मित्रों से कहते थे, 'पैसा है, शोहरत है, सब कुछ है, पर कुछ भी नहीं रहा।'
- **अंतिम शॉट व विरासत :** 10 अक्टूबर 1964 की सुबह सिनेमा के लिए एक काला अध्याय लेकर आई। 39 वर्ष की अल्पायु में गुरु दत्त ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मृत्यु के दृश्य का वर्णन भी किसी फिल्म के 'क्लाइमेक्स' जैसा प्रतीत होता है कुर्ता-पाजामा पहने, हाथ में एक अधूरी किताब और चेहरे पर एक गहरी विचार मुद्रा।

## जिंदगी का सफर

# बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार



श्रीदेवी ने अपनी अदाओं और अभिनय की वजह से लोगों के दिलों में जगह बनाई। अभिनेत्री श्रीदेवी के काम की खासियत कड़ी मेहनत और हर चुनौती को पार करने की लगन थी। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया। श्रीदेवी को शुरुआत में हिंदी बिल्कुल नहीं आती थी। उन्होंने अपने करियर में हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम करके यह साबित किया कि अगर इच्छा शक्ति और मेहनत हो, तो कोई भी भाषा या बाधा आपके रास्ते में नहीं आ सकती। वह साउथ के बाद बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार कहलाईं।

श्रीदेवी का जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपट्टी में हुआ। उनके पिता का नाम अय्यपन और मां का नाम राजेश्वरी था। उनके पिता एक वकील थे। श्रीदेवी ने छह साल की उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनका फिल्मी करियर दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुआ। उन्होंने तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें 1971 में मलयालम फिल्म 'मूवी पूमबत्ता' के लिए केरल स्टेट फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यही समय था, जब उन्होंने यह सीखा कि अभिनय केवल भाषा पर निर्भर नहीं करता, बल्कि भाव और मेहनत सबसे जरूरी हैं।



श्रीदेवी की बॉलीवुड में एंट्री 1979 में हुई। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'सोलहवां सावन' थी। हालांकि उन्हें असली पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म में उनके अभिनय और डांस की अद्भुत कला ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। उन्हें शुरुआत में हिंदी बोलने में कठिनाई होती थी। उन्होंने यह चुनौती पूरी लगन और अभ्यास से पार कर ली। उनके इस संघर्ष ने कई नए कलाकारों के लिए प्रेरणा का काम किया होगा।

श्रीदेवी ने अपने करियर में कई यादगार रोल निभाए। उन्होंने 'चालबाज' में डबल रोल किया, 'सदमा' और 'चांदनी' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग की तारीफ पूरे देश ने की। श्रीदेवी को कई पुरस्कार भी मिले। उन्हें 'चालबाज' और 'लम्हें' के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और साल 2013 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

श्रीदेवी ने करियर में लगभग 200 फिल्मों में काम किया, जिनमें हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्में शामिल हैं। वहीं उन्हें बॉलीवुड की पहली सुपरस्टार भी कहा जाता था। श्रीदेवी ने निजी जीवन को प्राथमिकता देने के लिए इंडस्ट्री से दूरी बनाने का कदम ऐसे वक्त पर उठाया, जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। ब्रेक के 15 साल बाद उन्होंने 'इंग्लिश विंग्लिश' जैसी फिल्म के साथ वापसी करने का फैसला लिया और वही निर्णय उनके जीवन के सबसे प्रेरक अध्यायों में से एक बन गया। 24 फरवरी 2018 को दुबई में उनका निधन हो गया। वह आज भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके जीवन से मिली सीख और उनका संघर्ष हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

# नेपाल: जेन जी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा की जांच पूरी, सरकार को रिपोर्ट सौंपी



- तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को ठहराया दोषी
- प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के जिम्मेदारों के नाम का खुलासा नहीं

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी के प्रदर्शनों के दौरान हुई हत्याओं, आगजनी और तोड़फोड़ की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय आयोग ने रविवार को अपनी रिपोर्ट अंतरिम सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट में तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को दोषी ठहराया गया है।

सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को जांच रिपोर्ट सौंपी गई, हालांकि आयोग प्रमुख और सरकार दोनों ने ही जेन जी के प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम और अन्य संबंधित मुद्दों का खुलासा नहीं किया। दो दिवसीय इस प्रदर्शन के दौरान कुल 76 लोग मारे गए थे, जिनमें आठ सितंबर को 22 युवक और अगले दिन 54 लोगों की मौत हुई थी। सुशीला कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद 21 सितंबर को जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया।

आयोग के अध्यक्ष गौरी बहादुर कार्की ने कहा कि यह घटना मुख्य रूप से तत्कालीन सरकार के कुशासन और अक्षमता के कारण घटी। उन्होंने कहा कि नौकरशाही और न्यायिक निकायों सहित सरकारी संस्थानों के राजनीतिकरण से लोग हताश थे। आयोग के अध्यक्ष कार्की ने रिपोर्ट सौंपने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, जेन जी के प्रदर्शन के दौरान युवाओं पर गोली चलाने और आदेश जारी करने वालों के साथ-साथ हत्याओं को रोकने के लिए कार्रवाई न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

## संवैधानिक व्यवस्था में गंभीर व अक्षम्य

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान राज्य सरकार पर प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इनके मुताबिक मुर्मू के आगमन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मुख्य सचिव या डीजीपी में से कोई भी अगवानी के लिए मौजूद नहीं था। यही नहीं, कार्यक्रम का स्थान अंतिम समय पर बदल दिया गया। यह भी आरोप है कि राष्ट्रपति के लिए बने वॉशरूम में पानी नहीं था और उनके मार्ग में कचरा फैला हुआ था। केंद्र सरकार ने इसे अभूतपूर्व अपमान करार देते हुए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। भारत में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल ब्लू बुक नामक एक गोपनीय दस्तावेज द्वारा निर्धारित किया जाता है जो उनकी यात्रा और कार्यक्रमों के लिए कड़े नियम तय करता है। देश में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के उल्लंघन पहले भी हुए हैं और उन पर कड़े कदम भी उठाए गए हैं।

## प्रोटोकॉल का उल्लंघन



### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल

- राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री किसी राज्य के दौरे पर जाते हैं तो राज्यपाल और मुख्यमंत्री को उनकी अगवानी और विदाई के लिए मौजूद होना चाहिए। मुख्यमंत्री अपनी जगह किसी वरिष्ठ मंत्री को नामित कर सकते हैं।
- भारत में राष्ट्रपति प्रथम नागरिक और सर्वोच्च संवैधानिक पद पर होते हैं, प्रधानमंत्री कार्यकारी प्रमुख होते हैं। किसी भी कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था और संबोधन इसी वरीयता क्रम के अनुसार होता है।
- प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) की ओर से संभाली जाती है। उनके भोजन की जांच मेटल डिटेक्टर से होती है और उनके रसोइयों की जानकारी भी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।
- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रमों के स्थान, मार्ग और अतिथियों की सूची पहले से तय होती है और इसमें अंतिम समय पर कोई भी बदलाव प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन माना जाता है।

### उल्लंघन कितना गंभीर

- इसे केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय का अपमान माना जाता है।
- प्रोटोकॉल में किसी भी प्रकार का विचलन वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।
- पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को केंद्र ने शर्मनाक करार दिया है।

### पहले भी घटनाएं

- पंजाब में रास्ता रोके जाने के कारण मोदी का काफिला फ्लाईओवर पर फंसा रहा।
- वर्ष 2018 में पुरी के जगन्नाथ मंदिर गए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ दुर्व्यवहार।

### क्या कदम उठा सकता है केंद्र

- केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकार के मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांग सकता है। ताजा मामले में बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब मांगा गया।
- कोई अधिकारी चूक करता है तो उसे आपदा प्रबंधन अधिनियम या सेवा नियमों के तहत नोटिस दिया जा सकता है, इसमें जेल या निलंबन का भी प्रावधान है।
- बार-बार प्रोटोकॉल या संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया जाता है तो केंद्र राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर संवैधानिक संकट की चेतावनी दे सकता है।
- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जैसे उच्च पदों से प्रोटोकॉल उल्लंघन की सार्वजनिक आलोचना की जाती है ताकि राज्य सरकार पर नैतिक दबाव बनाया जा सके।

### ये हो सकती है कार्रवाई

- गृह मंत्रालय राज्य के मुख्य सचिव से 24-48 घंटों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगता है।
- कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर या सुरक्षा प्रभारियों को तुरंत निलंबित किया जा सकता है।
- चूक सुरक्षा से जुड़ी है तो एसपीजी या गृह मंत्रालय सीधे जांच के आदेश दे सकते हैं।
- गंभीर मामलों में सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच समिति बना सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को श्रेष्ठ अजेय महिला का पुरस्कार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए श्रेष्ठ अजेय महिला सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इस साल पांच और महिलाओं को भी यह पुरस्कार दिया गया। नुरुन नाहर अख्तर को अर्थ श्रेणी में सम्मान मिला, जबकि बबीता खातून को शिक्षा एवं रोजगार में सफलता पाने वाली महिलाओं की श्रेणी में पहचान मिली। नूरबानू कबीर को सफल मां, शमला बेगम को ज़ुल्म को हराकर जिंदगी की लड़ाई जीतने वाली महिलाएं और अफरोजा यास्मीन को सामाजिक विकास में शानदार योगदान देने वाली महिलाएं श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### आईफोन के नकली पुर्जे बेचने वाले गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में नकली आईफोन 'स्पेयर पार्ट्स (पुर्जे) और एक्सेसरीज' को असली बताकर बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पांच दुकान मालिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस अभियान के दौरान लगभग 1.6 करोड़ रुपये मूल्य की नकली वस्तुएं जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि रोहिणी सेक्टर तीन के एक मॉल और बाजार में स्थित पांच दुकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की गई, जहां से बड़ी मात्रा में नकली पुर्जे और सहायक उपकरण (एक्सेसरीज) बरामद किए गए।

# अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं : मुर्मू

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति का संबोधन, कहा- हम किसी से कमतर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा, हम किसी से कमतर नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है।

मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की अग्रणी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्राम विकास में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं, वहीं महिलाएं रोजगार, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। मुर्मू ने कहा, महिलाओ में दम है, हम किसी से कम नहीं। हममें भी दम है। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं, फिर भी समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने में कई बाधाएं मौजूद हैं।



महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### असाधारण बदलाव ला सकती हैं महिलाएं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने यूट्यूब चैनल पर केरल की छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया। कहा, मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं। राहुल ने लिखा, हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है। महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से ज्यादा बुद्धिमान होती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर बीआर आंबेडकर का लैंगिक समानता पर एक कथन साझा किया, आप दुख सहने के लिए पैदा नहीं हुई हैं। आपने उत्थान के लिए जन्म लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### गौरव का स्रोत हैं भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गर्व का स्रोत हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण उनकी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का मूल आधार है और सरकार ऐसे अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनसे प्रत्येक महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास की यात्रा में योगदान दे सके। उन्होंने एक संदेश में कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं हमारी समूची नारी शक्ति को शुभकामनाएं देता हूं। हर क्षेत्र में महिलाएं संकल्प, रचनात्मकता और बेजोड़ उत्साह के साथ भारत की प्रगति को आकार दे रही हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे राष्ट्र को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प को मजबूत करती हैं।

# वेनेजुएला में ट्रंप ने डेल्सी सरकार को दी मान्यता

मियामी, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का किया शुभारंभ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नशीली दवाओं की तस्करी के विरुद्ध मध्य अमेरिकी देशों के साथ एक सैन्य गठबंधन 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का शुभारंभ किया, साथ ही वेनेजुएला की डेल्सी रोड्रिग्ज सरकार को औपचारिक मान्यता देने की भी घोषणा की।

निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद से ही अमेरिकी देखरेख में रोड्रिग्ज की सरकार देश का प्रशासन चला रही है। ट्रंप ने अंततः इस सरकार को औपचारिक मान्यता दे दी है। मियामी के ट्रंप नेशनल डोरल मियामी होटल में आयोजित बैठक में ट्रंप ने वेनेजुएला के सोने पर भी एक समझौते की भी घोषणा की, हालांकि उन्होंने शर्तों का उल्लेख नहीं किया। साथ ही उन्होंने पनामा नहर पर दोहराया कि वह नहर में प्रतिकूल विदेशी प्रभाव की अनुमति नहीं देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने भाषण का एक बड़ा हिस्सा क्यूबा पर केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि यह द्वीपीय देश अपने अंतिम क्षणों में है। ट्रंप ने कहा कि वह क्यूबा में जन्मे विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माध्यम से सीधे क्यूबा से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे बातचीत करना चाहते हैं और मुझे लगता है कि बहुत आसानी से समझौता हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने इस देश के मैत्रीपूर्ण अधिग्रहण की संभावना से भी इन्कार नहीं किया।

### बादशाह ने 'टटीरी' गीत को सभी मंचों से हटाया, माफी मांगी

**नई दिल्ली।** बादशाह के नए गीत 'टटीरी' में महिलाओं और नाबालिगों के बारे में आपत्तिजनक बोल होने के आरोप लगाए जाने के बाद गायक-गीतकार ने माफी मांगते हुए कहा कि इस गाने को सभी मंच से हटा लिया गया है।

अभी तो पार्टी शुरू हुई है और गेंदा फूल जैसे गानों के लिए प्रसिद्ध 40 वर्षीय बादशाह ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा किया। कहा, मेरा नया गीत रिलीज हुआ है और मैं देख रहा हूं कि इसके बोल और दृश्य प्रस्तुति ने खासकर हरियाणा के कई लोगों को दुख पहुंचाया है।

## सही समय आने पर बताऊंगा इस्तीफा देने का कारण: बोस

- पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल ने कहा- अभी इसे गोपनीय रखूंगा

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने सोच-समझकर पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था और इसका कारण उचित समय आने तक गोपनीय रखेंगे।

कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि वह अपना वोट डालने के लिए बंगाल आएंगे। केरल के मूल निवासी बोस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने से ठीक एक सप्ताह पहले ही बंगाल के मतदाता बने थे। बोस ने कहा, मैंने सोच-समझकर इस्तीफा देने का निर्णय लिया है, जिसके कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन और आदिवासी उत्पीड़न पर व्यक्त की गई चिंता पर टिप्पणी करने के लिए पूछे गए सवाल पर, बोस ने प्रतिक्रिया देने से परहेज किया।

पूर्व राज्यपाल बोस ने कहा, राष्ट्रपति बहुत अनुभवी, संतुलित और अत्यंत गरिमामय व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने जो कहा, उसके पीछे उनके कुछ कारण जरूर रहे होंगे। लेकिन राष्ट्रपति के कथन पर टिप्पणी करने का मुझे कोई अधिकार नहीं है।

# भारत-चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें : वांग

बीजिंग, एजेंसी



- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- आपसी विश्वास और सहयोग दोनों के लिए लाभकारी

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार और खतरे के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए।

वांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, 2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नई शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में सुधार किया। सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें खुशी हो रही है। इनसे दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।

### ब्रिक्स में एक-दूसरे का समर्थन करें दोनों देश

वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। भारत इस वर्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जबकि चीन 2027 में इसकी मेजबानी करेगा। दुनिया की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'ब्रिक्स' में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मूल सदस्य हैं, बाद में सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान को शामिल कर सदस्य देशों का विस्तार किया गया।

# जदयू में शामिल हुए नीतीश कुमार के बेटे निशांत

## पार्टी संगठन को मजबूत करने का एलान किया, बनाए जा सकते हैं उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इंजीनियरिंग में स्नातक निशांत को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल किया गया।

पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा, मेरे पिता ने राज्यसभा सदस्य बनने का फैसला लिया, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था। हम सभी इसका सम्मान करते हैं। हम उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। निशांत ने दावा किया कि बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्ष में राज्य के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा, राज्य की जनता कभी उनके द्वारा राज्य के विकास में किए गए योगदान को नहीं भूलेगी। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### परिवारवाद पर नीतीश की बातें ढकोसला : राजद

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परिवारवादी राजनीति पर जो बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे, वह सिर्फ ढकसोला थी। अहमद ने बयान जारी कर कहा कि नितीश कुमार को अपने पुत्र निशांत कुमार को स्थापित करने के लिए मौके की तलाश थी। इस बार उन्होंने अपने पुत्र को स्थापित करने के लिए खुद को राज्यसभा सदस्य का उम्मीदवार बना लिया और भाजपा से कुछ शर्तों के साथ समझौता करके विरासत की राजनीति को आगे बढ़ा दिया।

### कर्नाटक: छात्र ने सहपाठियों पर किया हमला, एक की मौत

**बल्लारी।** बल्लारी के एक निजी आवासीय विद्यालय में नौंवी कक्षा के एक छात्र ने हमला करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे को नुकीली वस्तु व लोहे की छड़ से घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात स्कूल के छात्रावास में घटी। मृतक लड़का आंध्र प्रदेश का निवासी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के पीछे के मकसद और उसमें इस्तेमाल किए गए हथियार का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आरोपी छात्र घटनास्थल से फरार हो गया, उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## कोझिकोड में महंगे जूते एक रुपये में बेचने पर उमड़ी भीड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में महंगे जूते मात्र एक रुपये में बेचने के एक दुकान के प्रचार अभियान के दौरान रविवार सुबह भारी भीड़ जुट गयी और पुलिस को इसे नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

वायरल विज्ञापनों से आकर्षित होकर सैकड़ों ग्राहक तड़के ही इलाके में उमड़ पड़े, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और यातायात बाधित हो गया। दुकानदार ने पहले 100 ग्राहकों को मात्र एक रुपये में जूते देने का विज्ञापन दिया था, जिसके बाद रात दो बजे से ही भीड़ जमा होने लगी थी। भीड़ इतनी थी कि दुकान की क्षमता से अधिक ग्राहक आ गए जिनमें बच्चे भी शामिल थे और वायनाड जैसे जिलों से भी लोग आए थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सेहत से संबंधित समस्या को हल्के में न लें।

**तुला** – आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। मनोनुकूल लाभ होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। समाज में ख्याति में वृद्धि होगी। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें।

**धनु** – आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य कम हो सकता है।

**कर्क** – आज सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**सिंह** – आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।


**कुंभ** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबंधन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्चपद मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा। पिकनिक का विचार बना सकते हैं।

**मीन** – आज घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 23 .27 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 16 .11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

### सुडोकू -83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

### दिल्ली-गोवा उड़ान में बीड़ी पी रहे यात्री पर केस दर्ज

**पणजी।** पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली-गोवा उड़ान के शौचालय में कथित तौर पर बीड़ी पीने के आरोप में एक विमान यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई जब दिल्ली निवासी आरोपी आशीष गोवा जाने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी-1625 में यात्रा कर रहा था। एयरलाइन ने अपनी शिकायत में कहा है कि उड़ान के दौरान यात्री ने विमान के शौचालय में बीड़ी पी और उसके पास एक लाइटर भी पाया गया।

विवाद

भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने की निंदा, माफी मांगने की मांग की

# राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर चौतरफा घिरी तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन राजनीति शुरू होने के साथ तृणमूल कांग्रेस चौतरफा घिर गई है। देश के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई संगठनों ने राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए इसे पूरे देश के साथ महिलाओं का अपमान बताया है, साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से राष्ट्रपति से माफी मांगने की मांग की है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। संथाल समुदाय से ताल्लुक रखने वाले माझी ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू का अभिनंदन तो दूर की बात है, न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उनका स्वागत करने गए। राष्ट्रपति का अपमान हर महिला और पूरे देश का अपमान है। माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को असंवेदनशील करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की सभी राजनीतिक दलों को एक स्वर में निंदा करनी चाहिए। यह लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पीड़ा का कारण बनने वाले इस प्रकरण ने पूरे देश के लोगों को दुखी कर दिया है। इससे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में खांडू ने कहा कि यह स्थिति विशेष रूप से दुखद है क्योंकि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समुदाय से आती हैं और उन्हें संथाल संस्कृति का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से निराशा व्यक्त करनी पड़ी।

### राष्ट्रपति के बहाने ओछी राजनीति कर रही है भाजपा : अभिषेक



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल कर रही है। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और केंद्र सरकार के प्रदर्शन पर बहस करने की चुनौती देते हुए भाजपा पर राष्ट्रपति पद को राजनीतिक मुद्दों में घसीटकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा, अगर भाजपा वास्तव में राष्ट्रपति का सम्मान करती है तो उन्हें नए संसद भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम और अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा में आमंत्रित क्यों नहीं किया। अभिषेक ने एक पुराने कार्यक्रम की तस्वीर का भी हवाला दिया जिसमें मुर्मू खड़ी हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी बैठे हुए हैं।



मैं बड़े भाषण देने या जोश भरी अपील करने वालों में से नहीं हूं। लेकिन यह कहना ठीक है कि यहां 1.4 अरब टीम इंडिया के प्रशंसक और बाकी सब के सामने हम थोड़े कम पड़ गए। लेकिन कोई बात नहीं, क्योंकि हमें पता है कि घर पर आपने हमारा समर्थन किया।
–मिचेल सैंटनर, न्यूजीलैंड के कप्तान


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

कानपुर नगर, सोमवार, 9 मार्च 2026


## हाईलाइट

### लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड ओपन में उपविजेता रहे

**बर्मिंघम।** लक्ष्य सेन ने पूरा जुझारूपन दिखाया लेकिन आल इंग्लैंड बैडमिंटन खिताब के लिये भारत का 25 साल का इंतजार खत्म नहीं कर सके और पुरूष एकल फाइनल में रविवार को चीनी ताइपै के लिन चुन यी से हार गए। चार साल पहले उपविजेता रहे लक्ष्य दूसरी बार आल इंग्लैंड फाइनल खेल रहे थे। अलमोड़ा के 24 वर्ष के इस खिलाड़ी को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 15.21, 20.22 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने बाद में कहा यह अच्छा मैच था। पहले गेम में वह बेहतर खेल रहा था पर मैं दूसरे में बेहतर वापसी कर सकता था। इस पूरे सप्ताह हालांकि अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं। मैच के बारे में सोचकर भावुक हो रहा हूं, पर बहुत कुछ सकारात्मक रहा। लिन आल इंग्लैंड पुरुष एकल खिताब जीतने वाले चीनी ताइपै के पहले खिलाड़ी बन गए।



### ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को रौंदा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन–रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया।

# भारतीय बल्लेबाजी का शानदार 'बुफे', कई लाजवाब पारियां

## सैमसन, अभिषेक, ईशान और शिवम ने कीवी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए टी-20 विश्व कप फाइनल का रिकॉर्ड स्कोर बनाया



**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाजों ने रविवार को ऐसी शानदार बल्लेबाजी का 'बुफे' पेश किया कि उसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनना मुश्किल हो गया। संजू सैमसन ने निडर अंदाज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 89 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने फॉर्म हासिल करते हुए 21 गेंदों में 52 रन जड़े जबकि भरोसेमंद ईशान किशन ने 54 रन बनाए। न्यूजीलैंड द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने फाइनल के अनुरूप आक्रामक बल्लेबाजी की। तीनों ने लगभग बिना किसी जोखिम वाली पारी खेली और उनके बल्ले से निकला लगभग हर शॉट बेहतरीन साबित हुआ।

पावरप्ले में ही मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा दिखने लगा, जब सलामी बल्लेबाज सैमसन और शर्मा ने छह ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन जोड़ दिए। यह टी20 में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी रही। मैच के 10 ओवर तक भारत का स्कोर एक विकेट 127 रन था। 15 ओवर पूरे होने तक भारत एक विकेट पर 203 रन तक पहुंच चुका था और विशाल स्कोर की संभावना साफ दिख रही थी। भारत ने 20 ओवर में 255 रन बना लिए जो टी20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान शिवम दुबे ने भी आठ गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली। सैमसन एक बार फिर 89 रन पर आउट हो गए, ठीक वैसे ही जैसे वह सेमीफाइनल में हुए थे। वह 16वें ओवर की पहली गेंद पर पवेलियन लौटे। इसी ओवर में किशन भी आउट हो गए और कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसमें आठ छक्के और पांच चौके शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 194 रहा। इससे पहले शर्मा ने अपनी 21 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। शर्मा के आउट होने से पहले उन्होंने सैमसन के साथ 43 गेंदों में 98 रन की साझेदारी की। इसके बाद किशन क्रीज पर आए और उन्होंने सैमसन के साथ 48 गेंदों में 105 रन की साझेदारी की। सैमसन की बल्लेबाजी की आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह हर 3.5 गेंद में एक बाउंड्री लगा रहे थे। उन्होंने जिन गेंदों का सामना किया, उनमें से लगभग तीन-चौथाई गेंदें चौके या छक्के में बदलीं। उन्होंने थर्ड मैन, लांग लेग, स्क्वायर लेग, कवर और सीधे पिच के ऊपर से छक्के लगाए।



जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### टी-20 विश्व कप विजेता की सूची

| वर्ष | विजेता | उप-विजेता | मेजबान |
|---|---|---|---|
| 2026 | भारत | न्यूजीलैंड | भारत |
| 2024 | भारत | दक्षिण अफ्रीका | वेस्टइंडीज/यूएसए |
| 2022 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड | यूएई/ओमान |
| 2016 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | भारत |
| 2014 | श्रीलंका | भारत | बांग्लादेश |
| 2012 | वेस्टइंडीज | श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2010 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2009 | पाकिस्तान | श्रीलंका | इंग्लैंड |
| 2007 | भारत | पाकिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |

- भारत की पूरे टूर्नामेंट में पहली ओपनिंग अर्धशतकीय साझेदारी हुई।
- अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया।
- पावर प्ले में भारतीय टीम ने टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर 92/1 बनाया।
- 10 ओवर में भारत ने एक विकेट पर बन गए थे 127 रन।
- संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 28 छक्के जड़े।
- ईशान किशन ने 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया।
- 15 ओवर में 200 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था।
- भारतीय टीम ने 19 चौके और 18 छक्के लगाए।
- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

### भारत

**255/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का मैकोंची बो नीशाम | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो नीशाम | 54 |
| हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 |
| सूर्यकुमार का रविंद्र बो नीशाम | 00 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0-42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0-32-1, नीशाम 4-0-46-3

### न्यूजीलैंड

**159/10** (19 ओवर)

| | |
|---|---|
| टिम सीफर्ट का ईशान बो वरुण | 52 |
| फिन एलेन का तिलक बो पटेल | 09 |
| रचिन रविंद्र का ईशान बो बुमराह | 01 |
| ग्लेन फिलिप्स बो पटेल | 05 |
| मार्क चैपमैन बो पंड्या | 03 |
| डेरिल मिचेल का ईशान बो पटेल | 17 |
| मिचेल सेंटनेर बो बुमराह | 43 |
| जेम्स नीशाम बो बुमराह | 08 |
| मैट हेनरी बो बुमराह | 00 |
| लॉकी फर्ग्यूसन नाबाद | 06 |
| जैकब डफी का तिलक बो अभिषेक | 03 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-32-0, पंड्या 4-0-36-1, पटेल 3-0-27-3, बुमराह 4-0-15-4, वरुण 3-0-39-1, अभिषेक 1-0-5-1

# कप्तान सूर्यकुमार ने आलोचकों को गलत साबित किया

**अहमदाबाद, एजेंसी**



तिलक वर्मा ने जैसे ही जैकब डफी का कैच लपककर टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत पर मुहर लगाई, कप्तान सूर्यकुमार यादव के चेहरे पर एक शरारती मुस्कान दौड़ गई। कई मिथक तोड़कर मिली खिताबी जीत की मुस्कान।

यह मुस्कान उस कप्तान की थी जिसने बतौर बल्लेबाज खराब प्रदर्शन के लिये आलोचना झेलने के बावजूद खिताबी जीत दिलाकर आलोचकों का मुंह बंद किया। वैसे जीत हो या हार, सूर्यकुमार भावनाओं पर काबू रखना बखूबी जानते हैं। विश्व कप से पहले द्विपक्षीय सीरीज में न्यूजीलैंड से मिली हार और पिछले दो साल में बड़ी पारी नहीं खेलने के कारण आलोचना से सूर्यकुमार पर भारी दबाव था। उनसे पहले अपनी सरजमीं पर सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी ने भारत को 2011 में वनडे विश्व कप दिलाया था। कपिल देव (1987) और रोहित शर्मा (2023) भारत में विश्व कप नहीं जीत सके थे। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने 2024 में वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीता था। सूर्यकुमार की मुंबई के ही रोहित से तुलना लाजमी थी। लेकिन सूर्यकुमार का एक ही मंत्र था कि दबाव नहीं लेने का। टूर्नामेंट के दौरान उनकी प्रेस कांफ्रेंस में यह साफ था। चाहे अभिषेक शर्मा को लेकर सवाल हो या कुलदीप यादव के बारे में, उन्होंने चुटीले जवाब मुस्कुराते हुए दिए।

सूर्यकुमार ने टीम में भी कभी सूर्या दादा यानी बड़ा भाई बनने की कोशिश नहीं की बल्कि सभी को अपना रास्ता खुद बनाने की आजादी दी। उन्होंने फाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा था मैं कप्तान बनने के पांच छह महीने के भीतर टीम को समझने लगा और जुड़ने लगा। फिर मुझे लगा कि बड़ा भाई या पिता बनने की जरूरत नहीं है। उन्हें खुद अपना रास्ता तय करने की आजादी देनी चाहिए। यह रोहित की शैली से बिल्कुल अलग था जो गलत होने पर डांटने से नहीं हिचकिचाते थे। लेकिन सूर्यकुमार ने कहा मैने रोहित के साथ काफी क्रिकेट खेली है। मैने उन्हीं चीजों को अपने तरीके से अपनाया। अपनी बल्लेबाजी, कप्तानी और भाव भंगिमा, सभी में सूर्यकुमार अलग हैं।

### जब खुद पर शक होने लगा था तब कप्तान और कोच को मुझ पर भरोसा था : अभिषेक

अहमदाबाद, एजेंसी : विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को भारतीय टीम प्रबंधन का धन्यवाद किया जिन्होंने टी20 विश्व कप के दौरान उनके खराब प्रदर्शन के बावजूद उन पर पूरा भरोसा बनाए रखा जबकि एक समय उन्हें खुद अपनी क्षमता पर संदेह होने लगा था। फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अभिषेक ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 21 गेंद में 52 रन बनाए और संजू सैमसन के साथ मिलकर भारत को तेज शुरुआत दिलाई जिससे टीम ने पांच विकेट पर 255 रन का बड़ा स्कोर बनाया और 96 रन से जीत दर्ज करते हुए आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बन गई। मैच के बाद अभिषेक ने कहा, एक बात बिल्कुल साफ थी, जिसे मैं पहले भी साझा करना चाहता था, लेकिन आज सबसे सही दिन है।



नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला देखने के लिए दर्शकों का अपार जनसमूह एकत्र हुआ। एजेंसी

### मोटेरा पर मिले पुराने जख्मों पर मरहम लगा गई ये जीत

**अहमदाबाद।** 19 नवंबर 2023 को इसी मैदान पर वनडे विश्व कप फाइनल हारने के बाद मैदान से बाहर जाते हुए मायूस रोहित शर्मा की ही नहीं बल्कि पूरे देश की आंखें नम थी लेकिन मोटेरा पर मिले उन जख्मों पर सूर्यकुमार यादव की इस टीम की खिताबी जीत ने आज मरहम लगा दिया।

भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता। लेकिन 2023 में एक दिवसीय प्रारूप के विश्व कप में लगातार दस मैच जीतकर फाइनल में पहुंची रोहित की भारतीय टीम को फाइनल में आस्ट्रेलिया ने हराया था तब दुनिया के सबसे बड़े इस स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में सन्नाटा छा गया था। फाइनल से पहले अपराजेय रही भारतीय टीम की हार से रोहित ही नहीं, पूरा देश स्तब्ध था। रोहित अपने आंसुओं को छिपाते हुए मैदान से बाहर गए थे।

# पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने मचाई धूम

**अहमदाबाद, एजेंसी**

दुनिया भर में मशहूर पॉप आइकन और दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी मार्टिन ने रविवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल से पहले आयोजित समापन समारोह में अपने हिट गाने 'लिविन ला विदा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' से मंच पर धूम मचा दी।

मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीनों गायकों ने मिलकर संगीत का शानदार माहौल बनाया। 'प्रिंस ऑफ भांगड़ा' के नाम से मशहूर सुखबीर ने अपने डांस ट्रूप के साथ अपने लोकप्रिय पंजाबी गीत 'ओ हो हो हो - ओ हो हो हो' सहित कई हिट गाने प्रस्तुत किए। वहीं 'डांडिया क्वीन' के नाम से मशहूर फाल्गुनी पाठक ने लगभग 50 डांसरों के साथ गुजराती लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। लैटिनो गायक-गीतकार मार्टिन ने अपनी प्रस्तुति का समापन अपने सबसे बड़े हिट गाने 'मारिया' और 'ला कोपा डि ला विदा' के साथ किया।



संगारंग कार्यक्रम के दौरान सिंगर रिकी मार्टिन। एजेंसी



**नाराजगी**

**डिकॉक और मिलर ने आईसीसी की आलोचना की, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने पर उठाए सवाल**

# अजीब है कि कुछ टीम का असर अन्य से अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**





क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं।

बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। पिछले रविवार को ईडन गार्डन्स में भारत से पांच विकेट से हारने के बाद वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप से बाहर हो गया जबकि बुधवार को कोलकाता में पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के साथ दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी खत्म हो गया। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इसके रविवार को रवाना होने की संभावना है।

डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं। अजीब है कि अलग-अलग टीम का दूसरों से अधिक असर होता है। टीम के डिकॉक के साथी मिलर ने भी निराशा जताई। मिलर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो की एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लिखा मजेदार बात यह है कि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड बाहर हुआ और आज रात चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश वापस लौट गया जबकि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अब भी कोलकाता में जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य कोच डेरेन सैमी ने भी इस मामले पर अपनी राय दी। सैमी ने लिखा डेविड मिलर पीछे बैठे लोगों को सुनाने के लिए थोड़ा जोर से बोलो।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने के आईसीसी के फैसले पर सवाल उठाया। वॉन ने एक्स पर लिखातो इंग्लैंड बृहस्पतिवार को बाहर हो गया। आज चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश रवाना। वेस्टइंडीज पिछले रविवार को बाहर हो गया और अब भी कोलकाता में है.. दक्षिण अफ्रीका की भी यही स्थिति है। यहीं पर ताकत पूरी तरह से गलत है।

### आईसीसी ने दोहा बैठक स्थगित की

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर पर बातचीत होनी थी।